आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926
जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्याः जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 24 : अंक 01 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

जयपुर, शुक्रवार, 02 अक्टूबर , 2026

www.Lokvarta.net

## संक्षिप्त खबरें

### एसआईआर में गड़बड़ी पर कर्नाटक सीएम धरने पर बैठ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार गुरुवार को राज्य चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने एसआईआर में गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि फॉर्म 7 के दुरुपयोग में शामिल लोगों के खिलाफ जब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी, तब तक वे वहां से नहीं हटेंगे।उनका कहना है कि स्ढ्ढक्र में गड़बड़ियों के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज की जाए। इससे पहले उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि 45 लाख से ज्यादा वोटरों के नामों में गड़बड़ियां सामने आई हैं। इसमें भाजपा के लोग शामिल हैं। राज्य सरकारें या उनकी पुलिस चुनाव आयुक्तों पर उनके सरकारी काम को लेकर सीधे केस दर्ज नहीं कर सकती हैं।

### देश में प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने लॉन्च किया 'नेशनल पीएनजी ड्राइव 3.0'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को नेशनल पीएनजी ड्राइव 3.0 का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य देश में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के उपयोग को तेज गति से बढ़ाना और भारत के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा लगभग 6 प्रतिशत से अधिक करने के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है। यह अभियान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू किया गया। यह 1 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक चलाया जाएगा और इसमें पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, पीएनजीआरबी, सिटी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियां, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां और अन्य हितधारक भागीदारी करेंगे।

### राजस्थान में दुकानदार आज नहीं लेंगे यूपीआई पेमेंट

**जयपुर।** यूपीआई पेमेंट पर 15 अक्टूबर से एमडीआर शुल्क के विरोध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने 2 और 15 अक्टूबर को देशभर में 'नो यूपीआई डे' का ऐलान किया है। इस दौरान आंदोलन में शामिल दुकानदार यूपीआई से भुगतान स्वीकार नहीं करेंगे। बीयूवीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि यूपीआई पर प्रस्तावित एमडीआर शुल्क के विरोध में बुधवार को देशभर के करीब 17 राज्यों के व्यापारिक प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई। इसमें तय किया गया कि 2 अक्टूबर को देशभर में 'नो यूपीआई डे' मनाकर आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। इसके बाद 10 अक्टूबर को स्थानीय स्तर पर धरना-प्रदर्शन और 15 अक्टूबर को फिर 'नो यूपीआई डे' मनाया जाएगा।

### पटेला री पोल

पटाखों पर रोक नहीं, पर चौबीस घंटे यह नहीं खेल
सुप्रीम कोर्ट रोक लगा देता, लाखों का निकल जाता तेल
आस्था मनोरंजन यह दोनों, पर रखो इसकी सीमा तय
किसी को परेशानी ना हो, उपयोग करने में रखो भय

..मुखिया जी

## 1277 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

# शेखावाटी में यमुना के पानी का दशकों का इंतजार खत्म-भजनलाल शर्मा

**राज्य सरकार कर रही हर वादे को पूरा, संकल्प पत्र के 78 प्रतिशत वादे पूरे**




**फतेहपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शेखावाटी में यमुना के पानी का दशकों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। 34 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत की यमुना जल परियोजना के अंतर्गततीन पाइपलाइनों से हथिनीकुंड बैराज से सीकर, चूरू, झुंझुनूं और आसपास के क्षेत्रों तक पेयजल लाया जाएगा जिससे यह क्षेत्र खुशहाल और समृद्ध होंगे। अपर यमुना बेसिन में रेणुका, लखवार और किशाऊ बांधसे राजस्थान के हिस्से का पानी गैर-मानसून अवधि में भी लगातार आता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज हंसियावास जलाशय परिसर में 800 करोड़ रुपये की लागत के कृत्रिम जलाशय का शिलान्यास शेखावाटी में यमुना जल लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका काम जल्द ही शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री गुरूवार को फतेहपुर में सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा ही प्रभु सेवा के अन्तर्गत चूरू, झुंझुनूं एवं सीकर जिलों के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार अभूतपूर्व काम कर रही है।उनके मार्गदर्शन में दशकों से लंबित परियोजनाओं को गति मिल रही है। देशभर में 10 अंतर-राज्यीय जल समझौतों का समाधान हुआ है। जिसमेंराज्य से जुड़ी रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, नर्मदा जल से संबंधित समझौता और किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना शामिल है। इसके अलावा प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत 15 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध करवाया गया है।

### गांव-वार्डों की समग्र योजना में सुविधाओं और सेवाओं का विस्तार

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 4 लाख सरकारी भर्तियों का संकल्प लिया गया है। इसमें से अब तक 1 लाख 89 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति यां दी जा चुकी हैं। 1 लाख 22 हजार पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्र याधीन हैं। सवा लाख पदों के लिए भर्तीकैलेण्डर जारी किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नेगांव और वार्डों के विकास के लिए समग्र योजना बनाई है। इसके अंतर्गत सुविधाओं एवं सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। गांवों में अटल ज्ञान केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण परिवेश के छात्रों को ई-लाइब्रेरी और ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। वहीं, डेयरी और रोडवेज जैसे विभाग घाटे से उबर कर मुनाफे में आ रहे हैं।

**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 3 लाख 82 हजार आवास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसान, मजदूर, महिला और युवा के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 लाख 82 हजार आवास बनाए जा चुके हैं और 4 लाख 53 हजार आवासों का निर्माण प्रगतिरत है।सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में निरंतर बढ़ोतरी भी की जा रही है। वहीं, प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। अब तक साढ़े 18 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

## यूपीएससी के 100 साल

# विकसित भारत के लिए जिस तरह की गवर्नेंस चाहिए उसका माध्यम यूपीएससी है-मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि विकसित भारत के लिए जिस तरह की गवर्नेंस चाहिए उसका माध्यम यूपीएससी है। इसमें भर्ती होने वाले युवाओं की 2 कसौटी होनी चाहिए। पहली नेशन फर्स्ट और दूसरी सिटिजंस फर्स्ट। पीएम मोदी संघ लोक सेवा आयोग के 100 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में भारत मंडपम पहुंचे। उन्होंने आयोग से जुड़े 100 ऐतिहासिक फैसलों पर आधारित किताब का लोकार्पण किया। साथ ही शताब्दी स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट भी जारी की। मोदी ने फ्लाई दुबई फ्लाइट को क्रैश से बचाने वाले पायलट स्मित मच्छर का जिक्र कर कहा कि भारतीय पायलट ने 9/11 होने से बचा लिया। मोदी ने कहा- आज मेरी उनके माता-पिता से बात हुई। आज पूरी दुनिया उन पर गर्व कर रही है। यूपीएससी हर साल इंजीनियरिंग, मेडिकल, डिफेंस समेत करीब 250 भर्ती परीक्षाएं कराता है। संस्था के पहले अध्यक्ष सर रॉस बार्कर (1926-32) थे। 100 के इतिहास में इसका नाम दो बार बदल चुका है। 1926 में नाम पब्लिक सर्विस कमीशन था, फिर 1937 में नाम फेडरल पब्लिक सर्विस कमीशन किया गया।

# महाराष्ट्र के रायगढ़ में पिकनिक पर गए 8 छात्र डूबे



**पुणे।** महाराष्ट्र के रायगढ़ में दिवेआगर बीच पर गुरुवार को 8 छात्रों की डूबने से मौत हो गई। सभी छात्रों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, 48 लोगों का एक ग्रुप पिकनिक के लिए पुणे से आया था। इनमें से 8 स्टूडेंट समंदर के पानी में उतरे, गहराई का अंदाजा न होने के कारण डूब गए। मरने वाले सभी छात्र लड़के हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुणे के आलंदी इलाके से 48 लोगों का एक ग्रुप दिवेआगर घूमने आए थे। पुलिस ने बताया कि 11वीं और 12वीं के छात्र 'विनर्स एकेडमी' के थे। वे मुंबई से लगभग 170 किमी. दूर रायगढ़ के दिवेआगर बीच आए थे। ग्रुप में 25 लड़के, 17 लड़कियां और 6 टीचर शामिल थे। कुछ छात्र समुद्र में चले गए और पानी की गहराई और बहाव का अंदाजा न लगा पाने के कारण डूब गए। सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची और शवों को बरामद किया। दिवेआगर बीच महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के श्रीवर्धन तालुका में अरब सागर के किनारे स्थित है।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के मामले में मध्य प्रदेश सरकार फेल-राहुल गांधी



**बालाघाट ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में कुपोषण और बीमारियों से जान गंवाने वाले आदिवासी बच्चों के परिवार से मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य सरकार के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के मामले में पूरी तरह फेल होने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने आदिवासियों से वादा किया है कि वह उनकी समस्याओं को लोकसभा में उठाएंगे।




## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मुख्यमंत्री का संवाद

# वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव, आशीर्वाद और मार्गदर्शन अमूल्य धरोहर-मुख्यमंत्री





**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सभी पीढ़ियों की सहभागिता से ही सशक्त और संवेदनशील समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि युवाओं के पास नई ऊर्जा और विचार हैं तो वरिष्ठ पीढ़ी के पास अनुभव और जीवन की गहरी समझ है। उन्होंने कहा कि युवा ऊर्जा और वरिष्ठजनों का अनुभव साथ चलें तो समाज की प्रगति और राष्ट्र की शक्ति और अधिक सुदृढ़ होती है।

वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव, जीवन-संघर्ष और मार्गदर्शन समाज तथा राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। मुख्यमंत्री गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धजनों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वृद्धजन पिछले 75-80 वर्षों में विज्ञान, विकास, खानपान, पहनावे, सामाजिक जीवन और सांस्कृतिक मूल्यों सहित प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन के प्रत्यक्ष साक्षी रहे हैं। उनके अनुभवों का लाभ युवा पीढ़ी को मिले और नई पीढ़ी अतीत के संघर्षों एवं अनुभवों को समझे। उनके जीवन में संघर्ष की कहानी, सफलता के अनुभव, कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता और आने वाली पीढ़ियों को दिशा देने वाला जीवन-ज्ञान है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के चरणों में स्वर्ग है और उनकी सेवा का फल दुनिया की कोई ताकत नहीं दे सकती। युवाओं से आह्वान किया कि वे माता-पिता एवं वरिष्ठजनों की सेवा करें, क्योंकि उनका आशीर्वाद जीवन में अमूल्य होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और आत्म निर्भरता सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में लगभग 91 लाख लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन में हर महीने 1100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा रही है। इसके अतिरिक्त वृद्धजनों को चिकित्सा, शिक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 53 वृद्धाश्रम तथा 7 संत श्रवण कुमार कल्याण सेवा आश्रम संचालित किए जा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण व सामाजिक जीवन के लिए 36 मुख्यमंत्री पुनवास गृह और 17 स्वयंसिद्धा आश्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# रबी फसल बुवाई पूर्व अंबेडकर सामुदायिक भवन आंधी में किसान गोष्ठी का आयोजन

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** रबी मौसम की शुरुआत से पहले किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीजों और संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार दिनांक 1 अक्टूबर को अंबेडकर सामुदायिक भवन आंधी में एक दिवसीय 'रबी फसल बुवाई पूर्व किसान गोष्ठी'का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित कृषि अधिकारियों व विषय विशेषज्ञों ने किसानों से सीधा संवाद करते हुए आगामी रबी सत्र में लागत घटाकर पैदावार बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय साझा किए। किसान गोष्ठी में करीब 100 किसानों ने भाग लिया। सहायक कृषि अधिकारी कमल किशोर शर्मा ने किसान गोष्ठी का शुभारंभ किया और किसानों को मिट्टी की जांच और खेत की तैयारी और किसी भी फसल की बुवाई से पहले खेत की मिट्टी की जांच कराना सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम है। मिट्टी में पोषक तत्वों की वास्तविक स्थिति के अनुसार ही खाद व उर्वरक का प्रयोग करें, ताकि अनावश्यक खर्च से बचा जा सके। वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक प्रकाश चंद्र गुर्जर ने ?रबी बुवाई से पूर्व खेत की उचित जुताई करें ताकि हानिकारक कीटों के अंडे और रोगों के रोगाणु धूप लगने से नष्ट हो जाएं।



वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक मनीष कुमार शर्मा ने बताया कि स्वस्थ फसल की नींव उत्तम बीज पर टिकी होती है। इस हेतु प्रमाणित किस्म, क्षेत्रीय जलवायु के अनुकूल गेहूं (जैसे डीबीडब्ल्यू 187, डीबीडब्ल्यू 303), चना, सरसों की उच्च उपज देने वाली और रोग-रोधी किस्मों का चयन करें। साथ ही बीज उपचार हेतु बुवाई से पहले बीजों का फफूंदनाशी (जैसे कार्बेन्डाजिम/थायरम) और उसके बाद उपयुक्त राइजोबियम या पीएसबी कल्चर से उपचार अवश्य करें। इससे जड़ गलन, उकठा (विल्ट) जैसे रोगों से सुरक्षा मिलती है। वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक मक्खन लाल जाट ने संतुलित उर्वरक और जैविक विकल्पों का समन्वय के लिए रासायनिक खादों के असंतुलित उपयोग से बचने की सलाह दी। संतुलित अनुपात में यूरिया का अत्यधिक प्रयोग फसल को कमजोर बनाता है। फॉस्फोरस, पोटाश और जिंक जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों का संतुलित प्रयोग करें। डीएपी की उपलब्धता या लागत की स्थिति में एसएसपी और यूरिया का संयोजन एक सस्ता और बेहतर विकल्प है, क्योंकि एसएसपी से सल्फर भी मिलता है जो तिलहनी फसलों (सरसों) के लिए बेहद जरूरी है। सहायक कृषि अधिकारी उद्यान गौरी शंकर गुर्जर ने जल प्रबंधन और आधुनिक सिंचाई विधिया व सिंचाई प्रबंधन पर व्याख्यान देते हुए पानी की हर बूंद का सदुपयोग करने का आह्वान किया और बताया कि चना और सरसों जैसी फसलों में स्प्रिंकलर (फव्वारा) विधि से सिंचाई करने से 30 से 40 प्रतिशत पानी की बचत होती है और फसल गिरती नहीं है। गोष्ठी के समापन सत्र में अधिकारियों ने किसानों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि यंत्रीकरण अनुदान और किसान क्रेडिट कार्ड (चष्टष्ट) की प्रक्रियाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव भी साझा किए, जिससे अन्य किसानों को आधुनिक कृषि अपनाने की नई प्रेरणा मिली। किसान गोष्ठी में कृषि पर्यवेक्षक हंसा मीणा एवं कृषि पर्यवेक्षक रामसिंह जीतरवाल, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कोऑर्डिनेटर रामसिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## 5 अक्टूबर को होगी जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** जिला परिषद अलवर की साधारण सभा की बैठक 5 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:30 बजे जिला परिषद अलवर के सभागार में जिला प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही के अनुमोदन के साथ विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पशुपालन विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की योजनाओं एवं प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में राज्य वित्त आयोग पंचम की वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना के अनुमोदन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को बैठक में आवश्यक जानकारी एवं अनुपालना रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### पीएम श्री राउमावि विद्यालय जमवारामगढ़ में एनएसएस शिविर का आयोजन

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमवारामगढ़ में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कक्षा 11वीं और 12वीं के चयनित स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य गिरधारी लाल मीणा ने शिविर का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को समाजसेवा, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश शिवरान ने एनएसएस के उद्देश्यों, कर्तव्यों और सेवा कार्यों की जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने विद्यालय, छात्रावास और आसपास के पार्क में श्रमदान कर साफ-सफाई की। इसके बाद वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए। समापन पर स्वयंसेवकों को अल्पाहार कराया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य रोशना मीणा, वाइस प्रिंसिपल जगदीश नारायण मीणा, संजीव मीणा,रामकिशन मीणा सुनीता रानी, संतोष मीणा, धर्मवीर शांडिल्य एवं मूलचंद मीणा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



### आज आयोजित किया जाएगा जिला स्तरीय रोजगार उत्सव एवं पंचायतीराज जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं संवाद

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार एवं सरकारी सेवाओं से जोड़ने तथा नव नियुक्त कार्मिकों के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से 2 अक्टूबर को जिला स्तरीय रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 1 बजे आयोजित होगा एवं पंचायतीराज जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं संवाद का आयोजन प्रातः 11:30 से किया जाएगा ।

**व्यापार महासंघ ने नवनिर्वाचित पालिका बोर्ड का किया अभिनंदन**

### व्यापारियों ने रखीं प्रमुख मांगें, पालिका अध्यक्ष ने प्रथम सभा में प्रस्ताव रखने का दिया भरोसा

**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** व्यापार महासंघ फुलेरा की ओर से नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष राजू दाधीच, उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह शेखावत सहित सभी पार्षदों के स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन गुरुवार को जोबनेर रोड स्थित मां मीरा गार्डन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फुलेरा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत रहे। इस दौरान सभी पार्षदों का साफा, माला एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। फुलेरा व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने पालिका अध्यक्ष के समक्ष व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न प्रमुख मांगें रखीं। इनमें व्यापार महासंघ द्वारा बाजारों के किए गए नामकरण के अनुसार हाई गेट्री बोर्ड लगवाना, नई होलसेल सब्जी मंडी स्थापित करवाना, राज बाजार के लिए रास्ता उपलब्ध करवाकर बाजार को पुनः व्यवस्थित करवाना तथा अजमेरी गेट अंडरपास का कार्य शीघ्र पूरा करवाना प्रमुख रूप से शामिल रहा ।कार्यक्रम में फुलेरा की पेयजल व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने बताया कि पेयजल योजना के तहत फुलेरा में बीसलपुर का नया पंप स्थापित करवाने के लिए 6 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। साथ ही ठेले व्यवसायियों को व्यवस्थित करने तथा पालिका के विकास कार्यों में व्यापार महासंघ की ओर से हरसंभव सहयोग किए जाने की बात कही गई। पालिका अध्यक्ष राजू दाधीच ने व्यापार महासंघ को आश्वस्त किया कि महासंघ की प्रमुख मांगों को बोर्ड की प्रथम सभा में रखा जाएगा तथा उन्हें स्वीकृत करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अजमेरी गेट अंडरपास के कार्य को लेकर रेल विभाग से समन्वय करने तथा रेलवे परिसर में सफाई व्यवस्था करवाने का भी भरोसा दिलाया।



### आंधी थाना पुलिस को मिली बडी सफलता- केबल चोरों व चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को किया गिरफ्तार

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** आंधी थाना पुलिस ने एक बडी सफलता हासिल करते हुए केबल व ट्रांसफार्मर चोरी करने के मामले में दो केबल चोरों काल्यो उर्फ छुट्टन पुत्र बन्ना फोजी बावरिया उम्र 21 साल निवासी ट्रक यूनियन के पास दोसा व अशोक उर्फ जफरिया पुत्र कैलाश बावरिया उम्र 19 साल निवासी हरिपुरा गैस गोदाम के पास वार्ड नंबर एक दोसा, हाल निवासी मोडा का बालाजी ट्रांसपोर्ट नगर दोसा के पास व चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी निरंजन बंजारा उर्फ गुन्ना उर्फ कालू पुत्र धारासिंह बंजारा उम्र 28 साल निवासी नेकपुर थाना उच्चेन जिला भरतपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने केबल चोरी की 7, ट्रांसफार्मर चोरी की एक व अन्य वारदातों को अंजाम देना कबूला है। पुलिस ने आरोपियों के पास केबल जलाकर निकालें गए 3 किलोग्राम तांबे के तार भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीणा ने जानकारी देते हुए बताया है कि परिवादी भागचंद शर्मा पुत्र रामकरण शर्मा जाति हरियाणा ब्राह्मण उम्र 32 साल निवासी सायपुर थाना आँधी जिला जयपुर ने पुलिस थाना आंधी पर रिपोर्ट दर्ज करवायी कि उसके व उसके परिवारजनों के आधा दर्जन बोरिंगों से अज्ञात चोर बिजली की केबिल काटकर ले गये हैं। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 107/2026 दिनांक 31.07.2026 में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। **प्रकरण में चोरी की वारदात का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने व चोरी की**-घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा लाखन सिंह व सी ओ वृत्त जमवारामगढ रामकिशन विश्नोई के निकटतम सुपरविजन में तथा थानाधिकारी आंधी राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में थाना स्तर व वृत्त स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा चोरी व नकबजनी के पूर्व चालान शुदा अपराधियों व संदिग्धो से पूछताछ की गई।



## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शतायु मतदाताओं का सम्मान

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन (1 अक्टूबर) दिवस के अवसर पर गुरूवार को जिले भर में शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया। लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था, निष्ठा एवं निरंतर सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए शतायु मतदाताओं को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रेषित शुभकामना पत्र भेंट किए गए। इस अवसर पर उन्हें माल्यार्पण कर बैज लगाए गए तथा उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर श्रीगंगानगर उपखण्ड अधिकारी नयन गौतम भाग संख्या 25 में शतायु मतदाता देवकी पत्नी दानेन्द्र के निवास पर पहुंचे। उन्होंने देवकी का माल्यार्पण कर बैज लगाया तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की ओर से प्रेषित शुभकामना पत्र भेंट किया। इस अवसर पर जिला स्वीप समन्वयक रमन कुमार असीजा, बीएलओ मुकेश, वेद प्रकाश, जयंत बेरड़, ललित चौधरी, रामलाल हुड्डा, रवि बिश्नोई सहित मोहल्लावासी उपस्थित रहे। उपखण्ड अधिकारी नयन गौतम ने उपस्थित मतदाताओं से लोकतंत्र की शुचिता एवं मजबूती के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शतायु मतदाताओं का लोकतांत्रिक व्यवस्था में निरंतर विश्वास और सहभागिता नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। परिजनों ने सम्मान कार्यक्रम के लिए निर्वाचन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आम मतदाताओं में निर्वाचन विभाग के प्रति विश्वास और निष्ठा को बढ़ावा देते हैं।

## 38 की उम्र में रचा सफलता का इतिहास, नौसेना से RAS तक पहुंचे कोटड़ी के खेम राज मीना

**गंगापुर सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** गंगापुर सिटी में अंतर्गत तहसील तलावड़ा के गांव कोटड़ी के निवासी एवं समाजसेवी कमल चंद मीना के सुपुत्र खेम राज मीना को राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) 2024 में नियुक्ति मिली है। इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरा गांव कोटड़ी और तलावड़ा ग्राम पंचायत खुशी में खुशी की लहर हैं। खेम राज जी ने 2006 में गंगापुर सिटी से 12ञ्ज॥ पास करने के बाद 18 वर्ष की उम्र में भारतीय नौसेना में सेवा ज्वाइन करी । 15 वर्षों तक देश की गौरवपूर्ण सेवा करने के बाद खेम राज मीना जुलाई 2022 में गोवा से सेवानिवृत्ति ली। सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद उन्होंने राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ सेवाओं की तैयारी शुरू कर दी। लगन और मेहनत का परिणाम यह रहा कि वर्ष 2025 में उन्हें संगणक, हॉस्टल



सुपरिंटेंडेंट तथा कनिष्ठ लेखाकार के पदों पर चयन मिला। जनवरी 2025 में उन्होंने राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा में कार्यग्रहण किया और वर्तमान में वे पंचायती राज आयुक्तालय, जयपुर में कार्यरत हैं। अब आरएएस-2024 के सेवा आवंटन में उन्हें नियुक्ति दी गई है।

इस सफलता से गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। खेम राज मीना ने अपनी प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय दादाजी मीठालाल मीना को एवं पिता कमल चंद मीना और उनकी मां भरोसी देवी को बताया तथा सफलता का श्रेय पिछले चार वर्षों में उनकी पत्नी सोनम मीना, छोटे भाई भीम सिंह एवं विजय, बेटे कार्णिक और पूरे परिवार द्वारा दिए गए अटूट सहयोग को दिया है। यह उपलब्धि न केवल एक सैनिक की लगन और परिवार के समर्थन का प्रमाण है, बल्कि एक किसान परिवार से आने वाले और 38 वर्ष की उम्र में दोबारा पढ़ाई करके चयन लेना ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गई है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2027-28 के लिए रबी फसलों के एमएसपी को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सीजन 2027-28 के लिए सभी अधिदेशित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में विपणन सीजन 2027-28 के लिए वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि कुसुम के लिए घोषित की गई है, जो 675 रुपये प्रति क्विंटल है। इसके बाद रेपसीड और सरसों के लिए 413 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। मसूर, जौ, चना और गेहूं के लिए क्रमशः 390 रुपये प्रति क्विंटल, 136 रुपये प्रति क्विंटल, 83 रुपये प्रति क्विंटल और 25 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इसमें सभी भुगतान की गई लागतें शामिल हैं, जैसे कि किराए पर लिए गए मानव श्रम, बैल श्रम/मशीन श्रम, पट्टे पर ली गई भूमि के लिए भुगतान किया गया किराया, बीज, उर्वरक, खाद जैसी सामग्री के उपयोग पर होने वाले खर्च, सिंचाई शुल्क, औजारों और कृषि भवनों पर मूल्यह्रास, कार्यशील पूंजी पर ब्याज, पंप सेट के संचालन के लिए डीजल/बिजली आदि, विविध खर्च और पारिवारिक श्रम का अनुमानित मूल्य। विपणन सीजन 2027-28 के लिए अधिदेशित रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 में एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना पर निर्धारित करने की घोषणा के अनुरूप है।

अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर अपेक्षित मार्जिन गेहूं के लिए 106 प्रतिशत, उसके बाद सरसों और रेपसीड के लिए 96 प्रतिशत; मसूर के लिए 92 प्रतिशत; चना के लिए 59 प्रतिशत; जौ के लिए 58 प्रतिशत; और कुसुम के लिए 50 प्रतिशत है। रबी फसलों के इस बढ़े हुए एमएसपी से किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा।

## जारौली आश्रम पर होगा 11 दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ

**लोकेशानंद महाराज ने धौलपुर वासियों को दिया निमंत्रण**

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अवधूत संत लोकेशानंद जी महाराज ने श्री राज राजेश्वरी गुफाधाम त्यागी अवधूत आश्रम जारौली टीला, शमसाबाद में 5 दिसम्बर से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सहस्त्र चंडी महायज्ञ में धौलपुर वासियों को निमंत्रण दिया है। अपने एक दिवसीय प्रवास पर धौलपुर आए लोकेशानंद जी महाराज ने बताया कि श्री राज राजेश्वरी कैला देवी और चामुंडा देवी के आशीर्वाद से जारौली टीला आश्रम पर 11 दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन 5 दिसम्बर को कलश नगर भ्रमण शोभायात्रा में देश भर के महामंडलेश्वर, प्रमुख संत और महंत उपस्थित रहेगें। दूसरे दिन से गणेश पूजन के साथ यज्ञ और संतों के प्रवचन रहेंगे। 14 व 15 दिसंबर को भूमिया सरकार मेहगांव का दिव्य दरबार लगेगा तथा यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। उन्होंने जिले के धर्मप्रेमी नागरिकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील करते हुए निमंत्रित किया है।



## रीको आवासीय कॉलोनी में जलभराव, सफाई और गेट व्यवस्था को लेकर कॉलोनीवासियों ने उठाई आवाज

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रीको आवासीय कॉलोनी, धौलपुर में लंबे समय से बनी जलभराव, जल निकासी, सड़क, सफाई, पार्क एवं ग्रीन बेल्ट की बदहाल स्थिति सहित अन्य समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों ने रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक के समक्ष विस्तृत मांग पत्र प्रस्तुत किया है। कॉलोनीवासियों ने समस्याओं का तकनीकी सर्वे कराकर स्थायी समाधान कराने के साथ ही कॉलोनी को पूर्व की भांति गेट बंद कॉलोनी के रूप में व्यवस्थित करने की मांग की है। कॉलोनीवासियों ने पत्र में बताया कि वे पिछले करीब 20 से 25 वर्षों से रीको आवासीय कॉलोनी में निवास कर रहे हैं। पूर्व में कॉलोनी में जलभराव की इतनी गंभीर समस्या नहीं थी, लेकिन मुख्य सड़क का स्तर ऊंचा किए जाने के बाद कॉलोनी के अंदर



बार-बार पानी भरने की स्थिति पैदा हो रही है। इससे स्थानीय निवासियों को आवागमन सहित कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में सफाई व्यवस्था को लेकर भी महत्वपूर्ण सवाल उठाया गया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि नगर परिषद को समस्या से अवगत कराने पर उन्हें बताया जाता है कि रीको आवासीय कॉलोनी में सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी रीको की है, क्योंकि रीको द्वारा कॉलोनीवासियों से विकास शुल्क लिया जाता है। वहीं दूसरी ओर कॉलोनीवासियों से संबंधित बिलों में सफाई व्यवस्था के लिए उपकर भी वसूले जाने की बात कही गई है। इसके बावजूद नियमित सफाई एवं सीवर/सेप्टिक टैंक की सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रभावी रूप से नहीं मिल पा रही हैं। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि रीको एवं नगर परिषद आपसी समन्वय से यह स्पष्ट करें कि कॉलोनी में नियमित सफाई तथा सीवर/सेप्टिक सफाई की जिम्मेदारी किस विभाग की है। जिम्मेदारी निर्धारित होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा नियमित और प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि दो विभागों के बीच जिम्मेदारी तय नहीं होने का खामियाजा आम निवासियों को नहीं भुगतना पड़े। पत्र में कॉलोनी की गेट बंद व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि रीको द्वारा इस कॉलोनी को पूर्व में गेट बंद कॉलोनी के रूप में विकसित किया गया था और उपलब्ध नक्शे में भी इसका उल्लेख है।

पूर्व में दिए गए पत्रों के बाद गेट बंद व्यवस्था किए जाने का आश्वासन भी मिला था। वर्तमान में कॉलोनी दोनों ओर से खुली होने के कारण बाहरी व्यक्तियों का अनावश्यक आवागमन होने के साथ जंगली जानवरों के प्रवेश की समस्या भी बनी रहती है। ऐसे में दोनों प्रवेश मार्गों पर गेट लगाकर कॉलोनी को पुनः गेट बंद कॉलोनी के रूप में व्यवस्थित करने की मांग की गई है। कॉलोनीवासियों ने रीको अधिकारियों से 15 दिवस के भीतर स्थल निरीक्षण एवं आवश्यक तकनीकी सर्वे कराने, समस्याओं के समाधान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने तथा प्रत्येक प्रस्तावित कार्य और उसकी समय-सीमा की जानकारी लिखित रूप से कॉलोनीवासियों को उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जलभराव और जल निकासी की समस्या का केवल अस्थायी समाधान करने के बजाय सड़क, ड्रेनेज, पार्क-ग्रीन बेल्ट, नियमित सफाई एवं गेट व्यवस्था सहित सभी समस्याओं का समग्र और स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। ज्ञापन की प्रतिलिपि राजस्थान सरकार के उद्योग मंत्री, राज्यमंत्री, जिला कलेक्टर धौलपुर, आयुक्त नगर परिषद धौलपुर, सभापति नगर परिषद धौलपुर, रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक भरतपुर तथा रीको के संबंधित उच्चाधिकारियों, उद्योग भवन जयपुर को भी प्रेषित की गई है।

**अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड-जयपुर द्वितीय**

क्रमांक :- अधि.अभि./जयपुर-II/वि.बो./2026-27/राजकाज रेफ नं. 24806923 दिनांक :- 30/09/2026

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या - 10/2026-27**

राज.रा.कृ.वि.बोर्ड खण्ड जयपुर द्वितीय के निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन बिड ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb पर भी देखा जा सकता है।

(UBN No. AGM2627WSOB00893)

राज.संवाद/सी/26/11090 अधिशाषी अभियन्ता

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

Tel No. 01462-258665, 257509 Email - npbeawar@gmail.com

क्रमांक / नपब्या / स्वास्थ्य / 2026-27 / 8913 दिनांक – 30.09.2026

**ई दर संविदा सूचना**

निम्नांकित विवरण के अनुसार ई दर संविदा हेतु ई-निविदाएं ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल राजस्थान पर दिनांक 12.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित है। दिनांक 12.10.2026 को सांय 3:00 बजे निविदा खोली जाऐगी। विस्तर्त शर्ते ई-निविदा फार्म के साथ संलग्न है। यह दस्तावेज एस.पी.पी. पोर्टल पर एवम् ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | ई दर फार्म शुल्क | ई दर प्रोसेसिंग शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रात्रि कालीन साफ सफाई व एमआरएफ सेन्टर पर पृथक्करण कार्य की दर संविदा। | 33.54 लाख | 67080 | 1000/- | 500 |

NIB: DLB2627A8067 & UBN is: DLB2627SLOB20830

राज.संवाद / सी / 26 / 11144 सभापति आयुक्त

राज्य और राष्ट्र विकास के लिए की प्रार्थना

# 75 दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति में राज्यपाल बागडे ने भाग लिया

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को सीकर में आयोजित 75 दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति समारोह में भाग लिया। राज्यपाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में पूर्णाहुति दी और शांति, आध्यात्मिक उन्नयन के साथ राष्ट्र और राज्य के कल्याण की ईश्वर से प्रार्थना की। राज्यपाल ने कहा कि नशा देश की युवा शक्ति को कमजोर कर रहा है। विदेशों से नशे का आना केवल आर्थिक लाभ का विषय नहीं है, बल्कि इससे युवाओं को नशे की ओर धकेलने और देश की तरुण शक्ति को कमजोर करने का प्रयास भी हो रहा है। उन्होंने युवाओं को नशे एवं अपराध से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यमुना का जल राजस्थान तक आने से प्रदेश में जल उपलब्धता बढ़ेगी और अकाल जैसी परिस्थितियों में भी खेती को निरंतर बनाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश का नेतृत्व करने वाले लोग राष्ट्रहित और जनकल्याण की भावना से कार्य कर रहे हैं। राज्यपाल ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए गोबर की खाद का उपयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बड़ी संख्या में गौशालाएं हैं और राज्य सरकार द्वारा गौशालाओं को अच्छा अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा बैल से खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को तीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में उनके बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। प्रारंभिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता कमजोर रहने के कारण आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पाते। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत



बनाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर राज्यपाल बागडे ने ग्रामीण खेल मैदान में अशोक का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और वैदिक परंपरा अत्यंत प्राचीन एवं समृद्ध है। विदेशियों ने भी भारत के वेदों का अध्ययन एवं अनुवाद किया और उनसे ज्ञान प्राप्त किया। भारत पर अनेक आक्रमण हुए, लेकिन देश की संस्कृति, परंपराओं और धर्म के प्रति आस्था कभी समाप्त नहीं हुई। नगरीय विकास एवं आवासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि क्षेत्र में नशे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। भावी पीढ़ी को नशे एवं अपराध से बचाते हुए उन्हें संस्कारवान एवं जिम्मेदार बनाने की जरूरत है।

उप निरीक्षक (दूरसंचार) प्रतियोगी परीक्षा-2024

# आरपीएससी से मेरिट सूची प्राप्त; अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची पुलिस वेबसाइट पर अपलोड

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा उप निरीक्षक (दूरसंचार) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के साक्षात्कार उपरांत सफल घोषित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची प्राप्त होने के बाद पुलिस विभाग ने अग्रिम प्रक्रिया शुरू कर दी है।

अस्थाई रूप से चयन हेतु प्रस्तावित अभ्यर्थियों की सूची राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। पुलिस उप महानिरीक्षक (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) मनोज कुमार ने बताया कि सूची में शामिल सभी अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन 12 अक्टूबर तथा 13 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथियों में पुलिस मुख्यालय (नेहरू सहकार भवन के पास, जयपुर) के भू-तल स्थित कमरा नंबर 820 में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपने दस्तावेज जमा कराने होंगे। **सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची** अभ्यर्थियों को निम्नलिखित मूल दस्तावेज, उनकी स्व-प्रमाणित प्रतियां तथा अटेस्टेशन फॉर्म (तीन प्रतियों में पूर्ण भरकर) साथ लाने अनिवार्य हैं: ए शैक्षणिक दस्तावेज: 10वीं, 12वीं तथा स्नातक आदि की मूल अंकतालिकाएं व प्रमाण पत्र। ए व्यक्तिगत व श्रेणी प्रमाण पत्र: मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र तथा संतान संबंधी घोषणा पत्र। ए विशेष श्रेणी दस्तावेज: भूतपूर्व सैनिक डिस्चार्ज प्रमाण पत्र, विधवा/परित्यक्ता प्रमाण पत्र तथा पूर्व से कार्यरत कर्मियों के लिए विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र। ए पहचान पत्र: द्दकम से कम 02 फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

**वेबसाइट पर सूची उपलब्ध, अलग से नहीं भेजा जाएगा बुलावा** डीआईजी मनोज कुमार ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों का परिणाम आरपीएससी द्वारा प्रोविजनल या कण्डीशनल जारी किया गया है, उन्हें सूची में अपने नाम के सम्मुख अंकित अतिरिक्त वांछित दस्तावेज भी अनिवार्य रूप से जमा कराने होंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर संदेश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती (2 अक्टूबर) पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, त्याग और सत्याग्रह के माध्यम से देश को स्वतंत्रता की राह दिखाई। उनका जीवन और विचार आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। गांधीजी ने स्वच्छता, स्वदेशी, ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भरता के माध्यम से सशक्त एवं स्वावलंबी भारत का मार्ग प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की मिसाल है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में राष्ट्र की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका 'जय जवान, जय किसान' का मंत्र आज भी देश के विकास और सुरक्षा की आधारशिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें दोनों महापुरुषों के आदर्शों एवं मूल्यों को अपने आचरण में आत्मसात करते हुए स्वच्छ, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

## राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन-मूल्य आज भी राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत- देवनानी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। देवनानी ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, स्वावलम्बन और नैतिकता के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने सत्य और अहिंसा को केवल व्यक्तिगत आचरण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इन्हें जनआंदोलन का आधार बनाकर देश के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। गांधीजी के विचार आज भी समाज में शांति, सद्भाव, स्वच्छता और सामाजिक समरसता के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में पद की गरिमा के साथ उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च स्थान दिया। 'जय जवान, जय किसान' का उनका आह्वान देश की सुरक्षा और अन्नदाता के सम्मान के प्रति उनकी दूरदृष्टि को प्रतिबिंबित करता है। देवनानी ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन भारतीय जीवन-मूल्यों की दो महत्वपूर्ण धाराओं सत्य और अहिंसा की शक्ति तथा कर्तव्य और राष्ट्रसेवा की भावना का स्मरण कराने वाला अवसर है। इन महापुरुषों के विचारों और आदर्शों को अपने आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। देवनानी ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से राष्ट्रहित, सामाजिक सद्भाव, स्वच्छता और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

### राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर 122 यूनिट रक्त संग्रहित

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर आरबीएम चिकित्सालय के ब्लड बैंक की ओर से विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इनमें युवाओं और आमजन ने उत्साह से भाग लेकर कुल 122 यूनिट रक्तदान किया। पुरुषों ने 118 और महिलाओं ने 4 यूनिट रक्तदान किया। शिविर एसएचसी छोंकरवाड़ा, एसएचसी बयाना, सीएचसी ररह, सीएचसी जुरहरा तथा डीग के मास्टर आदित्येन्द्र जी विद्यालय एवं महाविद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए। आरबीएम चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नगेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। उन्होंने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए आमजन से नियमित रक्तदान की अपील की। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत जिलेभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि संग्रहित किया गया रक्त जरूरतमंदों एवं अस्पतालों में उपचाराधीन रोगियों के काम आ सकेगा।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस

## प्रमुख शासन सचिव ने किया स्वास्थ्य भवन में रक्तदान शिविर का उद्घाटन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ ने गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ ली। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने स्वयं रक्तदान कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित किया। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि विकसित भारत-जनसेवा अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर 17 सितम्बर को आयोजित रक्तदान शपथ कार्यक्रम में राजस्थान देशभर में प्रथम रहा। देशभर में रक्तदान की शपथ लेने वाले लोगों में राजस्थान की भागीदारी 50.4 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर से प्रदेशभर में लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और अब तक 30 हजार से अधिक यूनिट रक्त का संग्रह किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों के माध्यम से बड़ी मात्रा में रक्त संग्रहित हो रहा है। ऐसे में सभी स्तरों पर एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर रक्त का समय पर और आवश्यकता के अनुसार समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संग्रहित




रक्त की निर्धारित अवधि को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद मरीजों तक समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। राठौड़ ने स्वास्थ्य भवन में आयोजित गैर-संचारी रोग स्क्रीनिंग स्टॉल का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच भी आवश्यक है। उन्होंने निदेशालय स्तर पर प्रत्येक तीन माह में गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। महिला कर्मचारियों के लिए आवश्यकता के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने तथा समय-समय पर मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग एवं परामर्श सत्र आयोजित करने के भी निर्देश दिए। निदेशक जन-स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने कहा कि दुर्घटना पीड़ितों, थैलेसीमिया, कैंसर तथा अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को लगातार रक्त की आवश्यकता रहती है। रक्त का निर्माण किसी प्रयोगशाला में नहीं किया जा सकता, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान ही रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आमजन से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक आरएमएससीएल पुखराज सेन, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजस्थान स्टेट एश्योरेंस एजेंसी हरजी लाल अटल, निदेशक एड्स डॉ. सुशील परमार, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर सहित स्वास्थ्य भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिले में वृद्धजनों के स्वास्थ्य की हुई जांच

## अक्टूबर माह में आयोजित होंगी जागरूकता गतिविधियां

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिले के चिकित्सा संस्थानों में आयुष्मान आरोग्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर वृद्धजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। इन स्क्रीनिंग शिविरों में वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत जिले के चिकित्सा संस्थानों पर 01 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित हुए। इनमें वृद्धजनों के उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य तथा वृद्धावस्था से संबंधित अन्य बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही वृद्धजनों को रोगों से बचाव, संतुलित पोषण, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा के संबंध में परामर्श एवं स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वृद्धजनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया गया। डिप्टी सीएमएचओ (हैल्थ) डॉ. सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि वृद्धजनों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को लेकर जिले में 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2026 तक एक माह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वृद्धजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का उद्देश्य वृद्धजनों के स्वास्थ्य, सम्मान, सुरक्षा एवं बेहतर जीवन के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है।



दूदू में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, पंचायत चुनावों के लिए संगठन को मजबूत करने का शंखनाद

# पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक बाबूलाल नागर की अध्यक्षता में उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब, डोटासरा के जन्मदिन पर टीकाराम जूली की मौजूदगी में दिखा उत्साह

**दूदू (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिवस के अवसर पर दूदू विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने संगठनात्मक शक्ति और एकजुटता का प्रदर्शन किया। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की गरिमामयी उपस्थिति तथा राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं दूदू के पूर्व विधायक बाबूलाल नागर की अध्यक्षता में आयोजित विशाल कार्यक्रम में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आगामी पंचायत चुनावों के लिए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। डोटासरा के जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाने के साथ ही इसे आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों के आगाज के रूप में भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से दूदू क्षेत्र में कांग्रेस की जमीनी सक्रियता, संगठनात्मक विस्तार और कार्यकर्ताओं की एकजुटता का संदेश दिया गया। सससस बाबूलाल नागर के नेतृत्व में जुटे हजारों कार्यकर्ता कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक बाबूलाल नागर ने दूदू विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को एकजुट करने और कार्यकर्ताओं को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। नागर ने कार्यकर्ताओं के उत्साह और भागीदारी के माध्यम से संगठन की मजबूती का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव तक कांग्रेस की विचारधारा, जनहित के मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों को पहुंचाने पर जोर रहा। दूदू की राजनीतिक पृष्ठभूमि में बाबूलाल नागर की सक्रियता और क्षेत्रीय जुड़ाव को इस आयोजन का प्रमुख केंद्र माना गया। कार्यक्रम ने यह संकेत दिया कि आगामी पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस क्षेत्र में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने की तैयारी में है। डोटासरा के



जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं में दिखा जोश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की मौजूदगी ने कार्यक्रम को राजनीतिक और संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाया। उनके साथ पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर सहित कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती तथा आगामी चुनावी रणनीति को लेकर एकजुटता प्रदर्शित की। **पंचायत चुनावों के लिए गांवों तक पहुंचेगा संगठन** कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी पंचायत चुनावों से पहले कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करना रहा। कार्यकर्ताओं से गांवों में जनसंपर्क बढ़ाने, आमजन के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। दूदू विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इस विशाल आयोजन को कांग्रेस की पंचायत चुनावों की तैयारियों की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। हजारों कार्यकर्ताओं की भागीदारी ने क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के समापन पर संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं के सम्मान और जनता के मुद्दों को लेकर निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प दोहराया गया। संगठन मजबूत, कांग्रेस मजबूत और जनता की आवाज के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए दूदू में आयोजित यह कार्यक्रम आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों के लिहाज से कांग्रेस की महत्वपूर्ण संगठनात्मक गतिविधि के रूप में सामने आया।

## न्यूज विंडो

### राज्यपाल बागडे ने गांधी जयन्ती एवं शास्त्री जयन्ती पर उन्हें स्मरण करते उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती (2 अक्टूबर) पर उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। बागडे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और उनके दर्शन को स्मरण करते हुए कहा कि गांधीजी का सम्पूर्ण जीवन सत्य और अहिंसा से जुड़ा रहा। अहिंसा की उनकी दृष्टि ने राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तनों में महती भूमिका निभाई। बागडे ने कहा कि इसी तरह लाल बहादुर शास्त्री का जीवन ईमानदारी और शुचिता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्र की इन महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलने का आह्वान किया है।

### राज्यपाल ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद को जन्मदिन की बधाई दी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। बागडे ने पूर्व राष्ट्रपति को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और मंगलमय जीवन के लिए कामना की।

मुख्यमंत्री ने फतेहपुर में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

### विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के संदेश को पहुंचाएं जन-जन तक- भजनलाल शर्मा



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को सीकर के फतेहपुर में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा की सफलता के पीछे सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ताओं का परिश्रम, संगठन के प्रति निष्ठा और जनता से निरंतर संपर्क रहा है। अब हमारा लक्ष्य पंचायत चुनाव हैं। हमें गांव-गांव तक विकास, सुशासन और जनकल्याण के संदेश को पहुंचाना हैं और बड़ी जीत हासिल करनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा ने प्रदेश में कुल 204 निकायों में बोर्ड बनाए हैं। जयपुर संभाग सहित पूरे प्रदेश के निकायों के परिणाम ऐतिहासिक रहे हैं। चूरू में 9, झुंझुनूं में 8 और सीकर में 5 निकायों में बीजेपी के बोर्ड बने हैं। यह जनादेश डबल इंजन सरकार के कामों के प्रति जनता के समर्थन को दिखाता है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनावों में हमारे कार्यकर्ताओं ने यह साबित किया कि भाजपा का संगठन केवल चुनाव के समय तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि निरंतर जनता के बीच सक्रिय रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं कि हमारा लक्ष्य केवल सत्ता में आना नहीं, बल्कि देश को समृद्ध व सशक्त बनाना है। इसी विचार और विजन के साथ हम राजस्थान के विकास में प्रयासरत हैं। राज्य सरकार ने नागरिक देवो भव: भावना से कार्य करते हुए सीकर, झुंझुनूं, चूरू सहित सभी जिलों में विकास को गति देते हुए जनकल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकारों की गरीब, किसान, युवा, महिला और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर यह विश्वास पैदा करना है कि भाजपा का कार्यकर्ता चुनाव के बाद भी उनके साथ खड़ा रहेगा। पंचायत चुनाव में बूथ हमारा आधार और बूथ कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हर बूथ मजबूत, हर गांव तक संपर्क और हर परिवार तक संवाद, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें नए मतदाताओं, युवाओं, महिलाओं और पहली बार राजनीति से जुड़ने वाले कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ना है। पंचायत स्तर पर संगठन जितना मजबूत होगा, भाजपा की जड़ें उतनी ही गहरी होंगी।

नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

### 76 हजार 500 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 10 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में आन्नद सिटी, सूर्य कॉलोनी, आगरा रोड, सिसोदिया गार्डन के पास खानिया बंधा, ट्रांसपोर्ट नगर, गांधी नगर नेहरू गार्डन, जगतपुरा पुलिया के नीचे, मॉडल टाउन मालवीय नगर, द्वारकापुरी सर्किल, रिद्धी-सिद्धी के पास मानसरोवर, मेट्रो मास अस्पताल के पास, ए-ब्लॉक वैशाली नगर चित्रकुट स्टेडियम के आस-पास आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 76 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 10 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में आन्नद सिटी, सूर्य कॉलोनी, ए-ब्लॉक वैशाली नगर चित्रकुट स्टेडियम के आस-पास आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### सत्य के रास्ते पर चलना ही महानता



गांधीजी का जीवन सद्गुणों और सत्संकल्पों का ऐसा प्रेरणास्रोत था, जिसमें सत्य, अहिंसा, स्वावलम्बन, सादगी, ईमानदारी और सदाचार जीवन के व्यवहार का हिस्सा बनकर सामने आए। उनके विचार और आचार में कोई अंतर नहीं था। वे जो कहते थे, उसे अपने जीवन में उतारकर दिखाते थे। यही कारण है कि उनके संपर्क में आने वाले अनेक कार्यकर्ताओं और अनुयायियों के पर भी उनके विचारों और आचरण की गहरी छाप पड़ी। विनोबा भावे, डॉ. राजेन्द्रप्रसाद, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे अनेक प्रमुख व्यक्तित्व उनके विचारों से प्रभावित हुए। कोई व्यक्ति जन्म से महापुरुष नहीं होता। उसके छोटे-छोटे निर्णय, संस्कार, कर्म और जीवन के प्रति उसकी सजगता ही धीरे-धीरे उसके व्यक्तित्व का निर्माण करती है। बालक मोहनदास के जीवन में भी ऐसे अनेक प्रसंग आए, जिन्होंने आगे चलकर उनके व्यक्तित्व को दिशा दी।

गांधीजी के व्यक्तित्व में जो संयम, आत्मनिरीक्षण और सिद्धांतनिष्ठा दिखाई देती है, उसके पीछे ऐसे संस्कारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।गांधीजी का सादगीपूर्ण जीवन भी उनके विचारों का ही विस्तार था। उड़ीसा की यात्रा के दौरान उन्होंने एक गरीब महिला को देखा, जिसके पास शरीर ढकने के लिए भी पर्याप्त कपड़ा नहीं था। इस दृश्य ने उन्हें भीतर तक प्रभावित किया। उन्होंने अनुभव किया कि जिस देश के गरीब लोगों के पास पर्याप्त वस्त्र नहीं हैं, वहां स्वयं आरामदायक वस्त्र पहनना उनके लिए उचित नहीं। इसके बाद उन्होंने अपनी पोशाक को अत्यंत सादा बना लिया। उनकी वेशभूषा केवल व्यक्तिगत पसंद नहीं थी, बल्कि देश के गरीब और वंचित लोगों के साथ आत्मीयता का प्रतीक बन गई। गांधीजी का अनुशासन कठोरता से अधिक आत्मीयता पर आधारित था। वे किसी की गलती पर केवल दोषारोपण करने के बजाय व्यक्ति को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करते थे। उनका विश्वास था कि प्रेम और आत्मीयता से मनुष्य के भीतर परिवर्तन अधिक स्थायी रूप से आता है। वे स्वयं अपने आचरण को दूसरों के लिए उदाहरण बनाते थे। इसलिए उनका संदेश केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहता था, बल्कि लोगों के व्यवहार में दिखाई देने लगता था।

*वैभव लोढ़ा...*

## इतिहास में आज

1869: भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ था।
1904: भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का हुआ था।
1951: श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की।
1952: देश में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत हुई।
2014: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की

*-धर्म चंद मेहता*

## क्रॉस फायर

❑ **चुनाव आयोग का यूटर्न फॉर्म 6 के साथ अब नहीं देना होगा अतिरिक्त घोषणा पत्र।**
◆ झूठ का पर्दाफाश।

❑ **सुप्रीम कोर्ट ने कहा पटाखों पर पूरी तरह बेन नहीं लेकिन 24 घंटे आतिशबाजी की परमिशन भी नहीं।**
◆ कम चलाने हैं यह ध्यान रखो।

❑ **19 विपक्षी दल 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग घेरेंगे।**
◆ चुनाव आयोग का कचूमर निकाल देंगे।

❑ **विमान में पायलटो के बीच चाकू बाजी।**
◆ गली के नुक्कड़ पर यह होता है।

❑ **3000 करोड़ की ड्रग्स के साथ पांच पाकिस्तानी गिरफ्तार।**
◆ लगता है पाकिस्तान की सरकार यही धंधा करती है।

❑ **मुख्यमंत्री भजनलाल बोले निकाय जीत की ऊर्जा से पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटे भाजपा कार्यकर्ता।**
◆ तब तो पुलिस की मदद की जरूरत नहीं रहेगी।

❑ **कॉकरोच जनता पार्टी का आज मुंबई में ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन।**
◆ दिल्ली पुलिस से मुंबई पुलिस अच्छी है।

❑ **मुख्यमंत्री भजनलाल बोले राज्य सरकार का संकल्प अंतिम छोड़ तक पहुंचे विकास का लाभ।**
◆ अभी तक तो अफसर तक ही पहुंच रहा है।

*.............अंजू लोढ़ा*

## आज का राशिफल

### शुक्रवार 02 अक्टूबर, 2026

**मेष राशि:** बहुत ज़्यादा मानसिक दबाव और थकान परेशानी की वजह बन सकती है। सेहत को ठीक बनाए रखने के लिए पर्याप्त आराम करें। कुछ ज़रूरी योजनाएँ क्रियान्वित होंगी।

**वृषभ राशि:** मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको खुश रखेंगे और सुकून देंगे। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा।

**मिथुन राशि:** आस-पास के लोगों का सहयोग आपको सुखद अनुभूति देगा। आज सफलता का मंत्र यह है कि धैर्य रखें व पूर्ण विवेक से योजना को अंजाम देवें। जो अपने प्रिय के साथ छुट्टियाँ बिता रहे हैं, ये उनकी ज़िन्दगी के यादगार लम्हों में से होंगे।

**कर्क राशि:** अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा। लेकिन ख़याल रखें कि इसे नज़र अंदाज़ करना बाद में भारी पड़ सकता है। लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि आख़िरकार आपको मिल जाएंगे।

**सिंह राशि:** शारीरिक तौर पर तंदुरुस्त रहने के लिए धूम्रपान की आदत छोड़ दें। आप खुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे- आर्थिक फ़ायदा पहुँचाएंगे। ज़िंदगी के उतार-चढ़ाव में उनके कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें।

**कन्या राशि:** अध्यात्म की सहायता लेने का सही समय है, क्योंकि मानसिक तनाव को मार भगाने के लिए यह सबसे बेहतरीन विकल्प है। ध्यान मानसिक मज़बूती को बढ़ाने में कारगर रहेंगे।

**तुला राशि:** आपका दानशीलता का व्यवहार आपके लिए छुपे हुए आशीर्वाद की तरह सिद्ध होगा, क्योंकि यह आपको शक, अनास्था, लालच और आसक्ति जैसी ख़राबियों से बचाएगा।

**वृश्चिक राशि:** योग और ध्यान आपको बेडौल होने से बचाने और मानसिक तौर पर सेहतमंद रखने में मददगार साबित होंगे। आज बैठने की बजाय कुछ ऐसा कीजिए जो कमाई में इज़ाफ़ा कर सके।

**धनु राशि:** परेशानियों के बारे में सोचते रहने और तिल का ताड़ करने की आपकी आदत आपके नैतिक ताने-बाने को कमज़ोर कर सकती है। रियल एस्टेट और वित्तीय लेन-देन के लिए अच्छा दिन है।

**मकर राशि:** सेहत से जुड़ी समस्याएँ आपके लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं। आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे- लेकिन खर्च में इज़ाफ़ा आपके लिए बचत को और ज़्यादा मुश्किल बना देगा।

**कुम्भ राशि:** रचनात्मक शौक़ आज आपको सुकून का एहसास कराएंगे। ख़ास लोग ऐसी किसी भी योजना में रुपये लगाने के लिए तैयार होंगे, जिसमें संभावना नज़र आए और विशेष हो। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुकून भरे दिन का लुत्फ़ लें।

**मीन राशि:** अपने ऊर्जा-स्तर को फिर से बढ़ाने के लिए पूरा आराम करें, क्योंकि थका हुआ शरीर दिमाग़ को भी थका देता है। आपको अपनी असली क्षमताओं को पहचानने की ज़रूरत है।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट-** अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# गांधी जयंती आज-गांधी का पुनर्जन्म ही नहीं, गांधी-दृष्टि का पुनर्जागरण हो



**ललित गर्ग**

**महात्मा गांधी को याद करना केवल अतीत के एक महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि देना नहीं है, बल्कि अपने वर्तमान की दिशा और भविष्य की दशा पर विचार करना भी है। गांधी किसी एक कालखंड, राजनीतिक दल या विचारधारा की संपत्ति नहीं हैं। वे एक ऐसे जीवन-दर्शन का नाम हैं, जिसकी धुरी सत्य, अहिंसा, आत्मानुशासन, स्वावलंबन, सेवा, स्वदेशी, ग्रामोदय, सामाजिक समरसता और मानव-मर्यादा है।**

इसलिए आज आवश्यकता गांधी के पुनर्जन्म की ही नहीं, गांधी-दृष्टि के पुनर्जागरण की है। गांधी को जितना इतिहास में खोजेंगे, उतना ही वे अतीत के लगेंगे; उन्हें वर्तमान के प्रश्नों से जोड़ेंगे तो वे भविष्य के मार्गदर्शक बन जाएंगे। क्योंकि महात्मा गांधी बीसवीं शताब्दी में दुनिया के सबसे सशक्त, बड़े एवं प्रभावी नेता के रूप में उभरे, वे बापू एवं राष्ट्रपिता के रूप में लोकप्रिय हुए, वे एक रचनात्मक व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपने ही मूल्यों के बल पर देश को आजादी दिलाई, नैतिक एवं स्वस्थ मूल्यों को स्थापित किया। उनके द्वारा निरुपित सिद्धान्त आज की दुनिया की चुनौतियों एवं समस्याओं के समाधान के सबसे सशक्त माध्यम है। लेकिन वक्त की विडम्बना देखिये कि गांधी को हम बार-बार कटघरे में खड़ा करते हैं और उनकी छवि को धुंधलाने की कोशिश में कोई कमी नहीं छोड़ते। जो मानसिकता गोली मार सकती है, वह गाली दे तो क्या आश्चर्य? पर महात्मा गांधी भारत के अकेले ऐसे महापुरुष हैं जिन्हें कोई गोली या गाली नहीं मार सकती।



आज भारत 'नए भारत' और 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा में गांधी को नए संदर्भ में देखने की जरूरत है। गांधी का स्वदेशी केवल चरखे तक सीमित नहीं था; उसका मूल भाव आत्मनिर्भरता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जनवरी 2026 को गांधीजी की पुण्यतिथि पर भी स्वदेशी को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का आधारस्तंभ बताते हुए उनके कर्तव्य-बोध को स्मरण किया। आज जब भारत स्थानीय उत्पादन, आत्मनिर्भरता, नवाचार, डिजिटल क्षमता और उद्यमिता को आगे बढ़ाने की बात करता है, तब गांधी का स्वावलंबन एक नए आर्थिक और सामाजिक संदर्भ में दिखाई देता है। गांधी के लिए विकास का अर्थ केवल उत्पादन और संपन्नता बढ़ाना नहीं था। विकास का अंतिम लक्ष्य मनुष्य था। उनकी दृष्टि में सबसे कमजोर व्यक्ति की चिंता विकास की कसौटी थी। आज 'सबका साथ, सबका विकास' और अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं तथा अवसरों की पहुंच की चर्चा इसी व्यापक मानवीय विकास के संदर्भ में की जा सकती है। गांधी का 'अंत्योदय' किसी सरकारी योजना का नाम नहीं, बल्कि विकास की नैतिक कसौटी है-जिसके केंद्र में वह व्यक्ति हो जो सबसे पीछे है।

गांधी की सबसे बड़ी शक्ति यह थी कि उन्होंने राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं माना। उनके लिए राजनीति का नैतिक आधार सेवा था। आज लोकतंत्र को केवल चुनावों और संस्थाओं तक सीमित न रखकर संवाद, सहभागिता, उत्तरदायित्व और जनविश्वास से जोड़ने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक परंपरा, संवाद और सहभागिता की विरासत को रेखांकित किया है। 2023 के जी-20 सम्मेलन में उन्होंने भारत की प्राचीन सभा-परंपराओं और सामूहिक निर्णय की ऐतिहासिक परंपरा का उल्लेख किया था। यह दृष्टि गांधी की उस राजनीति से संवाद करती है जिसमें जनता केवल शासन की प्रजा नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण की सहभागी थी। भारत की विदेश नीति और वैश्विक भूमिका में भी गांधी-दृष्टि के नए संकेत दिखाई देते हैं। 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता का सूत्र था-'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य।' प्रधानमंत्री ने इसे भारतीय सभ्यता के 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के भाव से जोड़ा और विश्व की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। नई दिल्ली में जी-20 नेताओं का राजघाट जाकर गांधी को श्रद्धांजलि देना भी प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण था। उस अवसर पर गांधी के शांति, सेवा, करुणा और अहिंसा के आदर्शों को सामंजस्यपूर्ण और समावेशी वैश्विक भविष्य से जोड़ा गया।

सचमुच आज विश्व को गाँधीजी के जीवन-मूल्यों की ज्यादा आवश्यकता है । आज धार्मिक कट्टरता बढ़ रही है। कुछ लोग जेहाद के नाम पर घृणित कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं। कहीं दंगे हो रहे हैं तो कहीं महिलाओं और बच्चों के साथ अत्याचार की घटनाएँ हो रही हैं। धर्म और संप्रदाय के नाम पर समाज में विष घोला जा रहा है। दुनिया में शस्त्रों की होड़ चल रही है। आतंकवाद जीवन का अनिवार्य सत्य बन गया है। ऐसे में गाँधी बहुत याद आते हैं। इनके विचारों को फैलाकर ही दुनिया में शांति लाई जा सकती है। यहां गांधी की प्रासंगिकता एक और बड़े आयाम में सामने आती है। दुनिया आज युद्ध, आतंकवाद, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक असमानता, जलवायु संकट और अविश्वास की चुनौतियों से गुजर रही है। तकनीक ने मानव की शक्ति बढ़ाई है, लेकिन क्या उसने मानवता बढ़ाई है-यह बड़ा प्रश्न है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेकर परमाणु हथियारों तक, मनुष्य ने अभूतपूर्व शक्ति हासिल की है; लेकिन शक्ति के साथ संयम, करुणा और नैतिकता न हो तो वही शक्ति विनाश का कारण बन सकती है। गांधी का संदेश इसलिए आज और महत्वपूर्ण है कि उन्होंने साधन और साध्य की पवित्रता को एक-दूसरे से अलग नहीं किया। गांधी को किसी एक राजनीतिक खेमे में बांधना उनके विराट व्यक्तित्व को छोटा करना है। गांधी को केवल कांग्रेस, केवल स्वतंत्रता आंदोलन, केवल खादी या केवल किसी एक राजनीतिक व्याख्या तक सीमित करना उनके वैश्विक स्वरूप के साथ न्याय नहीं है। गांधी भारत की आत्मा से निकले और मानवता की चेतना का हिस्सा बने। वे सीमाओं से आबद्ध नहीं हैं। वे अतीत के हैं, लेकिन केवल अतीत के नहीं हैं। वे आज के हैं और आने वाले हर कल के लिए उपयोगी हैं। भारत जब विश्व में अपनी भूमिका का विस्तार कर रहा है, तब गांधी-दर्शन उसके लिए नैतिक पूंजी बन सकता है। आर्थिक शक्ति भारत को प्रभावशाली बना सकती है, तकनीकी शक्ति उसे सक्षम बना सकती है और सामरिक शक्ति उसे सुरक्षित कर सकती है; लेकिन नैतिक शक्ति ही भारत को विश्वसनीय बना सकती है। विश्वगुरु होने का अर्थ दुनिया पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि दुनिया के सामने ऐसा जीवन-मूल्य प्रस्तुत करना है जिससे मानवता लाभान्वित हो।

## अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस आज

# *अहिंसा है जीवन का सौन्दर्य एवं सृष्टि का आधार*

**स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी**

**आज दुनिया विज्ञान, तकनीक और आर्थिक प्रगति के जिस दौर में पहुंची है, उसी के समानांतर हिंसा, आतंकवाद, युद्ध, तनाव, असहिष्णुता और प्रतिस्पर्धा की प्रवृत्तियां भी बढ़ी हैं। मनुष्य ने प्रकृति पर विजय पाने की कोशिश में स्वयं अपने भीतर अशांति पैदा कर ली है। राष्ट्रों के बीच अविश्वास है, समाजों में वैचारिक टकराव है, परिवारों में तनाव है और व्यक्तिगत जीवन में भी क्रोध, प्रतिशोध एवं प्रतिस्पर्धा का दबाव बढ़ रहा है। ऐसे समय में अहिंसा केवल एक नैतिक आदर्श नहीं, बल्कि संतुलित जीवन और शांतिपूर्ण विश्व-व्यवस्था की अनिवार्य आवश्यकता बन गई है।**

2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस इसी आवश्यकता की वैश्विक स्वीकृति है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2007 में 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस घोषित किया था। प्रस्ताव में अहिंसा की सार्वभौमिक प्रासंगिकता तथा शांति, सहिष्णुता, समझ और अहिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। अहिंसा जीवन का सौंदर्य है। यह केवल किसी को शारीरिक चोट न पहुंचाने का नाम नहीं है। अहिंसा मन, वचन और कर्म की निर्मलता है। किसी के प्रति घृणा न रखना, अपमानजनक भाषा से बचना, विचारों में कटुता न पालना और अपने व्यवहार से दूसरे के मन को अनावश्यक पीड़ा न देना भी अहिंसा है। इसलिए अहिंसा संतुलित जीवन का आधार है। जहां हिंसा है वहां भय है, जहां भय है वहां तनाव है और जहां तनाव है वहां सुख एवं शांति का स्थायी निवास संभव नहीं। अहिंसा की सबसे व्यापक और सूक्ष्म व्याख्या जैन दर्शन में मिलती है। भगवान महावीर ने अहिंसा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बनाया। जैन दर्शन में अहिंसा केवल मनुष्य को मनुष्य से बचाने का सिद्धांत नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव के अस्तित्व के सम्मान का दर्शन है। यही कारण है कि जैन साधु-साध्वियों का जीवन अहिंसा की प्रयोगशाला जैसा दिखाई देता है। जैन साधु चलते हैं तो अत्यंत सावधानी से कदम रखते हैं। वे अपने आगे के स्थान को कोमल रजोहरण से साफ करते हैं, ताकि सूक्ष्म जीवों को भी अनावश्यक चोट न पहुंचे। श्वेतांबर परंपरा में मुखवस्त्रिका का प्रयोग भी सूक्ष्म जीवों के प्रति सावधानी की इसी भावना से जुड़ा है। जैन मुनियों के आचार में चलने, बोलने, वस्तु उठाने-रखने और भोजन ग्रहण करने तक में सजगता का विशेष महत्व है। यहां अहिंसा का अर्थ केवल बाहरी हिंसा से बचना नहीं, बल्कि सजग होकर जीना है। जैन आचार में रात्रि-भोजन से बचने, भोजन और जल को जीवों की रक्षा की दृष्टि से सावधानीपूर्वक ग्रहण करने जैसी परंपराएं भी इसी सूक्ष्म अहिंसक चेतना से जुड़ी हैं। जैन साधु का जीवन हमें एक बहुत बड़ा संदेश देता है-जिस जीवन में छोटी-से-छोटी हिंसा के प्रति भी संवेदना है, उसमें बड़ी हिंसा के लिए स्थान कैसे हो सकता है? यही अहिंसा का विराट दर्शन है। भगवान महावीर की अहिंसा की विशेषता यह है कि वह केवल हाथ की हिंसा को नहीं रोकती, बल्कि वाणी और विचार की हिंसा को भी चुनौती देती है। कटु शब्द किसी व्यक्ति के शरीर को घायल नहीं करते, लेकिन उसके मन को गहरी चोट पहुंचा सकते हैं। इसलिए अहिंसा का वास्तविक विस्तार तभी होगा जब हम अपनी भाषा को भी करुणामय बनाएं। हमारा व्यवहार ऐसा हो कि हमारे संपर्क में आने वाला व्यक्ति अपने भीतर अपमान, भय या कड़वाहट महसूस न करे। आज सोशल मीडिया के दौर में यह शिक्षा और भी महत्वपूर्ण है। एक कठोर शब्द, एक अपमानजनक टिप्पणी या एक झूठी सूचना हजारों लोगों के मन में तनाव और घृणा पैदा कर सकती है। इसलिए डिजिटल युग में अहिंसक वाणी और अहिंसक संचार की जरूरत पहले से अधिक है। यदि भगवान महावीर ने अहिंसा को आध्यात्मिक और जीवन-दर्शन के रूप में अत्यंत सूक्ष्मता प्रदान की, तो महात्मा गांधी ने उसे सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन का प्रभावी साधन बनाया। गांधी ने सत्य और अहिंसा को स्वतंत्रता संघर्ष के केंद्र में रखा। नमक सत्याग्रह सहित उनके आंदोलनों ने यह दिखाया कि अन्याय का प्रतिरोध हिंसा के बिना भी किया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र भी गांधी को अहिंसा के दर्शन और रणनीति के प्रमुख प्रवर्तकों में मानता है और उनके नेतृत्व को विश्वभर के अहिंसक आंदोलनों की प्रेरणा से जोड़ता है। गांधी की अहिंसा कायरता नहीं थी। वह अन्याय के सामने चुप रहने का नाम भी नहीं थी। वह सत्य के साथ खड़े होकर अन्याय का प्रतिरोध करने की शक्ति थी। गांधी के लिए साधन और साध्य का संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण था-शांतिपूर्ण समाज की स्थापना हिंसक साधनों से नहीं की जा सकती। संयुक्त राष्ट्र के दस्तावेज भी गांधी के विचारों को इसी संदर्भ में प्रस्तुत करते हैं कि स्थायी परिवर्तन के लिए अहिंसक साधनों की आवश्यकता है। आज युद्ध और आतंकवाद ने मानवता के सामने गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। राष्ट्रों के पास विनाश के पहले से अधिक शक्तिशाली साधन हैं। तकनीक ने युद्ध की क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया है। ऐसे समय में अहिंसा का अर्थ यह नहीं कि समाज अपनी सुरक्षा और न्याय की जिम्मेदारी छोड़ दे। आतंकवाद और हिंसा का सामना करते हुए राष्ट्रों को नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी ही होती है। लेकिन दीर्घकालीन शांति केवल शक्ति-संतुलन से नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास, न्याय, सह-अस्तित्व और मानवीय संवेदना से निर्मित होती है। भारत की सभ्यता ने सदियों से वसुधैव कुटुम्बकम्, सर्वे भवन्तु सुखिनः, अनेकांत और सर्वधर्म सद्भाव जैसी अवधारणाओं के माध्यम से इसी व्यापक दृष्टि को पोषित किया है। ये विचार हमें बताते हैं कि दूसरे की दृष्टि को समझे बिना स्थायी शांति संभव नहीं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी शांति और संवाद की आवश्यकता को लगातार रेखांकित किया है। भारत के वर्तमान नेतृत्व ने भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति, संवाद, सह-अस्तित्व और मानव-केंद्रित विकास जैसे विचारों को सामने रखा है। लेकिन अहिंसा का वैश्विक संदेश केवल सरकारों या राजनेताओं का दायित्व नहीं है। इसकी शुरुआत व्यक्ति से होती है-परिवार से, विद्यालय से, समाज से और हमारी रोजमर्रा की भाषा एवं व्यवहार से।

आज मनुष्य को बाहर की हिंसा से जितना खतरा है, उतना ही भीतर की हिंसा से भी है। क्रोध, ईर्ष्या, अहंकार, लोभ और प्रतिशोध मनुष्य के भीतर निरंतर संघर्ष पैदा करते हैं। इसलिए अहिंसा का पहला प्रयोग अपने भीतर होना चाहिए। अपने क्रोध को करुणा में, प्रतिस्पर्धा को सहयोग में, प्रतिशोध को क्षमा में और असहमति को संवाद में बदलना ही आधुनिक अहिंसा है। परिवार में अहिंसा का अर्थ है-एक-दूसरे को समझना। समाज में अहिंसा का अर्थ है-विविधताओं का सम्मान करना। राजनीति में अहिंसा का अर्थ है-विचारों के संघर्ष को शत्रुता में न बदलना। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अहिंसा का अर्थ है-संवाद और कूटनीति के रास्ते खुले रखना। अहिंसा कमजोरी नहीं, संयमित शक्ति है। हिंसा तत्काल परिणाम दे सकती है, लेकिन स्थायी शांति का निर्माण नहीं कर सकती। संयुक्त राष्ट्र ने भी गांधी के संदर्भ में इस विचार को रेखांकित किया है कि हिंसा पर स्थायी निर्माण संभव नहीं है।

# गांधी के विचारों की प्रासंगिकता पर सुलगते सवाल



**बाल मुकुन्द ओझा**

**हम लोग आज भी आज़ादी के महा नायक महात्मा गाँधी का नाम बड़े गर्व से लेते है और उनके विचारों पर चलने की सौगंध खाने से नहीं चूकते मगर असल जिंदगी में हमारा गाँधी से कोई लेना देना नहीं है। गांधी जयंती अहिंसा दिवस के रूप में मनाते है मगर हमें हिंसक होते ज़रा भी देर नहीं लगती। यही हमारे विचारों का दोगलापन है।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी जयंती, 2 अक्टूबर को देशभर में प्रार्थना सभाओं, विभिन्न कार्यक्रमों के साथ राजधानी दिल्ली में गांधी प्रतिमा के सामने श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई जाती है। महात्मा गांधी की समाधि पर राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री सहित बड़े बड़े नेता प्रार्थना सभा में शामिल होकर अपनी श्रद्धांजलि देते है। गांधी की याद में रघुपति राघव राजा राम गाकर औपचारिकता का निर्वहन करते हैं। आज भी देश और दुनिया में वंचित, शोषित और पीड़ित समुदाय अपने अधिकारों के संघर्ष के लिए महात्मा गांधी के बताये आंदोलन की राह पर चलकर अपना हक हासिल करते हैं। यह गाँधी के विचारों की सबसे बड़ी जीत है। दो अक्टूबर, अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। आज देश और दुनिया में युद्ध, नक्सलवाद, आतंकवाद, हिंसा और प्रतिहिंसा के साथ सियासी घृणा के बादल मंडरा रहे हैं, ऐसे युद्धोन्मादी दौर में गांधी के आदर्श और सिद्धांत सबके लिए और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गए हैं।

आजादी के 79 वर्षों के बाद नई पीढ़ी के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि देश को शांति और अहिंसा के मार्ग पर ले जाने वाले गाँधी के विचारों की हत्या किसने की। झूठी सौगंध खाने वाले लोग कौन है और उनके मनसूबे क्या है। गोडसे के नाम की ताली हम कब तक पीटते रहेंगे। आखिर देश गाँधी के बताये मार्ग से क्यों भटका। आज सम्पूर्ण विश्व भारतवासियों से पूछ रहा है कि संसार को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले बापू के देश में बात बात पर मार काट क्यों मच रही है। हमें इस पर गहराई से चिंतन और मनन करने की जरूरत है। गांधी जयंती के मौके पर हम देश के लिए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों को याद करते हैं। साथ ही हम उन महान पुरुषों को भी याद करते हैं जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपना बलिदान दिया। सच तो यह है कि गांधी जयंती के अवसर पर अहिंसा दिवस पर हम कश्मे खाते है उनके पदचिन्हों पर चलने की मगर हमारा आचरण इसके सर्वथा विपरीत होता है। आज सम्पूर्ण देश में गांधी जयंती पर अहिंसा दिवस भी मनाया जाता है। अब यह भी कागजी हो गया है। देश में कुछ असामाजिक संगठन, विभिन्न नामों से देश की शांति भंग करने पर उतारू है। ये लोग आतंकवादियों की शह पर हमारी एकता छिन्न भिन्न कर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ रहे है। कश्मीर की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान छद्म युद्ध पर उतारू है। कुछ सियासी तत्व नेपाल, बांग्ला देश का हवाला देकर लोकतान्त्रिक देश में आग भड़काने का प्रयास भी कर रहे है। ऐसे में अहिंसा की बाते बेमानी हो गयी है। महात्मा गांधी त्याग और बलिदान की मूर्ति थे। सादा जीवन और उच्च विचार उनका आदर्श था और वे भारतीय जनमानस में सदैव प्रेरणा के स्त्रोत रहेंगें। अहिंसा और सादगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व के प्रमुख अलंकार थे। उनके ये दोनों गुण आज भी आमजन को एक गौरवशाली जीवन की प्रेरणा देते हैं। एक गांधी जी थे जिन्होंने सत्य ओर अहिंसा का पाठ पढ़ाया, आत्मविश्वास ओर आत्मनिर्भरता से जीना सिखाया। आज के दिन हमें उनके बतायें मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सादगी, सच्चाई और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश की आजादी के आंदोलन में अपनी ऐतिहासिक और निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने देश को स्वावलम्बन के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी और ग्राम स्वराज के साथ-साथ सुशासन और सुराज का भी मार्ग दिखाया।

# गांधी जयंती और स्वच्छता अभियान: आधुनिक युग में प्रासंगिकता



**-सुनील कुमार महला।**

**प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में यह दिवस केवल और केवल एक महान नेता के जन्म का ही स्मरण मात्र नहीं है, बल्कि यह उन विचारों को पुनः जीवित करने का अवसर है, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक चेतना को एक नई दिशा दी।**

गांधी जी का स्वच्छता के बारे में यह कथन था कि-' स्वच्छता ईश्वरभक्ति के बाद दूसरा स्थान रखती है।' कहना ग़लत नहीं होगा कि गांधी जी स्वच्छता को केवल शारीरिक या बाहरी आवरण तक सीमित नहीं मानते थे, बल्कि इसे आत्म-शुद्धि, नैतिक बल और ईश्वर भक्ति से जोड़कर देखते थे। सच तो यह है कि स्वच्छता केवल आदत नहीं, राष्ट्र की प्रगति का आधार है और स्वच्छ वातावरण स्वस्थ नागरिक और सशक्त समाज का निर्माण करता है। जहाँ स्वच्छता होती है, वहाँ स्वास्थ्य, पर्यटन और विकास को गति मिलती है।हर नागरिक का छोटा-सा स्वच्छता प्रयास देश की बड़ी तस्वीर बदल सकता है। स्वच्छ सोच, स्वच्छ व्यवहार और स्वच्छ परिवेश से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है।

**स्वच्छ भारत अभियान एक जन-आंदोलन:-** पाठक जानते होंगे कि स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की जयंती पर की गई थी और इस अभियान का उद्देश्य देश को खुले में शौच से मुक्त बनाना और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इसके तहत घर-घर शौचालय निर्माण और ठोस-तरल कचरा प्रबंधन पर जोर दिया गया। वास्तव में यह स्वच्छ भारत अभियान ही था, जिसके तहत भारतीय गांवों और शहरों में स्वच्छता के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया।यह काबिले-तारीफ है कि आज ओडीएफ(खुले में शौच से मुक्ति) के बाद अब ओडीएफ प्लस के माध्यम से गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य, पर्यावरण, सम्मान और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा स्वच्छ भारत केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण का जनआंदोलन है।

**गांधी जी का स्वच्छता दर्शन और आज के युग में प्रासांगिकता:-**गांधी जी का मानना था कि एक स्वच्छ समाज ही एक स्वस्थ और स्वावलंबी राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। गांधी जी का यह मानना था कि स्वच्छता किसी विशेष वर्ग या जाति का काम नहीं है, बल्कि यह देश के प्रत्येक नागरिक का नैतिक व परम कर्तव्य है। सरल शब्दों में कहें तो उनका यह मानना था कि बाहरी कूड़े-कचरा की सफाई जितनी जरूरी है, उतनी ही आवश्यक मन की बुराइयों- जैसे घृणा, असमानता और छुआछूत की सफाई भी है। दरअसल, गांधी जी अपने आस पास के वातावरण की साफ-सफाई को नैतिक जिम्मेदारी मानते थे और आश्रम में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए इसे अनिवार्य बनाते थे। आज हम सभी इक्कीसवीं सदी में सांस ले रहे हैं और इस समय पूरी दुनिया तीव्र शहरीकरण, औद्योगिक विकास, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे में गांधी जी के स्वच्छता विचार और स्वच्छता अभियान की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में प्लास्टिक कचरा, ई-कचरा और औद्योगिक प्रदूषण गंभीर व बड़ी समस्या बन चुके हैं। स्वच्छता अभियान अब केवल झाड़ू लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कचरा प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट), रीसायकलिंग और पर्यावरण संरक्षण का पर्याय बन गया है। देश की तरक्की और प्रगति के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखना बहुत ही जरूरी है और यह तभी संभव हो सकता है जब देश में हर तरफ स्वच्छता हो। गंदगी कई बीमारियों का मूल कारण है। वास्तव में,स्वच्छता से जल जनित और संक्रामक बीमारियों में भारी कमी आती है, जिससे नागरिकों का स्वास्थ्य सुधरता है और चिकित्सा पर होने वाले खर्च में बचत होती है। एक स्वस्थ कार्यबल राष्ट्र की आर्थिक उन्नति में सीधा योगदान देता है।आज संयुक्त राष्ट्र के 'सतत विकास लक्ष्यों' (जैसे स्वच्छ जल, स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य) को प्राप्त करने में स्वच्छता अभियान एक मजबूत स्तंभ साबित हो रहा है।

## पाली पुलिस के 'ऑपरेशन जागृति' का मानवीय चेहरा

# ए एंटी रोमियो टीम-1090 ने त्वरित कार्रवाई कर पणिहारी चौराहे के पास से महिला को सुरक्षित किया मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह में कराया प्रवेश

**हाईवे पर असहाय मिली मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को दिलाया सुरक्षित आश्रय**

**पाली (हुक्मनामा समाचार)।** पाली जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील के. पवार के सुपरविजन में चलाए जा रहे ऑपरेशन जागृति अभियान का एक बड़ा मानवीय परिणाम सामने आया है। अभियान के तहत सार्वजनिक किए गए एंटी रोमियो टीम के हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक असहाय एवं राह भटकी महिला को समय रहते सुरक्षित आश्रय प्रदान किया।

**अंधेरे हाईवे से महिला को किया सुरक्षित रेस्क्यू** एसपी सेन ने बताया कि समाजसेवी रिजवान ने एंटी रोमियो टीम-1090 की प्रभारी एवं मुख्य आरक्षक पार्वती चारण को सूचना दी कि पाली शहर के पणिहारी चौराहे के आगे जयपुर हाईवे पर एक महिला भटक रही है। अत्यधिक यातायात और अंधेरा होने के कारण दुर्घटना की आशंका को देखते हुए टीम प्रभारी पार्वती चारण ने सूचनाकर्ता को महिला को रोककर रखने की हिदायत दी और तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस टीम ने महिला को हाईवे से सुरक्षित अपनी गाड़ी में बैठाया। महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ और अत्यधिक डरी-सहमी होने के कारण अपना नाम-पता बताने में असमर्थ थी। उच्चाधिकारियों से निर्देश प्राप्त कर महिला को तत्काल मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह पहुंचाया गया।

**महिला की हुई पहचान, पुनर्वास गृह में मिल रही देखभाल** दिव्यांग सेवा संस्थान द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह के कर्मियों द्वारा महिला की आवश्यक देखभाल और पुनर्वास सेवाएं शुरू की गईं। बाद में महिला की पहचान जाडन निवासी इंदिरा मेघवाल के रूप में हुई। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचित किया गया, लेकिन परिजनों के उपस्थित न होने के कारण वर्तमान में महिला पुनर्वास गृह में ही निवासरत है। महिला का डॉक्टरी परीक्षण भी करवाया गया, जिसमें किसी भी प्रकार की दुर्घटना या चोट न होने की पुष्टि हुई है।



**मानवीय पहल में इन सदस्यों का रहा विशेष योगदान** इस पूरी संवेदनशील कार्रवाई में एंटी रोमियो टीम की हेड कांस्टेबल पार्वती चारण, विमल कंवर, पूनम, भावना, वाहन चालक श्याम सिंह तथा समाजसेवी रिजवान का विशेष सराहनीय सहयोग रहा। पाली पुलिस और समाजसेवियों के इस संयुक्त प्रयास से महिला को असुरक्षित माहौल से निकालकर समय पर आश्रय प्रदान किया जा सका, जिस हेतु मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह प्रबंधन ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

## अतिशय क्षेत्र मेहंदवास में 45वां वार्षिक, रथयात्रा निकालेंगे, कलशाभिषेक समेत कई आयोजन होंगे



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** अतिशय क्षेत्र मेहंदवास में दो दिवसीय धार्मिक जैन मेला सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ। मंत्री वीरेंद्र संघी ने बताया कि मेहंदवास में मूलनायक चंद्रप्रभु भगवान की अति प्राचीन प्रतिमा भूगर्भ से प्राप्त हुई थी। इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष इस दिन अतिशय क्षेत्र का वार्षिक उत्सव आयोजित किया जाता है। अध्यक्ष कमलेश कल्ली वाले टोंक ने बताया कि इस वर्ष वार्षिक उत्सव में परम पूज्य गणिनी आर्यिका 105 कनक माताजी ससंघ का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। कोषाध्यक्ष नीरज जैन धुंधरी वाले देवली वालों ने बताया कि 1 अक्टूबर को दोपहर में चंद्रप्रभु विधान मंडल का आयोजन किया गया। सायंकाल आरती के पश्चात भारतीय तपोवन आर्ट, नई दिल्ली द्वारा सुंदर नाटिका का मंचन किया गया। वर्षायोग संयोजक अरविंद जैन दत्तवास वाले ने बताया कि शुक्रवार को सुबह नित्याभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन होगा। इसके पश्चात मंगल ध्वजारोहण तथा श्रीजी की नगर परिक्रमा निकाली जाएगी। दोपहर में भारतीय तपोवन आर्ट, नई दिल्ली द्वारा सामाजिक नाटिका का मंचन किया जाएगा। इसके बाद श्रीजी के वार्षिक कलशाभिषेक होंगे तथा अंत में सामूहिक भोजन का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से दो दिवसीय वार्षिक उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

## पंचायती राज चुनाव के शंखनाद के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में फूंका जोश नागौर की धरती से भाजपा सरकार पर बरसे नेता प्रतिपक्ष जूली

**डेगाना (हुक्मनामा समाचार)।** नागौर के डेगाना में कांग्रेस के पंचायती राज कार्यकर्ता सम्मेलन और जनसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर तीखे राजनीतिक प्रहार करते हुए कार्यकर्ताओं में चुनावी जोश भरा। जूली ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब पंचायती राज चुनाव सामने हैं तो भाजपा नेताओं की सांसें फूल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निकाय चुनाव के दौरान सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग, तमाम हथकंडों और कथित दबाव के बावजूद जनता ने अपना फैसला सुना दिया। **जूली बोले निकाय चुनाव का जनादेश भाजपा के लिए आईना** जूली ने कहा कि निकाय चुनाव में किए गए तमाम दावे और राजनीतिक हथकंडे जनता के जनादेश के सामने टिक नहीं पाए। इस जनादेश ने भाजपा नेताओं की रातों की नींद उड़ा दी है और अब यही जनता पंचायती राज चुनाव में भी अपना फैसला सुनाने वाली है। उन्होंने कहा कि हर बुराई का अंत होता है और भाजपा सरकार के कथित पाप का घड़ा अब भर चुका है। जूली ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी पहुंचकर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को जनता तक ले जाने का आह्वान किया।

**राहुल गांधी के नेतृत्व में बदलाव का वादा** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश का आमजन राहुल गांधी के नेतृत्व में बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पंचायत चुनाव के मैदान में उतरने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। **नागौर की धरती से पंचायती राज की विरासत का हवाला** जूली ने नागौर को पंचायती राज की ऐतिहासिक भूमि बताते हुए कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नागौर से पंचायती राज व्यवस्था की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि आज उसी धरती से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खड़े होकर वे पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस की जीत का आगाज करने का संदेश दे रहे हैं। जूली ने मंच के सामने मौजूद बड़ी संख्या में लोगों की ओर इशारा करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जनता और कार्यकर्ताओं का एकत्र होना राजनीतिक माहौल में बदलाव का संकेत है। उन्होंने दावा किया कि आगामी पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। **अब गांव की चौपाल पर होगा भाजपा के कामकाज का हिसाब** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अब चुनाव शहरों की सड़कों से निकलकर गांव की चौपाल तक पहुंच गया है और जनता सरकार के कामकाज का हिसाब मांगने वाली है। नागौर की धरती से जूली ने कार्यकर्ताओं को चुनावी मोर्चे पर पूरी ताकत से जुटने का संदेश देते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के मुद्दों को लेकर गांव-गांव पहुंचें। उन्होंने कहा कि पंचायती राज चुनाव केवल राजनीतिक दलों की लड़ाई नहीं, बल्कि गांव के विकास, स्थानीय समस्याओं और जनता की आवाज से जुड़ा चुनाव है। **जूली ने नागौर की धरती से 'हाथ' के लिए भरी हुंकार** नागौर की धरती पर जूली के तीखे तेवरों ने सभा को अलग सियासी रंग दिया। मंच से भाजपा पर लगातार हमलों के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चुनावी ऊर्जा साफ दिखाई दी।

## ग्राम पंचायत टोकसी में विकास अधिकारी ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

**गंगापुर सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत टोकसी में विकास अधिकारी डॉ0 जगदीश गुर्जर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अभियानों के तहत किए जा रह कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, जल संचय जन भागीदारी अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। विकास अधिकारी ने आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली तथा अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय में पूर्ण करवाने के लिए संबंधित ग्राम विकास अधिकारी एवं लाभार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध करवाने विशेष जोर दिया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। गांव में साफ-सफाई, स्वच्छ वातावरण एवं कचरा प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली गई। अभियान के माध्यम से गांव के विकास में सहभागिता एवं अपनी मातृभूमि के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित कार्मिकों को अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जल संचय जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया। विकास अधिकारी ने जल संरक्षण को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए ग्रामीणों को जल का सदुपयोग करने तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। जल संचयन से जुड़े कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं उपयोगी तरीके से पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए गए। वहीं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण की स्थिति का निरीक्षण किया गया। विकास अधिकारी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा जब पौधों का संरक्षण कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित किया जाए। विकास अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरकार की योजनाओं एवं अभियानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

### राधाकृष्णन शिक्षक संघ ने उपार्जित अवकाश, जी. पी.एफ एवं राज्य बीमा के स्वीकृत बिलों की राशि का अविलंब भुगतान करने की उठाई मांग



**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा एवं जिला संयोजिका नीरू जैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा मंत्री और मुख्य सचिव हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय में ऋतुराज शर्मा धौलपुर को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा एवं जिला संयोजिका नीरू जैन ने बताया कि राज्य कर्मचारियों द्वारा समर्पित उपार्जित अवकाश (सरेंडर लीव), जीपीएफ तथा राज्य बीमा के भुगतानों हेतु नियमानुसार प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किए गए थे। इनके बिल सम्बंधित कोषालय द्वारा पास हुए। लेकिन कई माह व्यतीत हो चुके हैं। किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि बिल पारित होने के बावजूद कर्मचारियों को आज तक इनकी नकद राशि प्राप्त नहीं हुई है। उपार्जित अवकाश के भुगतान हेतु अप्रैल 2026 में आवेदन किए गए थे, परंतु सितंबर माह समाप्त हो गया है और इनकी राशि स्वीकृति एवं भुगतान की प्रक्रिया अभी तक अटकी हुई है। यही स्थिति जीपीएफ एवं राज्य बीमा भुगतानों की भी है। जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। अतः राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन धौलपुर के सभी पदाधिकारियों एवं सेवा निवृत्त कार्मिकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पारित बिलों की रुकी हुई राशि का नकद भुगतान/निकासी जारी करें ताकि कर्मचारियों को उनकी जायज मांग का लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला संयोजिका नीरू जैन, ओमप्रकाश लोधा, सुमित कुमार पाराशर प्रधानाचार्य, जगमोहन सिंह शर्मा व्याख्याता, हरिफूल उपाध्यक्ष, सभाध्यक्ष अहमद नवी, रामनिवास कनिष्ठ लिपिक, विशाल तिवारी, हरीश कुमार, मुकेश कुमार बघेल, कोमल सिंह भास्कर, पुरुषोत्तम शर्मा, भूपेंद्र कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष परमानंद, देवदत्त शर्मा, सचिन वर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा आदि कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां के बीच राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# 41 जिलों की टीमे ले रहो भाग, खेल हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बने : बीएस पन्नू

**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहीद कैप्टन नवपाल सिंह सिद्धू स्टेडियम में 70 वीं राज्य स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरलाल सहारण जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विमला देवी परिहार, अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी हरबंस सिंह संधू, जे.एस भाजवा, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी, प्राचार्य नीलम त्रिपाठी, प्राचार्य पुष्पा पांडे एवं नियो लर्निंग स्कूल निर्देशक गोकर्ण गर्ग, बलबीर सिंह, महल सिंह, प्रधानाध्यापिका डा0 गरिमा बंसल, कमल चावला सहित अन्य प्रमुख व्यक्तियों द्वारा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शहीद कैप्टन नवपाल सिंह सिद्धू, शहीद रामेश्वर तरड़, शहीद महेंद्र सिंह राणा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, उपरांत विभिन्न जिलों की टीम खिलाड़ियों ने उत्साह जनक वातावरण में खेल मैदान पर अनुशासनमयी आकर्षण मार्च फास्ट प्रस्तुत किया और ज्योति प्रज्जवलित की गई। एएसएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पंजाबी, हिंदी, राजस्थानी, हरियाणवी आदि लोकप्रिय गीतो पर अद्भुत नृत्य प्रस्तुतियां देकर रोकडो की संख्या में उपस्थित जनों का मनमोह लिया, प्रतियोगिता के सचिव एवं एएसएम पब्लिक स्कूल सीसी हेड के प्राचार्य बीएस पन्नू व उपपरचार्य पलविंदर कौर पन्नू की अगुवाई मे अतिथियों का सामान महत्वपूर्ण पौधे अर्पित करके किया गया। बीएस पन्नू ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये करीब सैकड़ो खिलाड़ियों व खेल विशेषज्ञ एवं शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त अधिकारियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि शहीदों की पावन भूमि पर पहली बार तीरंदाजी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है क्योंकि शिक्षा के साथ खेलकुद हमारे जीवन के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी रही है और हमारा सौभाग्य है कि इस प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर ऊन्हे मिला है, पन्नू ने गुरुद्वारा सिंह सभा व सुखमनी सेवा समिति सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा इनके सहयोग से खिलाड़ियों व खेल प्रशिक्षकों के लिए भोजन, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओ सुनिश्चित किया है ताकिखिलाड़ियों को बेहतर



सुविधाएं प्रदान की जाये, मुख्य अतिथि हरलाल सहारण व विमला देवी परिहार जेएस बाजवा व पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि खेल इतिहास में आज का दिन सुनहरी अक्षरों में दर्ज हो गया जब प्रदेश के अलग-अलग जिलों से 14 वर्षीय बालक / बालिकाएं अपने बेहतर खेल के माध्यम से चैंपियन बनने का अथक प्रयास करेंगी।

## एक नजर

**एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत आंधी थाना पुलिस की कार्रवाई**

### 'गिरफ्तारी वारंटी रामगोपाल मीणा व स्थाई वारंटी गोपाल सैनी को किया गिरफ्तार

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए आंधी थाना पुलिस ने गिरफ्तारी वारंटी रामगोपाल मीणा पुत्र कल्याण सहाय मीणा उम्र 67 साल निवासी रामपुरावास थली पुलिस थाना आंधी व स्थाई वारंटी गोपाल सैनी पुत्र जगदीश प्रसाद सैनी उम्र 33 साल निवासी कानपुरा मुण्डावरा थाना नारायणपुर जिला अलवर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीणा ने जानकारी देते हुए बताया की महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर राहुल प्रकाश द्वारा जिला स्तर पर दिनांक 29 सितंबर से 30 सितंबर तक दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों की धरपकड़ एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु तथा अभियान के दौरान हार्डकोर अपराधी, हिस्ट्रीशीटर अपराधों, आदतन अपराधी, महिला अत्याचार के प्रकरणों में वांछित अपराधी, जघन्य अपराधों में फरार चल रहे वांछित अपराधी, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के अभ्यस्त अपराधी एवं प्रकरणों में वांछित अपराधी, साईबर अपराधों में वांछित अपराधी, साईबर अपराधी, इनामी अपराधी, सामान्य अपराधों में वांछित अपराधी, पी. ओ. भगोड़े, स्थाई वारंटी एवं गिरफ्तारी वारंटियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी एवं फायर आर्म्स एक्ट, अवैध शराब, अवैध खनन एवं अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था। अभियान की सफलता हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा लाखन सिंह व सी ओ वृत्त जमवारामगढ़ रामकिशन विश्नोई के निकट सुपरविजन में तथा पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी पुलिस थाना आंधी राजेंद्र कुमार मय टीम द्वारा अभियान में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर कार्यवाही करते हुए एक स्थाई वारंटी व एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### घर में घुसकर 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला से लूट पैरों से चांदी के कड़े निकाल ले गए बदमाश



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कुंडेरा थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में गुरुवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला से लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई। अज्ञात बदमाशों ने घर में अकेली महिला को बंधक बनाकर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और धारदार हथियार से हमला कर पैरों में पहने चांदी के कड़े निकाल लिए। वारदात में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार शेरपुर निवासी मथुरा देवी (75) पत्नी स्वर्गीय गोपाल माली गुरुवार को घर पर अकेली थीं। उनका बेटा रामावतार माली और परिवार के अन्य सदस्य कृषि कार्य के लिए खेत पर गए हुए थे, जबकि बच्चे स्कूल गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाश घर में दाखिल हो गए और बुजुर्ग महिला को अकेला पाकर वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने महिला को बंधक बनाकर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद धारदार हथियार से हमला कर उसके पैरों में पहने करीब डेढ़ किलो वजन के चांदी के कड़े निकाल लिए। कड़े निकालने के दौरान महिला के पैरों में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गई। वारदात के बाद बदमाश महिला को घायल अवस्था में छोड़कर चांदी के कड़े लेकर फरार हो गए। स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर पहुंचे तो उन्होंने अपनी दादी मथुरा देवी को घर में घायल और बेसुध हालत में पड़ा देखा। बच्चों ने तत्काल खेत पर कृषि कार्य कर रहे परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजन ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने पर कुंडेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल महिला एवं परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटा रही है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के तहत 'एक दिन एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम आयोजित



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के अंतर्गत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम का आयोजन पंचायत छान के देवतमाता मंदिर एवं बनास नदी घाट पर किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्थल पर साफ-सफाई एवं पौधारोपण किया गया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित परिसंपत्तियों, जैसे मैजिक पिट एवं नाडेप की साफ-सफाई का कार्य भी किया गया। उपस्थित लोगों को चार स्तरीय कचरा पात्रों के उपयोग एवं कचरा पृथक्करण के संबंध में जानकारी दी। स्वच्छता कार्य में योगदान देने वाले स्वच्छता कार्मिकों का सम्मान किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विष्णुदत्त शर्मा, सहायक विकास अधिकारी, शंकरलाल सैनी, सहायक विकास अधिकारी, रामदेव लुहार, सहायक विकास अधिकारी, दामोदर बैरवा, जिला समन्वयक, जिला परिषद टोंक, शम्भू कुमार साहु, ब्लॉक समन्वयक, पंचायत समिति टोंक, भंवरलाल बैरवा, प्रशासक, छान, चौथमल चन्देल, ग्राम विकास अधिकारी, हेमलाल जाट, उपसरपंच, रामफुल चौधरी एवं बरजी देवी, मण्डल अध्यक्ष नन्दलाल जाट, राजेश्वरी चौधरी, ललिता शर्मा, सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास, बुद्धिप्रकाश चांवला, महावीर सिंह, कनिष्ठ सहायक, पंचायत समिति टोंक; सरिता चौधरी, पंचायत समिति टोंक सहित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं देवतमाता छान के पुजारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम के निर्माण में सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

# टोंक रोड पर स्थित राडो शोरूम में दुस्साहसिक चोरी, तड़के 4 बजे शटर तोड़कर 5-7 बदमाश उड़ा ले गए कीमती घड़ियां

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के व्यस्त इलाकों में शुमार टोंक रोड पर ग्लास फैक्ट्री के पास स्थित लग्जरी घड़ियों के प्रतिष्ठित शोरूम 'राडो' (ऋड्डस्रश) में बुधवार देर रात एक बड़ी और सनसनीखेज चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। रात के अंधेरे में शातिर चोरों ने महज कुछ ही मिनटों में शोरूम को निशाना बनाया और कीमती घड़ियों के स्टॉक पर हाथ साफ कर लिया। गुरुवार सुबह जब आसपास के लोगों ने शोरूम का शटर टूटा हुआ देखा, तो हड़कंप मच गया और घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई ।तड़के 4 बजे का वक्त और खौफनाक वारदात पुलिस और स्पेशल कमिश्नर ओम प्रकाश द्वारा दी गई शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यह दुस्साहसिक वारदात गुरुवार तड़के करीब 4 बजे अंजाम दी गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सामने आया कि इस घटना में कुल 5 से 7 बदमाश शामिल थे। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि कैसे दो शातिर बदमाश लोहे की भारी रॉड (नकब) से शोरूम का मजबूत शटर तोड़कर अंदर दाखिल हुए। हैरानी की बात यह थी कि जब वे अंदर तांडव मचा रहे थे, तो उनके कुछ साथी बाहर सड़क पर खड़े होकर लगातार पहरेदारी और निगरानी कर रहे थे।

**चंद मिनटों में किया सब कुछ तहस-नहस** शोरूम के अंदर घुसते ही बदमाशों ने तबाही मचा दी। शो-केस, डिस्प्ले रैक, टेबल और स्टोर रूम में सजी एक से बढ़कर एक महंगी और कीमती घड़ियों को उन्होंने तेजी से बोरियों और बैगों में भरना शुरू कर दिया। डिस्प्ले पर सजी चमकती घड़ियां मिनटों में खाली हो गईं। वारदात इतनी तेजी से और पेशेवर तरीके से की गई कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के बाद गुरुवार सुबह जब शोरूम का मुआयना किया गया, तो अंदर का पूरा सामान बिखरा हुआ मिला और करोड़ों की ब्रांडेड घड़ियां गायब थीं। **पुलिस की टीमें खंगाल रही हैं सुराग** सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एफएसएल (स्नस्रु) टीम को तुरंत मौके पर बुलाया गया, जिसने शोरूम के अंदर से फिंगरप्रिंट और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने बदमाशों द्वारा मौके पर ही छोड़ी गई लोहे की रॉड को भी जब्त कर लिया है। स्पेशल कमिश्नर ओम प्रकाश ने बताया कि टोंक रोड और आसपास के इलाकों




के तमाम सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि बदमाशों के आने और भागने के रास्तों का पता लगाया जा सके। फिलहाल, शोरूम मालिक की ओर से चोरी गई घड़ियों की कुल संख्या और उनकी सटीक कीमत का मिलान किया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि शहर के इस हाई-प्रोफाइल चोर गिरोह को जल्द ही सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा।

# इंटर्नशिप के लिए एनओसी जारी करने की एवज में मांगे थे 40 हजार रुपए, कैशियर को रंगे हाथ पकड़ा

### आयुर्वेदिक कॉलेज में स्टूडेंट से रिश्वत लेते 3 गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर के किशनगढ़ रेनवाल स्थित शिरडी साईं बाबा आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल में एसीबी ने रिश्वतखोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। कॉलेज में बीएएमएस छात्रा की दूसरे कॉलेज से इंटर्नशिप के लिए ह्लह्रष्ट जारी करने की एवज में 40 हजार रुपए रिश्वत मांगने के मामले में एसीबी ने तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कैशियर को 35 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया, जबकि पूछताछ में दो अन्य कर्मचारियों के नाम भी सामने आए। उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। डीजी एसीबी गोविन्द गुप्ता ने बताया- परिवादी की भतीजी शिरडी साईं बाबा आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल (मुण्डियागढ़) में बीएएमएस की पढ़ाई कर रही है। उसे अन्य कॉलेज से इंटर्नशिप करने के लिए ह्लह्रष्ट की जरूरत थी। इसके लिए कॉलेज कार्मिकों द्वारा 40 हजार रुपए रिश्वत मांगकर परेशान किया। **सत्यापन में 35 हजार रुपए में तय हुआ सौदा** शिकायत मिलने पर डीआईजी ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन और एएसपी भूपेन्द्र के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान 40 हजार रुपए की मांग के बाद 35 हजार रुपए में रिश्वत राशि तय होने की पुष्टि हुई। इसके बाद गुरुवार को एसीबी टीम ने ट्रेप कार्रवाई करते हुए कॉलेज के कैशियर एवं स्टोर कीपर रमेश कुमार शर्मा को परिवादी से 35 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। **डिप्टी डायरेक्टर और कम्प्यूटर ऑपरेटर भी गिरफ्तार** डीआईजी ओमप्रकाश मीणा ने बताया- ट्रैप कार्रवाई के दौरान पूछताछ में कॉलेज के क्वालिटी कंट्रोल लैब इंचार्ज एवं डिप्टी डायरेक्टर योगेश कुमार अपूर्वा और कम्प्यूटर ऑपरेटर/कनिष्ठ सहायक राजकुमार मीणा की भी रिश्वत प्रकरण में आपराधिक संलिप्तता सामने आई। इस पर एसीबी ने दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई एसीबी जयपुर नगर प्रथम की टीम ने पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में की। एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव और आईजी एस. परिमला के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

### सांगानेर सदर थाने का एएसआई 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार

# एसीबी ने रंगे हाथों पकड़ा, राजीनामा करने के एवज में मांगी थी रिश्वत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार दोपहर को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। एएसआई थाना परिसर के अंदर बने रूम में घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के साथ उसके घर की तलाशी भी कर रही है। एडीजी (एसीबी) स्मिता श्रीवास्तव ने बताया- सांगानेर सदर थाने में तैनात स्ढ्ढ महेश चन्द मीणा को अरेस्ट किया है। एसीबी में परिवादी ने शिकायत दी कि सांगानेर सदर थाने में उसके मामा की ओर से मामला दर्ज कराया गया। मामले की जांच स्ढ्ढ महेश चन्द मीणा कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार स्ढ्ढ महेश चन्द ने परिवादी के मामा की पिकअप छोड़ने और सहपरिवादी को मुल्जिम नहीं बनाने के एवज में 20-20 हजार की रिश्वत मांगी जा रही है और बार बार परेशान किया जा रहा है। **10 हजार रुपए में हुआ सौदा** मामले में एसीबी की ओर से शिकायत का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी स्ढ्ढ की ओर से मामले में राजीनामा होने के डॉक्यूमेंट मांगकर पिकअप को छोड़ने और मामले को खत्म करने के एवज में 10 हजार रुपए में सौदा हुआ। एएसआई ने परिवादी और सहपरिवादी को आज दोपहर बुलाया था और मामले में राजीनामा के डॉक्यूमेंट और सहपरिवादी से पूछताछ के बाद 10 हजार रुपए घूस ली।

### राजस्थान में पात्र एवं नव मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु प्रारम्भ होगा विशेष अभियान : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में राजस्थान में मतदाता सूची के सतत अद्यतन के अंतर्गत अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान सम्मिलित होने से शेष पात्र मतदाताओं एवं युवा तथा प्रथम बार पात्र हुए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करना है। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवीन महाजन द्वारा अवगत करवाया गया कि सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब स्कूल एवं कॉलेज द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष केम्प का आयोजन किया जायेगा। साथ ही पात्र नागरिकों से भी अपील है कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी करें। भारत निर्वाचन आयोग ने आम जन की सुविधा के लिए मतदाता पंजीकरण के फॉर्म-6 व संशोधन के फॉर्म-8 के साथ एस आई आर के दौरान जोड़े गये घोषणा पत्र को हटा दिया है। अब राजस्थान सहित एस आई आर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुके अन्य राज्यों में पात्र नागरिक के माध्यम से पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 ऑनलाईन भर सकते है अथवा अपने क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है। इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब स्कूल एवं कॉलेज द्वारा आयोजित किये जाने वाले विशेष केम्पों में जाकर भी आवेदन की प्रक्रिया को आसानी से समझा जा सकता है।

# रीको के अविकसित एवं अर्धविकसित भूखण्डों की नीलामी में दिखा निवेशकों का उत्साह, 12 भूखण्डों के लिये 128 उद्यमियों ने लगाई बोली

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में औद्योगिक, लॉजिस्टिक्स एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीको द्वारा आयोजित अविकसित एवं अर्धविकसित भूखण्डों की ई-नीलामी में निवेशकों का जबरदस्त रूझान दिखाई दिया है। दिनांक 30.09.2026 को समाप्त हुई ऑनलाइन बिड में करीब 391 एकड़ क्षेत्रफल वाले 12 भूखण्डों के लिए 128 निवेशकों ने भाग लिया, जिससे रीको को 569 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई जोकि प्रदेश में निवेश के प्रति उद्यमियों की रुचि और रीको की नीतियों एवं योजनाओं पर निवेशकों के बढ़ते विश्वास का संकेत मिलता है। पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रीको द्वारा उदयपुर के माल की टूस में उपलब्ध कराए गए 2 भूखण्डों के लिए निवेशकों की विशेष रुचि देखने को मिली। इन दोनों भूखण्डों के लिए 68 उद्यमियों ने बिड में भाग लिया। इन भूखण्डों पर पर्यटन आधारित परियोजनाएं स्थापित होने से प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त भिवाड़ी के राबड़का में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के विस्तार के लिए नियोजित 1 भूखण्ड के लिए 7 आवेदन, दौसा के आई.जी.पी. जयरामपुरा में 1 औद्योगिक भूखण्ड के लिए 3 आवेदन, दौसा के बांदीकुई (साउथ वेस्ट जोन) में 4 औद्योगिक भूखण्डों के लिए 32 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार राजसमंद के तनाजा का बांसा में 2 औद्योगिक भूखण्डों के लिए 6 आवेदन तथा उदयपुर के पीपाड़ में 2 औद्योगिक भूखण्डों के लिए 12 आवेदन प्राप्त हुए। रीको द्वारा उपलब्ध कराई जा रही यह भूमि उद्योग, लॉजिस्टिक्स एवं पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने वाले निवेशकों को राज्य में सफल उद्यम स्थापित करने के लिये महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। भूमि का आवंटन प्रारंभ में 33 वर्ष की अवधि के लिए किया जा रहा है तथा लीज अवधि को दो बार 33-33 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा। प्रारंभिक 33 वर्ष की लीज अवधि पूरी होने के बाद पहली 33 वर्षीय नवीनीकरण अवधि तथा उसके बाद दूसरी 33 वर्षीय नवीनीकरण अवधि के लिए नवीनीकरण के समय संबंधित औद्योगिक क्षेत्र में प्रचलित आवंटन दर के आधार पर 10 प्रतिशत भूमि प्रीमियम देना होगा। रीको की यह पहल प्रदेश में निवेश, औद्योगिक विकास, लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर एवं पर्यटन गतिविधियों को गति देने के साथ-साथ नए उद्यमियों के लिए भूमि की उपलब्धता आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### गांधी जयंती पर शासन सचिवालय एवं गांधी सर्किल पर समारोह आयोजित होंगे

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 2 अक्टूबर को जयपुर में शासन सचिवालय परिसर एवं गांधी सर्किल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांधी सर्किल पर कार्यक्रम में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देंगे। सचिवालय में मुख्यमंत्री महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मालार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। शासन सचिवालय परिसर में प्रात: 7:30 बजे से तथा गांधी सर्किल पर प्रात: 8:15 बजे से समारोह आयोजित होगा। समारोह में मंत्रिगण, जनप्रतिनिधिगण तथा अधिकारी-कर्मचारीगण भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान राजकीय विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन भी किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि कार्यक्रमों के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### विशेष निरोधात्मक अभियान

# 2 करोड़ 22 लाख से अधिक की विदेशी मदिरा हुई जब्त 4 लाख लीटर से अधिक वॉश सहित शराब भट्टियां की गई नष्ट

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के कुशल निर्देशन में प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए 14 से 30 सितंबर तक चलाया गया विशेष निरोधात्मक अभियान प्रभावी एवं सफल रहा। इस अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में अन्य राज्यों की अवैध अंग्रेजी मदिरा की खेप पकड़ी गई जिसकी कीमत 2 करोड़ 22 लाख 86 हजार 460 रूपए है। इसी प्रकार अवैध हथकड़ मदिरा सीज, वॉश एवं शराब की भट्टियों को नष्ट करते हुए 543 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज किए गए। उल्लेखनीय है कि विशेष निरोधात्मक अभियान की सफलता से अवैध मदिरा की तस्करी पर प्रभावी चोट की गई है जो राजस्व क्षति को रोकने में सहायक रहेगी। **अवैध मदिरा तस्करी में लिप्त 543 गिरफ्तार - 1183 अभियोग दर्ज—** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में 14 से 30 सितंबर तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 1183 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में देशी मदिरा 9 लाख 30 हजार 968 रूपए लागत की 3400 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा 2 करोड़ 22 लाख 86 हजार 460 रूपए की 22316 लीटर, बीयर 3 लाख 67 हजार रूपए की 1736 लीटर, स्प्रिट एक लाख 20 हजार 350 लीटर एवं हथकड़ शराब 8712 लीटर जब्त की गई है। इसी क्रम में वॉश 4 लाख एक हजार 24 लीटर नष्ट किया गया है। प्रदेश में अभियान के दौरान बडे वाहन 7, हल्के चार पहिया 13 एवं दुपहिया वाहन 24 सहित 44 वाहन जब्त करते हुए 543 व्यक्तियों का गिरफ्तार किया गया है।

**करोड़ों की अवैध मदिरा पकड़ी, आबकारी दलों ने ट्रक व टेंकर्स किए सीज—** प्रदेश में आबकारी विभाग के निरोधात्मक अभियान के तहत 14 से 30 सितंबर की अवधि में 15 सितंबर को बीकानेर में आबकारी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतमाला रोड़ सेजड़ासर सरहद पर मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी कर एक ट्रक से पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की 732 कार्टन बरामद किए। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत 65 लाख रुपए आंकी गई। ब्यावर में 22 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर आबकारी निरोधक टीम ने फैक्ट्री तिराहा अंधेरी देवरी में नाकाबंदी कर एक पिकअप को रोककर जांच करने पर इसमें आर्मी केन्टीन की मदिरा मिली। पिकअप में 300 कार्टन ओल्ड मॉक रम फोर सेल इन डिफेंस ओनली जब्त कर अभियोग दर्ज किया गया। उदयपुर जिले के खेरवाड़ा में 25 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर ट्रक में बने 8 गुप्त चेम्बर से फोर सेल इन चंडीगढ मदिरा अवैध अंग्रेजी मदिरा की बड़ी खेप बरामद की गई। सवाईमाधोपुर एवं बीकानेर



में 29 सितंबर को कार्रवाई में सवाईमाधोपुर में ट्रक से अनुमानित 52 लाख रूपए की फोर सेल इन पंजाब मदिरा जब्त की गई। इसी दिन बीकानेर में 3 टेंकर्स से एक लाख 20 हजार लीटर स्प्रिट सीज किया गया जिसकी लागत 15 लाख रूपए है एवं इससे अवैध तरीके से अनुमानित 60 लाख रूपए की अवैध मदिरा बनाकर आगामी पंचायत चुनावों में ग्रामीण क्षेत्रों खपाने की तैयारी थी। आबकारी टीम जोधपुर द्वारा 30 सितंबर को भारतमाला हाईवे पर नाकाबंदी कर एक ट्रक में फोर सेल इन चंडीगढ़ अंग्रेजी मदिरा की ऑल सीजन व्हीस्की, रॉयल चेलेन्ज व्हीस्की एवं चार्ली व्हीस्की ब्रांड के 729 कार्टन में अनुमानित 70 लाख रूपए की मदिरा जब्त की गई। इसी क्रम में प्रदेश में अवैध हथकड़ मदिरा, वॉश नष्टीकरण की भी प्रभावी कार्रवाई कर तस्करी में लिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। ईपीएफ दलों ने रेलवे पुलिस के साथ मिलकर भी कार्यवाहियां करते हुए अवैध मदिरा के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाई गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-उदेई कलां
### पंचायत समिति गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक : ग्रा.प./SPL/2026-27-04 दिनांक : 01.10.2026

ई-निविदा सूचना संख्या-Udeikalan-1-03/2026-2027

**सूचना**

ग्राम पंचायत उदेई कलां पंचायत समिति गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के आदेशानुसार ग्राम पंचायत उदेई कलां में ग्रामीण विकास/पंचायतीराज की विभिन्न योजना एसएफसी, एफएफसी, VB-G-RAM-G एवं अन्य योजना में स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु GST में पंजीकृत सक्षम अनुभव प्राप्त फर्मों को सामग्री आपूर्ति हेतु वस्तु एवम् सेवा कर में पंजीकृत विक्रेताओं निविदादाता से उक्त कार्य के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया में निविदाये आमंत्रित की जाती है निविदा सम्बंधित विवरण वेबसाइट https://sppp. rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB-ZSM2627A0589

UBN-ZSM2627GLRC005689

प्रशासक ग्राम पंचायत-उदेई कलां — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत-उदेई कलां



राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सीकर

2/3, हाउसिंग बोर्ड, बस डिपो के पीछे, सीकर, फोन नं. 01572-270329
E-mail- eerhsdpsikar@gmail.com, ee-mh-sikar@gov.in

क्रमांक:प.01( )/चि.स्वा./खण्ड-सीकर/2026-27/767 दिनांक : 23/9/2026

**ई-निविदा सूचना :- 29/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सीकर के जिला सीकर एवं जिला झुंझुंनू में विभिन्न उप स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्य एवं विभिन्न सिविल कार्य हेतु राशि रु. 27.21 लाख से 53.16 लाख तक के कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट व विभागीय वेब साईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in, http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता हैं। कार्य के UBN No निम्नलिखित है :-

| क्र.सं. | यूबीएन |
|---|---|
| 1. | NRH2627WSOB00855 |
| 2. | NRH2627WSOB00856 |
| 3. | NRH2627WSOB00857 |

अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,
खण्ड सीकर

DIPR/C/16701/2026



| राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
|---|---|
| साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

अश्विन, 02, गुरुवार, शाके 1948-सितम्बर 24, 2026
Asvina 02, Thursday, Saka 1948- September 24, 2026

भाग-1 (ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञाएँ

सार्वजनिक निर्माण विभाग (पथ) राजस्थान जयपुर

कार्यालय भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी सावर, सरवाड़ एवं केकड़ी, जिला-अजमेर

**प्रारम्भिक अधिसूचना**

अजमेर, अगस्त 27, 2026 एवं सितम्बर 18 व 22, 2026

प्रपत्र 7

(धारा-11 भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत)

नियम 16 के उपनियम (1) देखें

संख्या-सा.नि.वि./खण्ड शाहपुरा/2026 Rajkaj Ref 24595471, 24595487 एवं 24595512: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के अन्तर्गत राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राजस्थान राज्य के जिला अजमेर में राज्य राज्यमार्ग संख्या-26 (केकड़ी-देवली खण्ड) के वर्तमान दो लेन सड़क को फोर लेन गलियारे में परिवर्तित करने हेतु प्रस्तावित परियोजनान्तर्गत सड़क निर्माण किये जाने हेतु लोक प्रयोजन के लिए जिला-अजमेर, तहसील-सावर के ग्राम-सदारा, भांडावास, राजपुरा, उँकारपुरा, सावर, जसवन्तपुरा, घटियाली, नीमेड़ा, कालाखेत एवं गिरवरपुरा में कुल 35.4575 हेक्टयर व तहसील-सरवाड़ के ग्राम-अजगरी में कुल 4.8107 हेक्टयर व तहसील-केकड़ी के ग्राम-केकड़ी, सरसड़ी, उगाई, कोहड़ा, पारा, मीणोकानयागाँव एवं गुलगांव में कुल 67.1682 हेक्टयर भूमि की आवश्यकता है।

अत: उपरोक्त परियोजना के लिये जिला-अजमेर, तहसील-सावर के ग्राम-सदारा, भांड़ावास, राजपुरा, उँकारपुरा, सावर, जसवन्तपुरा, घटियाली, नीमेड़ा, कालाखेत एवं गिरवरपुरा में कुल 35.4575 हेक्टयर व तहसील-सरवाड़ के ग्राम-अजगरी में कुल 4.8107 हेक्टयर व तहसील-केकड़ी के ग्राम-केकड़ी, सरसड़ी, उगाई, कोहड़ा, पारा, मीणोकानयागाँव एवं गुलगांव में कुल 67.1682 हेक्टयर भूमि अधिसूचित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

परियोजना प्रतिवेदन का अवलोकन भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी सावर, सरवाड़ एवं केकड़ी, जिला-अजमेर के कार्यालय में किया जा सकता है।

https://reams.rajasthan.gov.in

प्रकाशन तिथि : 24 सितम्बर, 2026

https://q.me-qr.com/idplwh9j

(ए.के. साहू)
संयुक्त सचिव (पथ) सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान, जयपुर

DIPR/C/16840/2026



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED DIVISION GANGAPUR CITY

e-mail - phedggc@gmail.com

No.EE/PH/GGC/2026-27/NIT/1925-1934 Date. 25.09.2026

**Notice Inviting Tender (e-NIT No. 23 to 28/2026-27)**

On behalf of the Governor of Rajasthan Online Tenders are hereby invited from eligible bidders for following various works as per criteria mentioned in the detailed NIT/Tender documents available on website "http://eproc.rajasthan.gov.in", "http://sppp.rajasthan.gov.in. Tenders are to be submitted online in electronic format on website

* http://eproc.rajasthan.gov.in as per prescribed schedule.
* Last Date of Downloding of tender document - 07.10.2026 upto 06:00 PM
* Last Date of Submission of tender - 07.10.2026 upto 06:00 PM
* Last Date of Submission of Document Physically- 08.10.2026 at 11:00 AM
* Date of Opening of Techincal Bid - 08.10.2026 at 02:00 PM

| | |
|---|---|
| NIB | PHE2627A2795 |
| UBN No. | PHE2627WSOB05928 |
| | PHE2627WSOB05929 |
| | PHE2627WSOB05932 |
| | PHE2627WSOB05935 |
| | PHE2627WSOB05937 |
| | PHE2627WSOB05939 |

(Aakash Singh Gurjar)
Executive Engineer
PHED Divisior Gangapur City

DIPR/C/16948/2026



## राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) पर्यटन भवन, तृतीय तल, विधायकपुरी थाने के सामने, एम. आई. रोड, जयपुर-302001, फोन : 91-141-2361140, 2371141-42 ; Email: croho@rtdc.in

क्रमांक :- 2439 दिनांक :- 28/09/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 08/2026-27**

राजस्थान पर्यटन विकास निगम लि. जयपुर की ओर से राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों मे उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से 'Online NIB' आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने व प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.rtdc.tourism.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.: TDC2627WSOB00077, 00078, 00079

राज.संवाद/सी/26/11103 — निदेशक - तकनीकी



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खाटूश्याम मन्दिर में किए दर्शन

### प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली के लिए की कामना

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को खाटूश्यामजी मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली के लिए कामना की। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण और श्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य और राष्ट्र विकास के लिए की प्रार्थना,

## 75 दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति में राज्यपाल बागडे ने भाग लिया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को सीकर में आयोजित 75 दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति समारोह में भाग लिया। राज्यपाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में पूर्णाहुति दी और शांति, आध्यात्मिक उन्नयन के साथ राष्ट्र और राज्य के कल्याण की ईश्वर से प्रार्थना की। राज्यपाल ने कहा कि नशा देश की युवा शक्ति को कमजोर कर रहा है। विदेशों से नशे का आना केवल आर्थिक लाभ का विषय नहीं है, बल्कि इससे युवाओं को नशे की ओर धकेलने और देश की तरुण शक्ति को कमजोर करने का प्रयास भी हो रहा है। उन्होंने युवाओं को नशे एवं अपराध से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यमुना का जल राजस्थान तक आने से प्रदेश में जल उपलब्धता बढ़ेगी और अकाल जैसी परिस्थितियों में भी खेती को निरंतर बनाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि




देश का नेतृत्व करने वाले लोग राष्ट्रहित और जनकल्याण की भावना से कार्य कर रहे हैं।

राज्यपाल ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए गोबर की खाद का उपयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बड़ी संख्या में गौशालाएं हैं और राज्य सरकार द्वारा गौशालाओं को अच्छा अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बैल से खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को तीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में उनके बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। प्रारंभिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता कमजोर रहने के कारण आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पाते। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर राज्यपाल बागडे ने ग्रामीण खेल मैदान में अशोक का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और वैदिक परंपरा अत्यंत प्राचीन एवं समृद्ध है। विदेशियों ने भी भारत के वेदों का अध्ययन एवं अनुवाद किया और उनसे ज्ञान प्राप्त किया। भारत पर अनेक आक्रमण हुए, लेकिन देश की संस्कृति, परंपराओं और धर्म के प्रति आस्था कभी समाप्त नहीं हुई। नगरीय विकास एवं आवासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि क्षेत्र में नशे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। भावी पीढ़ी को नशे एवं अपराध से बचाते हुए उन्हें संस्कारवान एवं जिम्मेदार बनाने की जरूरत है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सड़क परिवहन को मिल रही नई गति

### बनास नदी पर तैयार हुआ राजस्थान का सबसे लम्बा हाई-लेवल ब्रिज


फाईल फोटो

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बनास नदी के गहलोद में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 134 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से राजस्थान के सबसे लम्बे हाई-लेवल ब्रिज का निर्माण किया गया है।

जनसुविधाओं की दृष्टि से यह क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन साबित होगा। सीआरआईएफ के माध्यम से निर्मित यह गहलोद हाई-लेवल ब्रिज इंजीनियरिंग गुणवत्ता, आपदा-रोधी कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह हाई-लेवल ब्रिज 3.34 कि.मी. लम्बाई में बनाया गया है। इस ब्रिज में 2 कि.मी. का मुख्य पुल तथा 1.34 कि.मी. का एप्रोच बनाया गया है। करीब 243 टन भार क्षमता के इस पुल के मुख्य भाग में 40 मीटर के 50 स्पान बनाए गए हैं।

इस पुल की लोड टेस्टिंग 5 चरणों में सफलतापूर्वक पूर्ण की जा चुकी है। टेस्टिंग के दौरान यातायात पूर्णतः बंद रखकर प्रत्येक घंटे डिफ्लेक्शन की निगरानी एवं भार हटाने के बाद संरचनात्मक रिकवरी का परीक्षण किया गया। इसमें रिकवरी 92 प्रतिशत रही, जबकि 85 प्रतिशत या अधिक रिकवरी संतोषजनक मानी जाती है। उल्लेखनीय है कि बारिश के दौरान पुराना रपटा जलमग्न तथा क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र का संपर्क बाधित हो जाता था और टोंक जाने के लिए 30 से 40 कि.मी. अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। अब नए हाई-लेवल ब्रिज से पीपलू, मालपुरा, टोडारायसिंह, फागी एवं अजमेर क्षेत्र में वर्षभर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा।

## मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सभी जिलों की दीदियों से किया संवाद

# लखपति दीदियों की सफलता को नई ऊंचाई देगा राजीविका का नवाचार और तकनीक का संगम



### महिलाओं की सफलता की कहानियां बनीं प्रेरणा

बैठक के दौरान विभिन्न जिलों से जुड़ी लखपति एवं मिलियनेयर दीदियों ने अपने अनुभव साझा किए। भीलवाड़ा से श्रीमती सुमन व्यास, श्रीगंगानगर से सिमरन एवं गगनदीप कौर, झालावाड़ से सोनी मीना तथा चूरू से सुमन देवी ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद आय में हुई वृद्धि, स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भरता की अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। मुख्य सचिव ने कहा कि इन महिलाओं की सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि ग्रामीण राजस्थान में बदलते आर्थिक परिदृश्य और महिला नेतृत्व का उदाहरण है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी प्रेरक सफलता की कहानियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि अन्य महिलाएं भी स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित हों।

### सफलता की कहानियों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर

### नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण से कार्य करने के निर्देश

**राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति के अनुरूप मुख्य सचिव ने सिटिजन-सेंट्रिक अप्रोच के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आवश्यकताओं, उनके अनुभवों और जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं एवं सेवाओं को अधिक सरल और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने राजस्थान महिला निधि से संबंधित बैंकिंग प्रक्रियाओं, ऋण की अवधि तथा पुनर्भुगतान प्रणाली की भी समीक्षा की और महिलाओं को ऋण प्राप्त करने में सुगमता तथा समयबद्ध बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आजीविका के अवसरों से जोड़ने तथा स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राजीविका द्वारा प्रदेशभर में विभिन्न पहल संचालित की जा रही हैं। वित्तीय सहायता, कौशल विकास, बाजार संपर्क एवं डिजिटल माध्यमों से जुड़ाव के जरिए महिलाओं की आय एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरुवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में उद्योग भवन स्थित राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी 41 जिलों के जिला परियोजना प्रबंधकों के साथ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 2 हजार लखपति दीदियों ने सहभागिता की। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'विकसित राजस्थान-2047' के विजन को साकार करने में प्रदेश की महिला शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं और 'लखपति दीदी' बनकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राजीविका द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए मोटिवेशनल हब, मार्केटिंग हब एवं इनोवेशन हब जैसी पहलें विकसित की जा रही हैं। प्रत्येक जिले में यंग प्रोफेशनल्स के माध्यम से नवाचार एवं नए अवसरों को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण माध्यम है। राजीविका द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से महिलाओं के उत्पादों एवं उनकी सफलता की कहानियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने इस कार्य को और प्रभावी बनाने तथा तकनीक के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए।बैठक में शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग श्री कृष्ण कुणाल, राजीविका की राज्य मिशन निदेशक प्रियंका गोस्वामी, परियोजना निदेशक (प्रशासन) प्रीति सिंह सहित राजीविका के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसएलबीसी एवं आरएसईटीआई के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

# सही खान-पान, स्वस्थ राजस्थान अभियान 3 से 16 अक्टूबर तक

### स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और सार्वजनिक स्थानों पर होंगी जागरूकता गतिविधियां

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश में आमजन को सुरक्षित, पौष्टिक एवं स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूक करने के लिए 'सही खान-पान, स्वस्थ राजस्थान' अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 3 से 16 अक्टूबर तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

अभियान का संदेश 'सुरक्षित खाएं-स्वस्थ रहें-स्थानीय खाएं-मिलावट को हराएं' रहेगा। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ के निर्देशन में आयोजित होने वाले अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब टीमों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं संबंधित संस्थानों के सहयोग से आमजन तक सुरक्षित खान-पान का संदेश पहुंचाया जाएगा।

**स्कूलों में ईट राइट गतिविधियां** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान के प्रारंभिक चरण में 3 एवं 5 अक्टूबर को 'स्कूल ईट राइट डे' के तहत स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां होंगी। विद्यार्थियों को स्वस्थ टिफिन, पौष्टिक नाश्ता, अन्न के उपयोग, हाथ धोने के सही तरीके और खाद्य पदार्थों के लेबल पढ़ने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### मानसून 2026 की विदाई

# कागजों पर 13 प्रतिशत की कमी, 51 प्रतिशत देश सूखे की कगार पर

**नई दिल्ली।** वर्ष 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून की आधिकारिक विदाई हो चुकी है, लेकिन चार महीनों के बारिश के आंकड़े देश के सामने एक गंभीर जल और ऊर्जा संकट की आहट दे रहे हैं।

कागजों पर भले ही पूरे सीजन में सामान्य औसत से महज 13% कम बारिश दर्ज हुई हो, लेकिन मानसूनी बारिश के असमान वितरण के चलते देश का लगभग 51% भूभाग सूखे जैसी विषम परिस्थितियों का सामना कर रहा है। देश के कुछ हिस्सों में जहां बीते 20 वर्षों की सबसे भीषण बारिश देखने को मिली, वहीं कई राज्य 17 वर्षों के सबसे गंभीर सूखे से जूझ रहे हैं। केंद्रीय जल आयोगके हालिया आंकड़ों के मुताबिक, देश के प्रमुख 178 जलाशयों का जलस्तर गंभीर स्थिति में है:

**कुल जल संचयन:** देश के 178 प्रमुख बांधों में अब तक कुल क्षमता का मात्र 70.67% पानी ही भर सका है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21% कम तथा सामान्य औसत से 11.5% कम है।

**21 बांध आधे भी खाली:** देश के 21 बड़े बांध अपनी कुल क्षमता के 50% से भी कम भरे हैं। इनमें 5 बांध तेलंगाना, 4 गुजरात और 3 महाराष्ट्र के हैं।

**क्षेत्रवार कमी:** दक्षिण भारत के बांधों में सामान्य से 33.2% कम पानी है, जबकि उत्तर भारत के बांधों में यह कमी सामान्य से 21.72% दर्ज की गई है।

# राजफैड़ में एन.सी.ई.एल. का आमुखीकरण का कार्यक्रम हुआ आयोजित



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजफेड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी ने बताया कि राजस्थान में सहकारी क्षेत्र के कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं के परिपेक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर की बहुराज्य सहकारी समिति राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड एवं जैविक उत्पादों के प्रोत्साहन और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड के साथ आमुखीकरण कार्यक्रम अपेक्स बैंक के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 125 सहकारी समिति प्रमुखों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने पुरे प्रदेश भर से भागीदारी की। प्रबंध निदेशक, राजफेड द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्थान राज्य में एनसीईएल एवं एनसीओएल के माध्यम से सहकारी समितियों के उत्पादों को अर्न्तराष्ट्रीय बाजार तक पंहुचाने के उद्देष्य से प्रत्येक जिले से एक विशिष्ट उत्पाद का चयन किया गया है, जिसे राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड के माध्यम से निर्यात योग्य बनाया जायेगा और स्थानीय उत्पादों की अर्न्तराष्ट्रीय पहचान से स्थानीय उत्पादकों को आय में वृद्धि, बिचैलियों से मुक्ति संभव हो सकेगी।

स्वामी ने इस अवसर पर कहा कि एनसीईएल पोर्टल को राजफैड के ओपीआर पोर्टल से भविष्य में एकीकृत किया जायेगा, जिससे क्रय-विक्रय समितिवार अर्न्तराष्ट्रीय उत्पाद की पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकेगी।एनसीईएल प्रबंध निदेशक अनुपम कौशिक ने एनसीईएल की कार्यप्रणाली पर एक विस्तृत पीपीटी प्रस्तुत करते हुए विभिन्न क्षेत्रों से आये सहकारी समिति प्रतिनिधियों के साथ निर्यात संबंधी संवाद करते हुए बताया कि समितियों से सीधे संवाद हेतु एनसीईएल ने 11 भाषाओं में सभी उत्पादों हेतु एक वाटॅसएप ग्रुप भी बनाया है। समिति सचिवों को सीधे ही इस ग्रुप में जोड़ा जायेगा साथ ही क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के पास न्यूनतम 500 मै.टन क्षमता वाले गोदामों को कृषि उत्पादों के भण्डारण एवं प्रोसेगिंग हेतु भविष्य में उपयोग में लिये जाने की संभावना के बारे में अवगत कराया गया।

# चतुर्थ श्रेणी भर्ती के 209 अभ्यर्थियों को 8 अक्टूबर तक चॉइस भरने का मौका

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संयुक्त सीधी भर्ती-2024 में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड से चयनित गैर-अनुसूचित क्षेत्र के 209 अभ्यर्थियों को मेडिकल कॉलेजों एवं संबद्ध अस्पतालों में पदस्थापन के लिए ऑनलाइन चॉइस भरने का मौका दिया गया है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा बाबूलाल गोयल ने बताया कि इन अभ्यर्थियों को अजमेर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर, जयपुर और जोधपुर के मेडिकल कॉलेजों एवं संबद्ध अस्पतालों में उपलब्ध चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/वार्ड बॉय के रिक्त पदों पर पदस्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को मेरिट, आरक्षण व्यवस्था और उनकी पसंद के आधार पर संस्थान आवंटित किए जाएंगे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के डिजिटल प्लेटफॉर्म की साइबर सुरक्षा होगी और सुदृढ़ - मुख्य सचिव

### अक्टूबर में होगी साइबर सुरक्षा कार्यशाला, जिलों और तकनीकी सेवा प्रदाताओं की भी रहेगी सहभागिता




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को शासन सचिवालय में जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) व्यवस्था की साइबर सुरक्षा की समीक्षा की। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक झालावाड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'ऑपरेशन शटर डाउन' पर प्रस्तुतीकरण देकर साइबर अपराध के मामलों में की गई कार्रवाई और उससे मिले अनुभवों की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने इन अनुभवों के आधार पर प्रमुख सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा तकनीकी प्रणालियों की नियमित सुरक्षा समीक्षा और अद्यतन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुरक्षित, पारदर्शी और सुचारु रूप से पात्र लाभार्थियों तक पहुचता रहे।मुख्य सचिव ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को प्रदेश में संचालित प्रमुख प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजनाओं (डीबीटी) और उनसे जुड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म की समग्र सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही अक्टूबर माह में व्यापक साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि इसमें प्रमुख सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म संभालने वाले अधिकारियों, तकनीकी एवं सेवा प्रदाताओं तथा साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को शामिल किया जाए। अधिकारियों के लिए अलग-अलग विषयों पर तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएं। जिला पुलिस अधीक्षकों को भी साइबर जागरूकता और रोकथाम से जुड़े प्रयासों में शामिल किया जाए।

श्रीनिवास ने प्रमुख सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म और उनसे जुड़े तकनीकी ढांचे की विशेषज्ञ जांच के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र (एनसीआईआईपीसी) सहित केंद्र सरकार की संबंधित साइबर सुरक्षा संस्थाओं से समन्वय करने के निर्देश दिए।

राजस्थान सरकार



**सेवा संकल्प अभियान - जन सेवा ही प्रभु सेवा**

(17 सितम्बर-17 अक्टूबर 2026)

# सपनों की उड़ान
## सशक्त युवा संवाद कार्यक्रम

**"नई किरण" - नशा मुक्ति पोर्टल का शुभारंभ**

**"प्रतिभा", "खेल मित्र" एवं "खेलो राजस्थान" गेम्स पोर्टल का शुभारंभ**

**"स्मार्ट मूल निवास" प्रमाण-पत्र सेवा का शुभारंभ**



**बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बारां, बूंदी, झालावाड़ एवं कोटा जिलों के**

# ₹3075 करोड़

**के 668 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण**

मुख्य अतिथि

**श्री भजनलाल शर्मा**

**माननीय मुख्यमंत्री**

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, ऊर्जा, सिंचाई, पेयजल, कृषि, ग्रामीण विकास एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से हो रहा कायाकल्प**




### शिलान्यास

- **जल संसाधन विभाग के 38 कार्य** (लागत राशि 1850.27 करोड़ रुपए)
- **सार्वजनिक निर्माण विभाग के 297 कार्य** (लागत राशि 558.80 करोड़ रुपए)
- **स्वायत्त शासन विभाग के 2 कार्य** (लागत राशि 89.38 करोड़ रुपए)
- **बीकानेर में एकीकृत योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य** (लागत राशि 35.05 करोड़ रुपए)
- **ऊर्जा विभाग के 2 कार्य** (लागत राशि 25.25 करोड़ रुपए)
- **स्कूल शिक्षा विभाग के 61 कार्य** (लागत राशि 28.53 करोड़ रुपए)
- **नगरीय विकास विभाग के 2 कार्य** (लागत राशि 14.90 करोड़ रुपए)
- **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 14 कार्य** (लागत राशि 10.73 करोड़ रुपए)
- **वन विभाग के 3 कार्य** (लागत राशि 6 करोड़ रुपए)
- **कृषि विपणन विभाग के 7 कार्य** (लागत राशि 5.67 करोड़ रुपए)
- **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के 2 कार्य**
- **गांव 27 जीजी, श्रीगंगानगर में पशु चिकित्सा उपकेन्द्र निर्माण कार्य**
- **राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बारां में केमिकल ब्रान्च के लिए दो लैब निर्माण कार्य**
- **किशनपुरा जलापूर्ति योजना के अंतर्गत पुराने एवं क्षतिग्रस्त RCC CWR के स्थान पर नए RCC CWR एवं SSF का निर्माण एवं कमीशनिंग कार्य, उपखंड खाजूवाला**

### लोकार्पण

- **ऊर्जा विभाग के 33 कार्य** (लागत राशि 153.85 करोड़ रुपए)
- **सार्वजनिक निर्माण विभाग के 93 कार्य** (लागत राशि 105.33 करोड़ रुपए)
- **जल संसाधन विभाग के 7 कार्य** (लागत राशि 72.26 करोड़ रुपए)
- **स्वायत्त शासन विभाग के 15 कार्य** (लागत राशि 52.59 करोड़ रुपए)
- **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 8 कार्य** (लागत राशि 16.49 करोड़ रुपए)
- **कृषि विपणन विभाग के 15 कार्य** (लागत राशि 12.51 करोड़ रुपए)
- **वन विभाग के 8 कार्य** (लागत राशि 10.84 करोड़ रुपए)
- **स्कूल शिक्षा विभाग के 22 कार्य** (लागत राशि 4.85 करोड़ रुपए)
- **राजकीय महाविद्यालय छत्तरगढ़ भवन का निर्माण कार्य** (लागत राशि 6 करोड़ रुपए)
- **कृषि विभाग के 5 कार्य** (लागत राशि 4.43 करोड़ रुपए)
- **गृह विभाग के 2 कार्य** (लागत राशि 4.26 करोड़ रुपए)
- **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के 18 कार्य** (लागत राशि 2.94 करोड़ रुपए)
- **आयुर्वेद विभाग के 5 कार्य** (लागत राशि 1.39 करोड़ रुपए)
- **सहकारिता एवं पशुपालन विभाग के 2-2 कार्य**

**02 अक्टूबर, 2026 | अपराह्न 12 बजे | भवानी निकेतन महाविद्यालय, विद्याधर नगर, जयपुर**

राजस्थान संवाद

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान**

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित

**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चूरू के तत्वावधान में जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन स्वयं सिद्ध आश्रम, चूरू में किया गया। नगर परिषद चूरू सभापति विनय गोयनका एवं डीएलएसए सचिव कृष्णा राकेश कांवत की उपस्थिति में जिले के वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों का सम्मान कर उनके अनुभव, योगदान एवं सामाजिक भूमिका के महत्व के बारे में बताया गया। सभापति गोयनका ने कहा कि वृद्धजन हमारे परिवार और समाज की नींव हैं। उनके जीवन के अनुभव और संघर्ष हमें जीवन की सही दिशा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी का यह दायित्व है कि वे अपने घर के बुजुर्गों को सम्मान, स्नेह और सुरक्षा प्रदान करें, यही हमारी सांस्कृतिक विरासत है। डीएलएसए सचिव कांवत ने कहा कि वृद्धजनों के अधिकारों की रक्षा केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि एक सभ्य समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना परिवार, समाज एवं प्रशासन तीनों की संयुक्त जिम्मेदारी है। समारोह में वृद्धजनों को दुपट्टा, शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने वृद्धजनों के सम्मान, गरिमा एवं उनके अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आग्रह किया। मंच संचालन उप निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के.के. चन्द्रवंशी ने किया, इस दौरान सुरेश कुमार सारस्वत, विमला गढ़वाल, ओमप्रकाश तंवर, सत्येन्द्र पाल वीर, प्रो. कमल सिंह कोठारी, बाबूलाल शर्मा, दिनेश कुमार, रामनिवास भूंवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया परामर्श; 300 बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

# वृद्धजन दिवस पर जिला अस्पताल में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर डिमेंशिया सहित विभिन्न बीमारियों की जांच

**गंगापुर सिटी ( हुक्मनामा समाचार )।** वृद्धजन दिवस पर जिला अस्पताल में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर डिमेंशिया सहित विभिन्न बीमारियों की जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया परामर्श; 300 बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर गुरुवार को राजकीय जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया। अस्पताल परिसर स्थित विवेकानंद उद्यान में रामाश्रय वार्ड की ओर से आयोजित शिविर का उद्घाटन प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेन्द्र कुमार गुप्ता ने किया। शिविर में डिमेंशिया



सहित विभिन्न बीमारियों की जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श दिया।

पीएमओ डॉ. गुप्ता ने कहा कि शिविर का उद्देश्य बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्हें समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक करना है। बढ़ती उम्र में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान से उनका उचित प्रबंधन किया जा सकता है। सुबह 9 बजे शुरू हुए शिविर में जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग, नाक-कान-गला और नेत्र रोग विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। वरिष्ठ नागरिकों की मेडिकल हेल्थ चेकअप और स्क्रीनिंग की गई। डिमेंशिया के लक्षणों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाइयां भी लिखी गईं। नोडल अधिकारी डॉ. विजेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि दोपहर 2 बजे तक करीब 300 वरिष्ठ नागरिकों की जांच की गई। रामाश्रय वार्ड के नोडल अधिकारी डॉ. कपिल जायसवाल ने भी मरीजों की जांच कर दवाइयां लिखीं। अस्पताल प्रशासन की ओर से मरीजों को दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

## एक नजर

### नव चयनित कांग्रेस पार्षदों का किया अभिनंदन



**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** वार्डवासियों द्वारा आयोजित नव चयनित कांग्रेस पार्षदों के सम्मान एवं स्वागत-अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुआ। वार्ड 36 से अजय कुमार बंसिया, वार्ड 37 से नरेश भार्गव, वार्ड 40 से रोहित पंवार , वार्ड 41 से मुख्तार खान जी और वार्ड 29 से अमित चौधरी का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। सभी को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। नरेश भार्गव का वार्डवासियों ने 151 किलो केले से तौलकर जो अपनापन दिया, उसके लिए दिल से आभार। जनप्रतिनिधि के रूप में मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भाव से निभाते हुए जनअपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारा संकल्प है। क्षेत्र के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड की समस्याओं का समाधान और आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर परमेश्वर प्रजापत, प्रेम भार्गव, रिद्धीकरण बंसिया, राजकुमार भार्गव, राकेश भार्गव, राजकुमार सोनी, लालचंद गोदारा, अशोक कुमार हरितवाल, नेपाल भार्गव, तिलोक कम्मा, बंटी भार्गव, सुभाष भारी, रामचंद्र गोदारा, विकास बाणियां, चेतराम भार्गव, पंकज सैनी सहित कई वार्डवासी उपस्थित थे।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** पेंशनर समाज भवन समाज उप शाखा भवन में एएसजी नेत्र चिकित्सालय बीकानेर के सौजन्य से पेंसनर्स और आम जन के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 67 लोगों की नेत्र जांच कर परामर्श दिया गया और 23 व्यक्तियों का चयन मोतियाबिन्द के लैंस प्रत्यारोपण हेतु किया गया। पेंसनर्स के अलावा जिन व्यक्तियों ने शिविर में नेत्र जांच करवाई है, उन्हें आपरेशन व दवाइयों पर पचास प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी । पेंसनर्स का आरजीएचएस योजना में कैसलेस आपरेशन किया जायेगा।

चिकित्सा जांच शिविर में बीकानेर एएसजी होस्पिटल के कार्निया सर्जन विशेषज्ञ डॉ. शिवम् बंसल , कपिल चौहान आनंद व्यास , हरेंद्र गोयल , प्रवीण खत्री और कैलाश की टीम ने सेवाएं प्रदान की। पेंशन समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा , सचिव पीरुमल भोभरिया , वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश जांगिड़, कोषाध्यक्ष बद्रीप्रसाद शर्मा , मोहम्मद अनवर कुरैशी , रामदेव शर्मा ने चिकित्सा दल का तिलक लगाकर और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बाबूलाल माली, परमेश्वर लाल प्रजापत , प्रभुदत माली , जयसिंह राठौड़, सांवरमल दर्जी, लिछमण राम टांडी , विनोद जोशी , गुलाब चंद्र दर्जी , महावीर प्रसाद सेवदा , महेश?शर्मा , खींवाराम , विनोद कुमार वर्मा , सांवरमल बड़जाती आदि पेंसनर उपस्थित रहे।

### अभियान के तहत अब तक 1101 यूनिट रक्त हुआ एकत्र

# विकसित भारत-जन सेवा अभियान : राष्ट्रीय स्वेच्छिक रक्तदान दिवस पर आमजन ने किया रक्तदान

**हनुमानगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** विकसित भारत जन सेवा अभियान का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत चिकित्सा विभाग द्वारा जिले के विभिन्न चिकित्सालयों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत 1 अक्टूबर गुरुवार को राष्ट्रीय स्वेच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर आमजन ने रक्तदान किया। जिले में हनुमानगढ़ टाउन स्थित एमजीएम जिला अस्पताल एवं उपजिला अस्पताल भादरा में



रक्तदार शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शिविरों में उपस्थित गणमान्य नागरिकों रक्तदान करने की आनलाइन शपथ ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत गुरुवार को आयोजित रक्तदान शिविरों में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि उपजिला अस्पताल भादरा में 36 यूनिट एवं एमजीएम जिला अस्पताल में 7 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविरों में जिले में अब तक 1101 यूनिट रक्त एकत्र किया जा चुका है। रक्तदान शिविरों के साथ जिले में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अनेक लोगों ने रक्तदान की ऑनलाइन शपथ भी ली।

## राजस्थान में पात्र एवं नव मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु प्रारम्भ होगा विशेष अभियान : नवीन महाजन

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में राजस्थान में मतदाता सूची के सतत अद्यतन के अंतर्गत अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान सम्मिलित होने से शेष पात्र मतदाताओं एवं युवा तथा प्रथम बार पात्र हुए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करना है। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवीन महाजन द्वारा अवगत करवाया गया कि सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब स्कूल एवं कॉलेज द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष केम्प का आयोजन किया जायेगा। साथ ही पात्र नागरिकों से भी अपील है कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी करें।भारत निर्वाचन आयोग ने आम जन की सुविधा के लिए मतदाता पंजीकरण के फॉर्म-6 व संशोधन के फॉर्म-8 के साथ एस आई आर के दौरान जोड़े गये घोषणा पत्र को हटा दिया है। अब राजस्थान सहित एस आई आर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुके अन्य राज्यों में पात्र नागरिक voters.eci.gov.in अथवा ecinet portal के माध्यम से पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 ऑनलाईन भर सकते है ।

## अणुव्रत गीत संगीतमय से हुआ उद्बोधन सप्ताह का शुभारंभ




**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में मनाए जा रहे उद्बोधन सप्ताह का शुभारंभ स्थानीय गांधी बाल निकेतन में अणुव्रत गीत के संगीतमय गान के साथ हुआ । अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया । निकेतन की प्राचार्या दीपिका शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी बी ई ओ संदीप व्यास एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी रामकृष्ण व्यास मंचस्थ थे। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने सप्तदिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि सप्ताह के दौरान अहिंसा , सांप्रदायिक सौहार्द ,नशामुक्ति, पर्यावरण शुद्धि , अनुशासन और जीवन विज्ञान जैसे विषयों पर विचार मंथन होगा। सी बी ई ओ संदीप व्यास ने अणुव्रत गीत की प्रत्येक पंक्ति को प्रेरणादाई बताते हुए इनके माध्यम से मिल रहे संदेश को जीवन में उतारने का आह्वान किया। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने सभी का आभार प्रकट किया। आगामी 4 अक्टूबर को होने वाली नशामुक्त परिवार मैराथन के सपोर्ट कार्ड पर समस्त अतिथियों ने हस्ताक्षर कर नशे के खिलाफ जन जागरण के इस कल्याणकारी आयोजन का समर्थन किया। समिति के परमेश्वरलाल गौड़ एवं प्रभात बील ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

# वयोवृद्ध शिक्षाविद् सुबोध चंद्र शर्मा का सम्मान, दीर्घायु की कामना

**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, खैरथल-तिजारा के संयुक्त तत्वावधान में वयोवृद्ध शिक्षाविद् सुबोध चंद्र शर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं गणमान्यजनों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में अजीत कुड़ी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा महेंद्र कुमार, सहायक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा श्री शर्मा को शॉल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, ज्ञान और जीवन मूल्यों से नई पीढ़ी को मार्गदर्शन मिलता है। इसी अवसर पर कौशल्याम इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर, खैरथल के




डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों की ओर से 'बढ़ती पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरियां' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद की कमी, बदलती पारिवारिक संरचना तथा वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के बावजूद परिवार में वरिष्ठजनों के लिए समय निकालना, उनकी बात सुनना और उन्हें सम्मान एवं अपनत्व देना सामाजिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि वृद्धजन बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज के अनुभव एवं संस्कारों की जीवंत धरोहर हैं। उनके अनुभवों को नई पीढ़ी से जोड़कर ही एक संवेदनशील और संस्कारवान समाज का निर्माण किया जा सकता है।

## सीपीएम का जोरदार प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी सीकर की ओर से गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित इस प्रदर्शन के बाद पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया के नाम पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य एवं सांसद अमराराम ने कहा कि अब यह बिल्कुल साफ हो गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिना दूसरे सदस्यों की सहमति के मनमर्जी से फैसले लिए और एसआईआर प्रक्रिया शुरू करके बंगाल, बिहार और अन्य राज्यों में करोड़ों वास्तविक मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राप्त सूचनाओं के अनुसार लगभग 13 करोड़ मतदाताओं को सूची से हटा दिया गया। एसआईआर विधानसभा चुनाव के ठीक पहले शुरू की गई और हर विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार से 70 हजार तक वोट हटाए गए। ऐसी ज्यादातर सीटों पर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जीते हैं। जाहिर है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने फैसलों से सत्ताधारी पार्टी को फायदा पहुंचाया है। सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम जिला सचिव एवं पूर्व विधायक पेमाराम ने कहा कि चुनाव आयोग सत्ताधारी पार्टी का टूल बनकर रह गया है। इसी का नतीजा है कि मोदी सरकार ने कानून बनाकर यह तय कर दिया है कि चुनाव आयोग के खिलाफ किसी भी कार्यों के लिए उनके सदस्यों पर कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकेगा।इस दौरान बृजसुंदर जांगिड़, सागर खाचरिया, सांवरमल यादव, भगवान सिंह बगड़िया, महावीर जांगू, बेगाराम कुलहरी, एडवोकेट झाबर सिंह रॉयल, सुरेंद्र आंतरी, पंकज डोगीवाल, सुनीता सांई, कमला चौधरी, बलदेवा राम एवं झाबर सिंह काजला सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक महर्षि ने भाजपा कार्यालय में की जनसुनवाई

**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** स्थानीय भाजपा कार्यालय में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान पेयजल, बिजली, सड़क, नाली-निकासी, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, राजस्व संबंधी मामले, पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सीवरेज तथा किसानों से जुड़ी समस्याओं सहित अन्य प्रकरण सामने आए। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने खेतों तक रास्ते,



बिजली कनेक्शन एवं कृषि विद्युत आपूर्ति, सिंचाई, क्षतिग्रस्त सड़कों, पेयजल, राजस्व रिकॉर्ड में सुधार तथा पंचायत स्तर की विभिन्न समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया। वहीं शहरी क्षेत्र के लोगों ने सड़क एवं नालियों की मरम्मत, सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सीवरेज तथा आवासीय समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि 'जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं उचित समाधान होना आवश्यक है। क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से बात व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई के दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से आए लोग उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शतायु मतदाताओं का हुआ सम्मान

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर निर्वाचन विभाग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), सीकर के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 035-सीकर में शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शतायु मतदाताओं को सम्मानित करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

अधिकारियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में उनके दीर्घकालीन योगदान तथा मतदान के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता की सराहना की।

शतायु मतदाताओं का यह सम्मान लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनके समर्पण और समाज में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व को रेखांकित करता है।इस अवसर पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हेमेन्द्र मीणा, तहसीलदार निर्वाचन जय सिंह, नायब तहसीलदार राजेन्द्र नेहरा, चंद्र प्रकाश भडिया, दिनेश कुमार सैनी, विजय कुमार मील, मोहम्मद इस्माइल एवं बद्री प्रसाद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केएल यूनिवर्सिटी ने सेल्सफोर्स के साथ पार्टनरशिप की

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। केएल यूनिवर्सिटी ने टेब्लो लैब की स्थापना के लिए नं. 1 ए.आई सीआरएम, सेल्सफोर्स के साथ पार्टनरशिप की है। उद्योग और शिक्षा जगत के बीच हुई इस पार्टनरशिप का उद्देश्य स्टूडेंट्स को डेटा लिटरेसी, एनालिटिकल थिंकिंग और ए.आई स्किल प्रदान करना है।

इस पहल के अंतर्गत स्टूडेंट्स को टेब्लो का प्रायोगिक अनुभव मिलेगा, जो एक ए.आई-फर्स्ट एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म है। यह प्लेटफॉर्म डेटा को एक्शन में बदलकर शैक्षणिक वातावरण में वास्तविक बिजनेस एप्लीकेशंस को शामिल करता है। रोमिल अग्रवाल, वीपी, सेल्स, सेल्सफोर्स इंडिया ने कहा, "संगठनों द्वारा डेटा के साथ काम करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में ए.आई की बढ़ती भूमिका के साथ डेटा फ्लुएंसी भविष्य की वर्कफोर्स के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्किल बनती जा रही है। स्टूडेंट्स को डैशबोर्ड के इंटरप्रेटेशन से आगे बढ़कर अब यह समझना होगा कि वो डेटा को कैसे एक्सप्लोर करें, कॉन्टेक्स्ट को कैसे लागू करें और भरोसेमंद इनसाइट को नतीजों में कैसे बदलें। केएल यूनिवर्सिटी के साथ हमारे सहयोग की मदद से हम ए.आई-फर्स्ट एनालिटिक्स को शैक्षणिक अनुभव में शामिल कर रहे हैं, जिससे स्टूडेंट्स को इस बात का प्रायोगिक ज्ञान मिल सकेगा कि डेटा और ए.आई साथ मिलकर किस प्रकार व्यावसायिक समस्याओं को हल करते हैं और ऐसी स्किल्स का विकास करते हैं, जो तेजी से बढ़ती एजेंटिक अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी हैं।"

# क्यूपिड लिमिटेड ने क्यू 2 वित्तीय वर्ष 27 में मजबूत रफ्तार के संकेत दिए; वित्त वर्ष 2027 के राजस्व और मुनाफे के अनुमान में बढ़ोतरी

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। क्यूपिड लिमिटेड (क्यूपिड, कंपनी), एक तेजी से बढ़ती भारतीय पर्सनल केयर कंपनी है, जिसकी वैश्विक हेल्थकेयर क्षेत्र में मजबूत मौजूदगी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2027 में मजबूत कारोबारी रफ्तार बरकरार रखी है।

और वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में कुल राजस्व 200 करोड़ के पार रहने की उम्मीद है।अपने प्रमुख कारोबारी क्षेत्रों में लगातार मजबूत प्रदर्शन और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेहतर कारोबारी संभावनाओं के चलते, प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2027 के राजस्व का अनुमान बढ़ाकर 800 करोड़ से अधिक और शुद्ध मुनाफे का अनुमान बढ़ाकर 250 करोड़ से अधिक कर दिया है वित्त वर्ष 2027 के अनुमान को बढ़ाकर संशोधित किया गया है। यह संशोधन वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में मजबूत कारोबारी रफ्तार के आगे भी तीसरी और चौथी तिमाही में जारी रहने और बढ़ने की उम्मीद, संस्थागत और निजी बाजारों में बेहतर कारोबारी संभावनाओं, घरेलू एफएमसीजी कारोबार के लगातार विस्तार, पालावा फैसिलिटी के जल्द परिचालन में आने की दिशा में हो रही प्रगति तथा कंपनी के हेल्थकेयर और पर्सनल केयर पोर्टफोलियो में लगातार हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

क्यू 2 वित्तीय वर्ष 27 की दूसरी तिमाही की प्रमुख परिचालन उपलब्धियां क्यूपिड ने बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड के 30 लाख तक वारंट को 328.25 प्रति शेयर की कीमत पर समान संख्या में इक्विटी शेयरों में परिवर्तित करने की मंजूरी दी। क्यूपिड को दक्षिण अफ्रीका में मैन्युफैक्चरिंग वेंचर के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिली, जिसके तहत प्रस्तावित फैसिलिटी का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को बढ़ावा देना और अफ्रीका तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार के लिए एक प्लेटफॉर्म तैयार करना है।

दक्षिण अफ्रीका की मैन्युफैक्चरिंग पहल एसेट-लाइट मॉडल पर आधारित होगी, जिसमें क्यूपिड को मैन्युफैक्चरिंग विशेषज्ञता को स्थानीय साझेदार के सहयोग के साथ जोड़ा जाएगा। इससे संस्थागत खरीद और व्यापक अफ्रीकी बाजार में विस्तार के लिए एक प्लेटफॉर्म तैयार होगा।

क्यूपिड ने जीआईआई हेल्थकेयर इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के साथ अपनी रणनीतिक हेल्थकेयर साझेदारी को मजबूत किया, जिसके तहत अतिरिक्त 50 लाख अमेरिकी डॉलर का फॉलो-ऑन निवेश किया गया। क्यूपिड अपने हेल्थकेयर और पर्सनल केयर प्लेटफॉर्म को लगातार मजबूत कर रहा है।

जिसमें बढ़ता एफएमसीजी पोर्टफोलियो और मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं अंतरराष्ट्रीय बी2बी हेल्थकेयर और घरेलू कंज्यूमर कारोबार, दोनों को समर्थन दे रही हैं। कैपिटल मार्केट्स में अपनी स्थिति मजबूत की, जिसमें बीएसई ग्रुप 'ए', निफ्टी स्मॉलकैप 250 और एफटीएसई इमर्जिंग मार्केट्स ऑल कैप इंडेक्स में शामिल होना शामिल है। कंपनी का फोकस गवर्नेंस, अनुपालन और अनुशासित तरीके से कारोबार के संचालन पर भी लगातार बना हुआ है।

# एक नजर

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सफाईकर्मियों को किये मेडिकल किट वितरित

चूरू (हुक्मनामा समाचार)। राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्थानीय नेचर पार्क में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ थे। वहीं विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण व सभापति विनय गोयनका थे। अतिथियों ने सफाईकर्मियों को मेडिकल किट वितरित कर स्वच्छता कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। सफाईकर्मी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है। स्वच्छ वातावरण से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। सभापति विनय गोयनका ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर परिषद के साथ आमजन की सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने सफाईकर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता कर्मियों की सुविधाओं और स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल अग्रवाल ने कहा कि बैंक की ओर से सामाजिक सरोकारों के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान में सहभागिता की जा रही है।

सफाईकर्मियों को मेडिकल किट उपलब्ध करवाने का उद्देश्य उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सामग्री उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा व विमला गढ़वाल ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बैंक के मुख्य प्रबंधक नवीन शर्मा, एसएमओ बलराज, वित्तीय साक्षरता सलाहकार गुमान सिंह, श्रीकांत गिरी सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## जिलेवासियों को स्थानीय स्तर पर मिलेंगी लाइसेंस एवं वाहन पंजीयन सहित परिवहन विभाग की सेवाएं

खैरथल (हुक्मनामा समाचार) राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत खैरथल-तिजारा में जिला परिवहन कार्यालय खोले जाने की घोषणा की गई थी। इसी क्रम में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिला परिवहन कार्यालय के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। विभागीय निर्देशों की पालना में जिला परिवहन कार्यालय, खैरथल-तिजारा का विधिवत संचालन 1 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है। नवीन जिला परिवहन कार्यालय के संचालन से जिले के नागरिकों को परिवहन विभाग से संबंधित ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन सहित विभिन्न सेवाएं स्थानीय स्तर पर सुगम एवं सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। इससे परिवहन संबंधी कार्यों के लिए जिलेवासियों को अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम होगी तथा स्थानीय स्तर पर सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। **जिला परिवहन कार्यालय का पता:** शिवपुरम कॉलोनी, ग्रीनलैण्ड होटल के पीछे, इस्माइलपुर रोड, खैरथल, जिला खैरथल-तिजारा (राजस्थान), पिन कोड-301404। नवीन जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से आमजन को परिवहन विभाग से संबंधित सेवाएं समयबद्ध, सुगम एवं सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध करवाना प्राथमिकता रहेगी। जिला परिवहन कार्यालय, खैरथल-तिजारा का क्षेत्राधिकार खैरथल, किशनगढ़बास, हरसौली एवं मुण्डावर तहसील रहेगा।

## सैमसंग ने पेश की गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज पेश की, जिसमें गैलेक्सी टैब एस 12 अल्ट्रा और टैब एस 12+ शामिल हैं। यह सीरीज सैमसंग का अब तक का सबसे सक्षम और वर्सेटाइल टैबलेट एक्सपीरियंस देती है। गैलेक्सी टैब के खास अल्ट्रा-थिन डिजाइन में नए स्तर की परफॉर्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ और लेटेस्ट गैलेक्सी एआई के साथ यह नया लाइनअप मुश्किल वर्कफ्लो को रोजमर्रा की आसान कामयाबियों में बदल देता है। चाहे किसी हुनर में महारत हासिल करने की हो, करियर के लक्ष्यों की हो या क्रिएटिव शौक पूरे करने की। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और हेड ऑफ कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिस जे किम ने कहा, 'गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज उन लोगों के लिए बनाई गई है।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्ध मतदाताओं का सम्मान

कोटपूतली-बहरोड़ (हुक्मनामा समाचार)। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के निर्देशन में जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर शतायु पर वृद्ध मतदाताओं के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान लोकतांत्रिक व्यवस्था में वृद्ध मतदाताओं के योगदान एवं उनके मताधिकार के प्रति जागरूकता को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा वृद्ध मतदाताओं से संवाद कर उन्हें लोकतंत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया।

साथ ही, वृद्ध मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए आगामी निर्वाचन में भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्ध मतदाताओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अधिकारियों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निरंतर योगदान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। ऐसे सम्मान कार्यक्रमों का उद्देश्य वृद्ध मतदाताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ लोकतंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह में वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर आयोजित

चूरू (हुक्मनामा समाचार)। डीएलएसए सचिव कृष्णा राकेश कांवत ने मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह, चूरू में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम और चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया।

## नगर पालिका की अनूठी पहल: दुकानदारों और आमजन से शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की अपील

चिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और नागरिकों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पालिका सफाई शाखा की ओर से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत शहर के प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, रेहड़ी-ठेला संचालकों और आम नागरिकों से संपर्क कर शहर को स्वच्छ रखने में पूर्ण सहयोग की अपील की गई। अभियान के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के दिशा-निर्देशों और सफाई निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में सफाई टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। टीम ने दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों और ठेलों के पास कचरा पात्र यानी डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें। कचरे को इधर-उधर खुले में फेंकने या सड़कों पर फैलाने के बजाय नगर पालिका द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहन के आने पर उसी में डालें। अधिकारियों ने समझाया कि जनसहयोग के बिना किसी भी शहर को पूरी तरह स्वच्छ रखना संभव नहीं है। नागरिकों के सक्रिय सहयोग से ही सफाई कार्यों में तेजी आएगी और हमारे शहर की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। नगर पालिका प्रशासन की ओर से आमजन को यह भी अवगत कराया गया कि यदि शहर में साफ-सफाई या कचरा उठान से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत हो, तो नागरिक बिना किसी संकोच के नगर पालिका के आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर 9460649602 पर संपर्क कर सकते हैं, ताकि समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके।

# चिड़ावा में पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम व जलदाय कार्यालय में ज्ञापन, पांच दिन में समाधान का आश्वासन

चिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)। शहर में पेयजल संकट और विधायक कोटे से स्वीकृत ट्यूबवेल की बोरिंग होने के बावजूद पिछले दो महीनों से उसे चालू नहीं किए जाने को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं पार्षदों में भारी रोष व्याप्त है। इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग को लेकर गुरुवार को पार्षद नवनीत लाटा, लोकेश कटारिया, पार्षद प्रतिनिधि निखिल चौधरी ने वार्डवासियों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम कार्यालय के बाद प्रतिनिधिमंडल जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचा और महिला सहायक अभियंता (क्षद्र) निशा कुमारी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी पीड़ा सुनाई। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड 33 स्थित



केडिया हवेली के सामने विधायक कोटे से सूखे कुएं के स्थान पर नया बोरवेल स्वीकृत हुआ था। संभाग आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद बोरिंग का कार्य तो शुरू हुआ, लेकिन स्वीकृत 1100 फीट की बजाय केवल 825 फीट ही बोरिंग करके काम रोक दिया गया। विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा आम जनता को धमकाने और मनमानी करने के आरोप लगाए गए हैं। पिछले 12 महीनों से वार्डवासी पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं और प्रति टैंकर 600 से 700 रुपये खर्च करने को मजबूर हैं। पार्षद प्रतिनिधि निखिल चौधरी ने बताया कि प्रशासन और जलदाय विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण गरीब जनता को भारी आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# प्राचीन बालाजी मंदिर की बावड़ी में चला स्वच्छता अभियान, श्रमदान से बदला स्वरूप

कोटपूतली - बहरोड़ (हुक्मनामा समाचार)। स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत गोरधनपुरा के ग्राम आसपुरा स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर की बावड़ी परिसर में 'एक दिन, एक घंटा स्वैच्छिक श्रमदान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गोपाल लाल मीणा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, ग्रामजन एवं स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। श्रमदान के दौरान बावड़ी परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर कचरा एवं अनावश्यक सामग्री हटाई गई। सामूहिक श्रमदान से बावड़ी परिसर का स्वरूप निखरा और ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति सहभागिता एवं जिम्मेदारी की भावना को बल मिला।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गोपाल लाल मीणा ने उपस्थित अधिकारियों, ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन की आदत और सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थलों, जलस्रोतों एवं धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। डॉ. मीणा ने कहा कि प्राचीन बावड़ियां हमारी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ जल संरक्षण की परंपरा की भी प्रतीक हैं। ऐसे स्थलों की साफ-सफाई एवं संरक्षण के लिए प्रशासन के साथ आमजन की भागी?दारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के साथ अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें तथा कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। उन्होंने कहा कि 'एक दिन, एक घंटा' का यह श्रमदान केवल एक दिन की गतिविधि न रहकर निरंतर स्वच्छता के संकल्प में परिवर्तित होना चाहिए। सामूहिक प्रयासों से गांव, सार्वजनिक स्थल और जलस्रोत स्वच्छ एवं सुंदर बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर के निर्देशन में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिलेभर में ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नवाचार एवं तकनीकी समाधानों को मिलेगा प्रोत्साहन

खैरथल (हुक्मनामा समाचार) सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग खैरथल-तिजारा द्वारा जिले में तकनीकी नवाचार, डिजिटल समाधान एवं जनहितकारी विचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से SEVA First Innovation Challenge का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के तहत इच्छुक प्रतिभागी 15 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। Innovation Challenge का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स, तकनीकी विशेषज्ञों एवं नवाचार में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को ऐसे नवीन एवं उपयोगी तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिनके माध्यम से आमजन को सरकारी सेवाएं अधिक सरल, त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जा सकें। प्रतिभागियों से अपेक्षा की गई है कि वे जिले एवं आमजन से जुड़ी वास्तविक समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए नवीन, व्यावहारिक एवं प्रभावी तकनीकी मॉडल/प्रोटोटाइप प्रस्तुत करें। इस पहल का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि नवाचार के माध्यम से जनसेवा एवं Public Service Delivery को बेहतर बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाना है। DOIT&C, खैरथल-तिजारा द्वारा जिले के सभी इच्छुक विद्यार्थियों, युवाओं, स्टार्टअप्स एवं तकनीकी विशेषज्ञों से इस पहल में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की गई है।

**पंचायती राज चुनाव को लेकर आरएलपी का मंथन, दावेदारों ने ठोकी ताल**

# सांभर लेक-रेनवाल क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)। पंचायती राज चुनावों को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी को लेकर फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के सांभर लेक एवं किशनगढ़ रेनवाल पंचायत समिति क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं की बैठक कस्बे के एक निजी गार्डन में आयोजित हुई।

बैठक में जयपुर जिला प्रभारी छूटन यादव, सह प्रभारी प्रभाती लाल, प्रदेश कार्यालय प्रभारी शंकर नारोलिया, दिनेश चौधरी एवं जिला प्रवक्ता राजेश बुनकर सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश ककरालिया ने की। वहीं रामपाल रूलानिया, गोपाल नासनवा, मानाराम ठोलिया एवं महेंद्र सामोता ने संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।बैठक



में आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर विस्तृत मंथन हुआ। विभिन्न पंचायत समिति एवं जिला परिषद क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी वरिष्ठ नेताओं के समक्ष रखी। संभावित उम्मीदवारों की सक्रियता, जनसंपर्क, क्षेत्र में पकड़ और जनता के बीच स्वीकार्यता को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने तथा आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक से कार्यकर्ताओं में चुनावी उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ।

## चिड़ावा: मुख्य बाजार में सांडों के आतंक से मिठाई दुकानदार की दुकान तहस-नहस, भारी नुकसान

चिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)। शहर के मुख्य बाजार में आवारा सांडों का आतंक एक बार फिर देखने को मिला है। कल्याण राय मंदिर के पास दिनदहाड़े दो सांड़ आपस में भिड़ गए, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लड़ाई इतनी आक्रामक थी कि एक सांड ने दूसरे को जोरदार टक्कर मारी, जिससे वह असंतुलित होकर पास की एक मिठाई की दुकान में जा घुसा। ?सांड के दुकान के अंदर घुसते ही वहां रखा सारा सामान तहस-नहस हो गया। दुकान में ग्राहकों के लिए सजाई गई घी, तेल और तरह-तरह की मिठाइयां पूरी तरह बिखर गईं। गनीमत यह रही कि उस दौरान दुकान के अंदर कोई ग्राहक मौजूद नहीं था, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस अप्रत्याशित घटना से दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। आए दिन की घटनाओं से सहमे लोग : स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि चिड़ावा के मुख्य बाजार में सांडों की लड़ाई की यह कोई पहली घटना नहीं है। आए



दिन बाजार के बीचों-बीच सांडों के भिड़ने से लोगों की जान पर बनी रहती है। इस समस्या से दुकानदार, खरीदार और राहगीर सभी बेहद परेशान हैं। पूर्व में भी सांडों की चपेट में आने से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। ?प्रशासन की उदासीनता पर रोष : बाजार के व्यापारियों ने प्रशासन की कार्यशैली पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

# जुनिपर ग्रीन ने बीकानेर में स्टोरेज क्षमता बढ़ाई

बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)। जुनिपर ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जुनिपर ग्रीन कॉस्मिक प्राइवेट लिमिटेड के जरिए राजस्थान के बीकानेर-II प्रोजेक्ट में 100 MWh की अतिरिक्त बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) क्षमता चालू की है। इसके साथ प्रोजेक्ट में चालू कुल बीईएसएस क्षमता 101 MWh से बढ़कर 201 एमडब्ल्यूएच हो गई है। कंपनी ने यह अतिरिक्त क्षमता मौजूदा ग्रिड कनेक्टिविटी के भीतर ही चालू की है। इस पर जुनिपर ग्रीन एनर्जी के होल-टाइम डायरेक्टर और सीईओ अंकुश मलिक ने कहा, 'बीकानेर-II में मौजूदा ग्रिड कनेक्टिविटी के भीतर 100 एमडब्ल्यूएचकी अतिरिक्त बीईएसएस क्षमता चालू करना इस बात का एक मजबूत उदाहरण है कि हम अपने मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर का पूरा फायदा कैसे उठाना चाहते हैं। प्रोजेक्ट की चालू स्टोरेज क्षमता 201 एमडब्ल्यूएच तक पहुंचने से हमें ग्रिड कनेक्टिविटी बढ़ाए बिना ज्यादा मर्चेंट क्षमता मिली है।

### लेखा विशेषज्ञ डॉ. दिनेश कुमार चूरा का हुआ नागरिक अभिनंदन

# कर्मठता और सामाजिक सरोकारों से डॉ. चूरा ने बनाई विशिष्ट पहचान : विधायक व्यास

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** लेखा विशेषज्ञ डॉ. दिनेश कुमार चूरा का नागरिक अभिनंदन बुधवार देर शाम मुरलीधर व्यास नगर में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम में बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग, राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुमंत व्यास, वरिष्ठ कवि-कथाकार राजेंद्र जोशी तथा पुष्टिकर यूथ विंग के अध्यक्ष बी.जी. बिस्सा बतौर अतिथि मौजूद रहे। विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि डॉ. दिनेश कुमार चूरा ने लेखा विशेषज्ञ के रूप में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि डॉ. चूरा की कार्यक्षमता और अनुभव के साथ सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता भी उल्लेखनीय है। समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े रहकर उन्होंने सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि कर्म की सदैव पूजा होती है। अपने कार्य के प्रति समर्पित व्यक्ति न केवल स्वयं सफलता प्राप्त करता है, बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। उन्होंने कहा कि डॉ. चूरा ने अपने कार्यों के माध्यम से ऐसी लकीर खींची है, जिसकी बराबरी करना मुश्किल है। उनका कार्य और समर्पण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुमंत व्यास ने डॉ. चूरा के व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की वास्तविक पहचान उसके पद से अधिक उसके कर्मों से बनती है। डॉ. चूरा ने अपने पेशेवर दायित्वों का निर्वहन करते हुए सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली, अनुभव और समाज के प्रति जुड़ाव उन्हें विशिष्ट बनाता है। वरिष्ठ कवि-कथाकार राजेंद्र जोशी ने कहा कि डॉ. चूरा सामाजिक क्षेत्र में भी सदैव सक्रिय रहे हैं। उन्होंने अपने व्यावसायिक दायित्वों के साथ सामाजिक सरोकारों को भी महत्व दिया और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। अभिनंदन पत्र का वाचन डॉ. हरि शंकर आचार्य ने किया। पुष्टिकर यूथ विंग के अध्यक्ष बी.जी. बिस्सा ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि सुभाष जोशी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया। इस अवसर पर कर्मचारी नेता भंवर पुरोहित, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान प्रो. एन.के. शर्मा, पूर्व



वित्त नियंत्रक अरविंद सिंह शेखावत, कर्मचारी नेता महेश व्यास, सीए राम मोहता, डॉ. आशीष जोशी, वीरेन्द्र किराडू, बाबूलाल छंगाणी, पूर्व पार्षद शिव कुमार रंगा, वित्त नियंत्रक पवन कस्वा सहित अन्य वक्ताओं ने भी डॉ. चूरा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। समारोह में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### बीकानेर में कांग्रेस का जश्न

## शहर जिला कार्यालय में धूमधाम से मना पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा का जन्मदिन




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर शहर कार्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जन्मदिन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिलाध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर प्रदेशाध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर प्रवक्ता भीखाराम मेघवाल ने कहा कि डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश में संगठन को मजबूती मिली है और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का काम लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व पीसीसी सदस्य सोहन चौधरी, उमा सुथार, झंवरलाल गहलोत, लक्ष्मीनारायण कुम्हार, किसनलाल चौहान, मनोज चौधरी, टीकूराम मेघवंशी, नवरतन डागा, बेनजीर भुट्टो, गोवर्धन डूडी, रामनाथ आचार्य, इस्माइल खिलजी, मैक्स नायक, अर्चना नागल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पितृपक्ष में सूर्य मंदिर में हो रहा तर्पण, संतों और शहीदों के नाम से भी अर्पित किया जा रहा जल

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पितृपक्ष के अवसर पर बीकानेर के नत्थूसर गेट के बाहर स्थित भगवान सूर्य मंदिर में विशेष तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन मदन गोपाल शर्मा के सानिध्य में चल रहा है। कार्यक्रम के दौरान पंडित योगेश भादानी द्वारा विधि-विधानपूर्वक नित्य कर्म एवं पूजा-अर्चना करवाई जा रही है। तर्पण कार्यक्रम में बीकानेर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य राजेंद्र व्यास 'ममू महाराज', अरविंद भादानी, नवनीत पुरोहित, राजा व्यास, अजय पारीक, सुखदेव आचार्य, जगदीश शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमीजन प्रमुख रूप से भाग ले रहे हैं।



**जलकुंड में खड़े होकर किया जा रहा विशेष तर्पण** कार्यक्रम की विशेषता यह है कि श्रद्धालु सूर्य मंदिर परिसर स्थित जलकुंड में खड़े होकर विधि-विधानपूर्वक तर्पण कर रहे हैं। तर्पण के दौरान पूजन सामग्री में विशेष रूप से काले तिल और पुष्प का उपयोग किया जा रहा है। श्रद्धालु मंत्रोच्चार के साथ जल अर्पित कर अपने पितरों एवं दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना कर रहे हैं। **संतों और महापुरुषों के नाम से भी तर्पण** आयोजन की एक विशेष परंपरा यह है कि यहां केवल अपने पितरों के लिए ही तर्पण नहीं किया जाता, बल्कि देश के संत-महात्माओं, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों तथा समाज के लिए अपना योगदान देने वाले विभिन्न लोगों के नाम से भी श्रद्धापूर्वक तर्पण किया जाता है। देश के महान संतों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए बाबा नीम करोली, देवघर बाबा, बीकानेर के संत रामसुखदास जी महाराज, गंगाई नाथ जी महाराज सहित अनेक संतों के नाम से भी तर्पण किया जा रहा है। इसके साथ ही बीकानेर के साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों तथा दिन-दुखी एवं जरूरतमंद लोगों के नाम से भी विशेष रूप से तर्पण किया जाता है। **9 अक्टूबर को शहीदों के नाम से होगा तर्पण** आयोजन के क्रम में 9 अक्टूबर को देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए बीकानेर तथा अन्य क्षेत्रों के वीर जवानों की स्मृति में विशेष तर्पण किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके नाम से जल अर्पित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार पितृपक्ष केवल अपने पूर्वजों के स्मरण का अवसर नहीं है, बल्कि उन सभी दिवंगत आत्माओं के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने का समय भी है, जिन्होंने समाज, धर्म, साहित्य और राष्ट्र के लिए अपना योगदान दिया। **अमावस्या परहेमाद्रि संकल्प तर्पण हवन के साथ होगा समापन** तर्पण कार्यक्रम का समापन 10 अक्टूबर को अमावस्या के दिन हेमाद्रि संकल्प और तर्पण विशेष हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया जाएगा। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पितरों एवं दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। पितृपक्ष के दौरान आयोजित इस विशेष तर्पण कार्यक्रम में श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ भाग ले रहे हैं तथा अपने पितरों के साथ-साथ संतों, महापुरुषों, साहित्यकारों, समाजसेवियों और राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीरों का भी स्मरण कर रहे हैं।

# पानी की मांग को लेकर खाजूवाला में किसानों का आन्दोलन तेज

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के सीमावर्ती खाजूवाला कस्बे में में किसानों का सिचाईं पानी की मांग को लेकर आंदोलन तेज, गांव-गांव पहुच रही आंदोलन की चिंगारी, आंदोलन के चलते पंचायतीराज चुनाव का बहिष्कार का सिलसिला जारी, 22 केवाईडी, 5 केवाईडी , 7 पीएच एम ग्राम पंचायतों के किसानों ने किया चुनाव बहिष्कार, किसानों ने उपखण्ड कार्यालय खाजूवाला पर प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन, आंदोलन के चलते आज आधा दर्जन से पंचायतों के किसानों ने की तालाबंदी, किसानों ने कहा—जब तक किसानों की पानी की समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक पंचायतराज चुनाव का बहिष्कार करेंगें, सिचाईं पानी की मांग को लेकर किसान कर रहे है आंदोलन, 4 में से 2 समूह में सिचाईं पानी देने, 6 माह का एक साथ रेगुलेशन जारी करने, खरीद फसल खराबें का मुहावजा देने की किसान कर रहे है मांग ।वहीं दूसरी ओर खाजूवालाकिसान आंदोलन के चले तालाबंदी का सिलसिला जारी, गुरुवार की सुबह से लगातार ग्राम पंचायतों के की जा रही है तालाबंदी, 2 कालूवाला, 14बीडी, 17केवाईडी, 25केवाईडी, 3पीडब्लूएम सहित अन्य पंचायतों के तालाबंदी, खेत बचाओं- किसान बचाओं संघर्ष समिति के आव्हान पर तालाबंदी, किसानों के द्वारा सिचाईं पानी की मांग को लेकर 22 दिनों से है आंदोलन जारी, तालाबंदी के बाद एसडीएम प्रभजोत सिंह, सीओ विजयपाल यादव ने ली किसान शिष्ट मण्डल की बैठक, तालाबंदी नहीं करने को लेकर प्रशासन ने की समझाइश, किसानों ने कहा- किसानों की मांगो का जब तक नहीं होगा समाधान आंदोलन रहेगा जारी।



### लालगढ़ स्टेशन पर हादसा

## ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय युवक की मौत, शव मोर्चरी में रखवाया

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** गुरुवार की दोपहर करीब 12:15 बजे लालगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आशंका है कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही खिदमतगार खादिम सोसाइटी व असहाय सेवा संस्थान के शोएब भाई, इमरान, जुनैद, अब्दुल सत्तार और राजकुमार खड़गावत एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे। जीआरपी थाना पुलिस टीम के साथ मौके पर जांच के बाद शव को पीबीएम अस्पताल ले जाया गया और मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक की पहचान कासम अली पुत्र रमजान अली (45), निवासी केजी कॉम्प्लेक्स के पीछे, रानी बाजार के रूप में हुई है।

## रेलवे यूनियन अधिवेशन बीकानेर में कॉम शिव गोपाल मिश्रा महामंत्री ऑल इंडिया रेलवे मैन्स फेडरेशन नई दिल्ली 3 अक्टूबर सुबह रेल मार्ग से दिल्ली से आएंगे

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन का 23 वा वार्षिक अधिवेशन 3 से 5 अक्टूबर को बीकानेर में हो रहा है। यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर ने बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन 3 अक्टूबर को रेलवे स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बीकानेर में एआईआरएफ के महामंत्री साथी शिवगोपाल मिश्रा करेंगे। एआईआरएफ के कार्यकारी अध्यक्ष जे आर भोसले मुख्य अतिथि और डी आर एम गौरव गोहिल, पीसीपीओ राजीव सिंह उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसी दिन सांय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। यूनियन के मंडल सचिव गणेश वशिष्ठ ने बताया कि 3 अक्टूबर को बीकानेर रेलवे स्टेशन दिवितीय प्रवेश द्वार से दोपहर 1बजे एक विशाल रैली निकाली जाएगी जिसमें लगभग डेढ़ हजार रेलकर्मी भाग लेंगे। यह रैली बीकानेर रेलवे स्टेशन द्वितीय द्वारा से प्रारंभ होकर बोथरा कॉम्प्लेक्स,प्रेम जी पॉइंट, खजांची मार्केट मार्ग, सादुल सिंह सर्किल , कलेक्टर कार्यालय से विश्नोई धर्मशाला, तुलसी सर्किल, मारवाड़ अस्पताल होते हुए रेलवे ग्राउंड पहुँचेगी । मंडल अध्यक्ष प्रेम सैनी ने बताया कि 4 अक्टूबर को प्रतिनिधि सत्र होगा, जिसमे यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। आय व्यय का लेखा जोखा और प्रमुख प्रस्ताव भी प्रस्तुत होंगे। अधिवेशन की अध्यक्षता जोनल अध्यक्ष मनोज कुमार परिहार करेंगे। इस अधिवेशन में मंडल ओर जोन के पदाधिकारियों का आना आरंभ हो गया है । बीकानेर स्टेशन को यूनियन की फ़रियो एव झंडा से सजाया गया है एव रेलवे ग्राउंड के पंडाल को सजाने के साथ अधिवेशन की समस्त तैयारी पूरी हो गई है । अधिवेशन के लिए बीकानेर मंडल के सभी कर्मचारियों में उत्साह है। इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि कॉम शिव गोपाल मिश्रा दिल्ली से 3 अक्टूबर सुबह रेल मार्ग से बीकानेर आ रहे है । कॉम मोहम्मद सलीम क़ुरैशी नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन बीकानेर

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शतायु मतदाता रामप्यारी का सम्मान,

# 98 वर्षीय सरजु देवी और 97 वर्षीय चांदमल सोनी को भी किया सम्मानित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला परिषद में शतायु एवं वरिष्ठ मतदाताओं का स्वीप टीम द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर पटेल नगर निवासी 101 वर्षीय शतायु मतदाता रामप्यारी, 98 वर्षीय मतदाता सरजु देवी तथा 97 वर्षीय मतदाता चांदमल सोनी को सम्मानित कर उनके लोकतांत्रिक योगदान को सराहा गया। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी शैलजा पांडे, स्वीप सह प्रभारी एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी



सुरेश बिश्नोई तथा स्वीप टीम के सदस्यों जिला समन्वयक प्रशांत जोशी, सह समन्वयक गोपाल जोशी, हरिहर राजपुरोहित, दीपक जोशी एवं पवन कुमार जोशी ने वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान किया। इस दौरान 101 वर्षीय शतायु मतदाता रामप्यारी को माला, प्रशस्ति पत्र एवं साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 98 वर्षीय मतदाता सरजु देवी को माला, प्रशस्ति पत्र एवं साड़ी तथा 97 वर्षीय मतदाता चांदमल सोनी को माला, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। **'मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं'** सम्मानित शतायु मतदाता रामप्यारी, सरजु देवी एवं चांदमल सोनी ने कहा कि पात्र मतदाताओं को प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए मतदान करने में कभी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी शैलजा पांडे ने कहा कि वरिष्ठ मतदाताओं ने लंबे समय से अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका मतदान के प्रति समर्पण एवं जागरूकता सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान समाज की जिम्मेदारी है और उनके अनुभव एवं लोकतांत्रिक सहभागिता को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। इस अवसर पर शतायु मतदाता रामप्यारी के साथ उनके पोते अमित मिश्रा, 98 वर्षीय मतदाता सरजु देवी के साथ उनकी बेटी चिड़िया देवी एवं दोहिते श्रवण राम उपस्थित रहे। वहीं 97 वर्षीय मतदाता चांदमल सोनी के साथ उनके पुत्र गोपाल सोनी, पुत्रवधुएं सुमनलता, कंचन एवं पुष्पा तथा पोते हिमांशु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गली में खड़ी बाइक हटाने के लिए हॉर्न बजाया तो पिता-पुत्री से मारपीट, लकड़ी से किया हमला

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र के पुरानी गिन्नाणी स्थित धावड़ियों के मोहल्ले में गली में खड़ी बाइक हटाने के लिए हॉर्न बजाना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। इस दौरान कुछ युवकों ने घर से बाहर आकर पिता के साथ मारपीट की और उसकी पुत्री को धमकाया। पुलिस को दी लिखित रिपोर्ट में राधाकिशन तंवर पुत्र कानाराम ने बताया कि बुधवार रात वह अपनी पुत्री हितेशी तंवर के साथ पत्नी को लेने घर से निकला था। गली में बाइक खड़ी होने पर उन्होंने हॉर्न बजाया, लेकिन बाइक नहीं हटाई गई। आरोप है कि इसके बाद लक्ष्मीनारायण, किशनलाल, रोहित, राहुल और धुरव बाहर आए तथा गाली-गलौज करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। आरोपियों ने उन्हें कार से बाहर निकालकर मारपीट की और सिर पर लकड़ी से वार किया, जिससे खून बहने लगा। पुत्री के चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। परिवादी ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### हाइवे पर बस और ट्रक ट्रेलर की आमने-सामने भिड़ंत, 18 सवारियां सुरक्षित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पिछली 1 अक्टूबर की देर रात 12 बजे बाद गुसाईंसर से सेरूणा की ओर नापासर थाना क्षेत्र में हाइवे पर बस और ट्रक ट्रेलर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। बस बीकानेर की ओर जा रही थी, जबकि ट्रक श्रीडूंगरगढ़ की तरफ आ रहा था। हादसे के समय बस में चालक-कंडक्टर सहित कुल 18 लोग सवार थे। सूचना पर नापासर थाने से हेड कांस्टेबल लिखमदास स्वामी पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हादसे में बस की सभी 18 सवारियां और ट्रक चालक सुरक्षित रहे, किसी को चोट नहीं आई। टक्कर से बस का कंडक्टर साइड का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया तथा शीशा टूट गया। सभी सवारियों को सुरक्षित बीकानेर पहुंचाया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। टोल की एंबुलेंस व मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंची।

#### सिटी कोतवाली में वकील से मारपीट का आरोप

### कान का पर्दा फटने का दावा - बार काउंसिल ने एसपी को लिखा करें कार्रवाई

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** सिटी कोतवाली थाने में एक अधिवक्ता के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता द्वारका प्रसाद चावला की शिकायत पर बार काउंसिल ऑफ राजस्थान ने बीकानेर एसपी से जांच और कार्रवाई की मांग की है। **क्या है आरोप ?** अधिवक्ता चावला के अनुसार, 27 सितंबर की सुबह वे अपने भाई के साथ कोतवाली गए थे। वहां ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और एचएम कार्यालय में ले जाकर मारपीट की। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने थप्पड़, घूंसे मारे और बाल खींचे। थप्पड़ इतना तेज था कि बाएं कान का पर्दा फट गया और सुनना बंद हो गया। थाने में मेडिकल नहीं होने पर उन्होंने पीबीएम अस्पताल के ईएनटी विभाग में जांच करवाई, जहां पर्दा फटने की पुष्टि हुई। **बार काउंसिल की एंट्री** मामले को बार काउंसिल सदस्य कुलदीप कुमार शर्मा ने उठाया। इसके बाद बार काउंसिल के कार्यकारी सचिव विकास ढाका ने 30 सितंबर को बीकानेर एसपी को पत्र भेजकर व्यक्तिगत जांच और दोषी पुलिसकर्मियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता ने सबूत के तौर पर थाने के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने की भी मांग की है।

### किसान केसरी स्व. रामेश्वर डूडी की कल प्रथम पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस की होगी विशाल आमसभा

#### डोटासरा व जूली होंगें शामिल

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं देहात के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी देहात कार्यालय, सूरज टॉकीज रोड, रानी बाजार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कल 3 अक्टूबर 2026, कल शनिवार को किसान केसरी स्व. रामेश्वर डूडी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पंचायतीराज चुनाव 2026 से पहले कांग्रेस की बड़ी आमसभा आयोजित होगी जिसकी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीकानेर आगमन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डोटासरा एवं जूली के बीकानेर दौरे को लेकर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, कार्यकर्ताओं की सहभागिता तथा विभिन्न जिम्मेदारियों के निर्वहन पर चर्चा हुई। जिला, ब्लॉक एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न अग्रिम संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विचार किया गया। पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रम के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा सौंपे गए दायित्वों को निर्धारित समय पर पूरा करने की बात कही। इस दौरान तैयारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सुझाव लिए गए तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारियां तय की गईं। डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीकानेर आगमन को लेकर जिला कांग्रेस की ओर से आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

### बीकानेर पहुंचा जवान मुरली मनोहर सिंह का पार्थिव शरीर

#### सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार की उठी मांग



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** अहमदाबाद-बड़ौदा मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सेना के जवान मुरली मनोहर सिंह राजपूत का पार्थिव शरीर गुरुवार को बीकानेर पहुंचा। पार्थिव देह के शहर पहुंचते ही मेजर पूर्ण सिंह सर्किल पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आमजन ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन रहा और हर किसी की आंखें नम नजर आई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नोखा विधायक सुशीला डूडी, पूर्व विधायक गिरधारीलाल महिया, सीताराम सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जवान को अंतिम नमन किया। सभी ने एक स्वर में मांग की कि मुरली मनोहर सिंह का अंतिम संस्कार सेना की परंपराओं और पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया जाए। नोखा विधायक सुशीला डूडी ने कहा कि मुरली मनोहर सिंह देश का लाल था, जो राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपनी सेवाएं दे रहा था। उन्होंने कहा कि ऐसे जवान को अंतिम विदाई भी पूरे सैन्य सम्मान के साथ मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से इस दिशा में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। पूर्व विधायक गिरधारीलाल महिया ने हादसे को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि यह केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सैन्य प्रशासन से आग्रह किया कि जवान का अंतिम संस्कार पूरे मान-सम्मान के साथ किया जाए। महिया ने कहा कि मुरली मनोहर सिंह अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

# प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त सचिव, श्रम विभाग, भारत सरकार आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने त्वरित प्रगति के दिए निर्देश

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक गुरुवार को आत्मा सभागार, कृषि भवन में प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त सचिव, श्रम विभाग, भारत सरकार आशुतोष ए.टी. पेडणेकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सहायक निदेशक, उद्यान विभाग मुकेश गहलोत ने बताया कि विगत वर्ष बीकानेर जिले का चयन प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत किया गया है। कम फसल उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता एवं कम ऋण उपलब्धता के आधार पर देश में चयनित 100 जिलों में बीकानेर को भी शामिल किया गया है। बैठक में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत 11 विभागों की 36 योजनाओं की समीक्षा की गई। योजनाओं की प्रगति 73 आउटपुट इंडिकेटर एवं 46 आउटकम इंडिकेटर के आधार पर परखी गई।

प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त सचिव, श्रम विभाग, भारत सरकार आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने माहवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए उनके अनुरूप त्वरित गति से कार्य करने को कहा। इस दौरान प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से संबंधित कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, डेयरी, ग्रामीण विकास एवं लीड बैंक सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त सचिव, श्रम विभाग, भारत सरकार आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत कृषि समृद्धि एवं विकास में सहायक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से संबंधित विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया।



उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र एवं राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न संस्थानों के प्रभारी अधिकारियों से कृषि एवं कृषक कल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त सचिव आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने संस्थानों को निर्देश दिए कि किसान की समृद्धि, खुशहाली एवं विकास को ध्यान में रखते हुए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि संस्थानों द्वारा किए जा रहे अनुसंधान के परिणाम कृषि विस्तार के माध्यम से धरातल पर दिखाई देने चाहिए। भ्रमण के दौरान सहायक निदेशक, उद्यान विभाग मुकेश गहलोत, सहायक निदेशक, कृषि विभाग सुरेंद्र मारू, अधीक्षण अभियंता देवराज हटीला, कृषि अधिकारी, उद्यान विभाग रमेश भाम्भू सहित संबंधित संस्थानों के प्रभारी अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व0 डॉ दिगम्बर सिंह की जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय डॉ दिगम्बर सिंह की जयंती के अवसर पर डीग.कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह द्वारा श्री दिगम्बर नर्सिंग कॉलेज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं समर्थकों एवं बड़ी संख्या में आमजन ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लोगों ने उनके साथ बिताए अपने संस्मरणों को साझा करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि मेरे पिता डॉ दिगम्बर सिंह के लिए राजनीति केवल पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि समाज और क्षेत्र की सेवा का संकल्प थी। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में भरतपुर और पूर्वी राजस्थान के विकास को प्राथमिकता दी। आज उनकी जयंती पर हम उन्हें केवल एक पिता के रूप में नहीं बल्कि उस जनसेवक के रूप में याद कर रहे हैं जिसने अपने कार्यों से आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास की मजबूत नींव रखी।

डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि डॉ दिगम्बर सिंह की विकास सोच का प्रभाव आज भी भरतपुर और आसपास के क्षेत्रों में दिखाई देता है। उनके कार्यकाल से जुड़े प्रमुख कार्यों में चौरासी कोस ब्रज परिक्रमा मार्ग के निर्माण को आगे बढ़ाना, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना निर्माण भरतपुर को संभाग का दर्जा दिलाने की पहल तथा ब्रज क्षेत्र में उ%च शिक्षा के विस्तार के लिए महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय की स्थापना, बंद पड़ी सिमको फैक्ट्री को पुन: शुरू कराने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जैसे कार्य प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में डॉ दिगम्बर सिंह के कार्यों में राजस्थान में 108 नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत को विशेष रूप से याद किया जाता है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी जिला प्रभारी नरेश बंसल सह प्रभारी चेतन चौधरी महापौर अनुराधा सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा डीग जिलाध्यक्ष सतीश बंसल पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली रंजीता कोली पूर्व विधायक ब%चू बंशीवाल जिला पदाधिकारी पूर्व प्रदेश सचिव गिरधारी तिवारी सत्येन्द्र गोयल भानुप्रताप राजावत पूर्व महापौर सुमन कोली शिवसिंह भोंट जनप्रतिनिधियों एवं डीग भरतपुर जिले सहित राजस्थान के कोने कोने से आए हुए लोगों ने डॉ दिगम्बर सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया।




## वांछित अपराधियों पर शिकंजा, 413 गिरफ्तार; यातायात नियम तोड़ने वालों पर 35,402 कार्रवाई

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला पुलिस ने अपराध नियंत्रण और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए 16 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर कुल 413 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर मामलों का निस्तारण किया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी व्यापक कार्रवाई की गई।जिला पुलिस अधीक्षक दौसा पीयूष दीक्षित आईपीएस के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा शंकर लाल मीणा व यातायात प्रभारी गोपाल शर्मा के निर्देशन में अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान पुलिस ने दबिश देकर वांछित अपराधियों की तलाश की। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में—गिरफ्तारी वारंट — 354,स्थायी वारंट — 43,धारा 299 दंड प्रक्रिया संहिता/धारा 355 बीएनएसएस — 7,इनामी अपराधी — 9 कुल — 413 कार्रवाई की पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर वारंटी एवं इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया और लंबित मामलों के निस्तारण की कार्रवाई की।यातायात नियम तोड़ने वालों पर 35,402 कार्रवाईअभियान के दौरान जिला दौसा में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने कुल 35,402 कार्रवाई की। **इनमें—बिना हेलमेट वाहन चलाने पर** — 2,348, तेज गति/खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर — 5,004,शराब पीकर वाहन चलाने पर — 49,रॉन्ग साइड वाहन चलाने पर — 218,अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर — 27,783 पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, रॉन्ग साइड वाहन नहीं चलाने तथा शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूक भी किया।जिला पुलिस दौसा ने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा समाज कल्याण सप्ताह के प्रथम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के सहयोग से 1 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे मुख्यमंत्री पुर्नवास गृह भवन के सभाकक्ष में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन राजीव शर्मा के द्वारा वृद्धजनों को सम्मान करते हुए जीवन यापन के बारे में जानकारी दी गई एवं वरिष्ठजनों के अनुभवों से युवाओं को सीख लेने की सलाह दी गई एवं माता पिता का सम्मान करना चाहिये। कर्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के द्वारा राजकीय वृद्धाश्रम में रह रहे 30 वरिष्ठजनों को तौलिया, साफा एवं श्रीराम दुपट्टा पहनाकर आंखों की पतंजलि की आई-दृष्टि ड्राप तथा पतंजलि बिस्कुट प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं वृद्धजनों को सम्बोधित करते कहा कि दैनिक दिनचर्या आयुर्वेद पद्धति से आहार विहार रखने तथा आत्मिक बुद्धि का विकास होता है परम पिता परमेश्वर सदैव याद रखने के बारे में बताया तथा विशिष्ट अतिथि ने वरिष्ठ नागरिक संस्थान के क्षेत्रीय मंत्री डॉ. सतीश पाराशर, स्काउट गाइड के कमिश्नर गिर्राज गर्ग, विधिक प्राणिकरण के एडवोकेट मंच पर आसीन रहे। उनके द्वारा माता पिता भरण पोषण एक्ट 2007 की जानकारी दी गई एवं 3 लाख से कम आय वाले परिवारों की विधिक सहायता नि:शुल्क मिलने की जानकारी दी गई।



## वार्मर मशीन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से नवजात झुलसा ,कट्टा अस्पताल में मचा हड़कंप, गंभीर हालत में जयपुर रेफर

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** बांदीकुई के बसवा रोड स्थित कट्टा अस्पताल फिर एक बार सुर्खियों में है इस बार गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब वार्मर मशीन में रखे एक नवजात के पास अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि वार्मर मशीन में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगी, जिसकी चपेट में आने से नवजात झुलस गया। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार खुंटला निवासी महिला की आज दोपहर करीब 12:45 बजे डिलीवरी हुई थी। प्रसव के बाद नवजात को अस्पताल की वार्मर मशीन में रखा गया था। इसी दौरान अचानक मशीन में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। आग की चपेट में आने से नवजात के झुलसने की सूचना सामने आई है। **गंभीर हालत में जयपुर रेफर**- घटना के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। नवजात की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे तत्काल जयपुर रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में भी चिंता और आक्रोश का माहौल बन गया। **अस्पताल प्रशासन पर उठे सवाल**- वार्मर मशीन में नवजात को रखने के दौरान आग लगने की घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और विद्युत उपकरणों के रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर वार्मर मशीन में शॉर्ट सर्किट कैसे हुआ और मशीन की जांच एवं रखरखाव की व्यवस्था कितनी पुख्ता थी, यह जांच का विषय है।घटना के बाद बांदीकुई और बसवा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति पर नजर रखी। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।नवजात के झुलसने की घटना के बाद अब परिजनों और स्थानीय लोगों की नजर इस बात पर है कि अस्पताल प्रशासन की ओर से मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय की जाती है।



**17 एवं 19 वर्ष छात्र वर्ग में प्रदेशभर से आई 87 टीमों के 1044 खिलाड़ी दिखाएंगे खेल प्रतिभा, 1 से 7 अक्टूबर तक होंगे 288 मुकाबले**

# जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने 70वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 70वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल 17 एवं 19 वर्ष के छात्र वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार को जिला कलक्टर काना राम एवं पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने प्रतियोगिता का ध्वजारोहण कर किया।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को नियमों के प्रति निष्ठा, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई गई। प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 7 अक्टूबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन के संयोजन में किया जा रहा है। जिला कलक्टर ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन, टीम भावना और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता संयोजक चन्द्रशेखर जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 वर्ष वर्ग की 44 टीमों में 528 खिलाड़ी तथा 19 वर्ष वर्ग की 43 टीमों 516 कुल 87 टीमों के 1044 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उनके साथ 109 दल प्रभारी एवं प्रशिक्षक, निदेशालय बीकानेर द्वारा नियुक्त चयन समिति के 22 निर्णायक सदस्य शामिल है। प्रतियोगिता के दौरान प्रथम दिन खेले गए मैचों में 17 वर्ष में डींग-बूंदी के मैच में बूंदी की टीम विजेता रही।

डूंगरपुर-भरतपुर में डूंगरपुर की टीम, कोटपुतली बहरोड़-करौली में कोटपुतली बहरोड़ की टीम, बांसवाड़ा-झालावाड़ में बांसवाड़ा, बांरा-बालोतरा में बांरा की टीम विजेता रही। इसी प्रकार 19 वर्ष में टोंक-डूंगरपुर में डूंगरपुर की टीम, दौसा-चुरू में दौसा की टीम, कोटपुतली बहरोड़-खेरथल तिजारा में कोटपुतली बहरोड की टीम विजेता रही। इस प्रतियोगिता में कुल 288 मैच खेले जाएंगे।

**चार स्थानों पर मुकाबले**- प्रतियोगिता के मैच पुलिस लाइन मैदान, दशहरा मैदान, फतेह पब्लिक स्कूल मैदान एवं सेंट एन्सलम्स स्कूल मैदान पर आयोजित किए जा रहे हैं।

खिलाड़ियों की सुविधा एवं प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए शारीरिक शिक्षकों की टीम द्वारा कुल पांच खेल मैदान तैयार किए गए हैं।




## एक नजर

### आज गांधी-शास्त्री जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर व देहात द्वारा श्रद्धांजलि एवं स्मरण सभा का आयोजन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर शहर एवं देहात के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 02 अक्टूबर 2026, समय प्रात: 11:00 बजे, स्थान गांधी पार्क, सर्किट हाउस के पास, बीकानेर और उसके बाद गांधी चौक, गंगाशहर, बीकानेर में श्रद्धांजलि एवं स्मरणसभा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, सद्भाव एवं देशसेवा के आदर्शों का स्मरण करते हुए, उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के राष्ट्रसेवा एवं सादगीपूर्ण जीवन को स्मरण करते हुए उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं देहात की ओर से समस्त जनप्रतिनिधियों, जिला, ब्लॉक एवं मंडल पदाधिकारियों, अग्रिम संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अनुरोध किया गया है।

### युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की जीवनलीला समाप्त

**पुलिस जांच में जुटी**

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** नापासर थाना क्षेत्र के रामसर गांव में एक 38 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ये घटना पिछली 30 सितंबर तारीख की सुबह करीब 11:30 बजे की बताई गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतक के भाई डूंगरराम पुत्र दानाराम जाट मेघवाल ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई मुनिराम पुत्र दानाराम जाट मेघवाल पेड़ पर फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। परिजनों को जानकारी मिलने पर उसकी भाभी और बच्चियों ने उसे पेड़ से नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रिपोर्ट के अनुसार मुनिराम की उम्र 38 वर्ष थी और वह रामसर गांव का निवासी था। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की तथा शव को कब्जे में लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इस संबंध में नापासर थाने में मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा घटना के कारणों को लेकर जांच की जा रही है। फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के पीछे क्या कारण रहा, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से भी घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है।

### मेयर चुनाव में क्रॉस वोटिंग पर फिर गरमाई भाजपा की सियासत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर नगर निगम के महापौर चुनाव में कथित क्रॉस वोटिंग का मामला एक बार फिर भाजपा की सियासत के केंद्र में आ गया है। चुनाव परिणाम के बाद से चर्चा में बना यह मामला अब प्रदेश और राष्टीय नेतृत्व तक पहुंच चुका है। भाजपा के महापौर पद के प्रत्याशी रहे डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत से पार्टी संगठन ने पूरी रिपोर्ट तलब की थी, जिसे उन्होंने बुधवार को जयपुर और दिल्ली स्थित प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंप दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शेखावत को जयपुर बुलाया है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा संगठन इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से देख रहा है। हालांकि डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत की ओर से फेसबुक पोस्ट से यह स्पष्ट किया गया है कि उन्होंने किसी व्यक्तिगत पार्षद के खिलाफ शिकायत नहीं की है। उनका कहना है कि पार्टी ने चुनाव की परिस्थितियों और मतदान से जुड़े तथ्यों पर रिपोर्ट मांगी थी, वही संगठन को उपलब्ध कराई गई है। इधर, इस मामले ने उस समय और अधिक तूल पकड़ लिया जब वरिष्ठ पत्रकार विवेक श्रीवास्वत, पत्रकार अरविंद चोटिया और पत्रकार लोकेंद्र सिंह किलावत की एक्स (पूर्व ट्विटर) पर की गई पोस्ट तेजी से वायरल होने लगी। इन पोस्टों को बड़ी संख्या में लोग पढ़ और री-पोस्ट कर रहे हैं, जिससे भाजपा के भीतर राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है।

### घरों को सीवर कनैक्शन से जोड़ने का कार्य प्रगति पर

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में नगर निगम द्वारा आरयूआईडीपी चतुर्थ चरण एव अमृत 2.0 अन्तर्गत सीवरेज कार्य कराया जा रहा है। जिनके अन्तर्गत वर्तमान में अग्रसेन नगर, रुंधिया नगर, प्रिन्स नगर, शास्त्री नगर आदि कॉलोनियों में हाउस सीवर कनैक्शन का कार्य प्रगतिरत् है। नगर निगम द्वारा वर्तमान में आमजन की सुविधा का दृष्टिगत रखते हुये उक्त कॉलोनियों में नि:शुल्क हाउस सीवर कनैक्शन कराये जा रहे है। इन कॉलोनियों में उक्त कार्य पूर्ण हाने के पश्चात् जिन मकान मालिकों द्वारा हाउस सीवर कनैक्शन नही लिये जायेंगे। उनसे एम.एस.डब्ल्यू नियमों के तहत् 5000 रुपये प्रतिदिन जुर्माना राशि वसूल की जावेगी एवं मकान मालिक द्वारा निर्धारित समयावधि बाद कनैक्शन आवेदन करने पर नवीन सीवर कनैक्शन शुल्क जोकि लगभग दस हजार रुपये है, वसूल किया जावेगा। उक्त कॉलोनियों में हाउस सीवर कनैक्शन सेप्टिक टैंक को बायपास करते हुये कराये जा रहे है। सेप्टिक टैंक के माध्यम से किसी भी प्रकार के सीवर कनैक्शन नही दियें जावेगें। आमजन से अपील है कि वर्तमान में नि:शुल्क सीवर कनैक्शन की सुविधा का लाभ प्राप्त कर कार्य में सहयोग प्रदान करें।

**मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित होगा आज**

### जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा रोजगार उत्सव

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार दिशानिर्देशानुसार में जिला मुख्यालय भरतपुर पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन 2 अक्टूबर को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती पर सूचना केन्द्र में कार्यक्रम आज भरतपुर 01 अक्टूबर। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा 2 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से 11:45 तक सूचना केन्द्र में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर महात्मा गाँधी के प्रिय भजन तथा रामधुन का आयोजन किया जायेगा।

### कला पर्व 'क्रेयॉन्स' का होगा आगाज

# रूस और नेपाल सहित देशभर के कलाकार होंगे शामिल

# टोंक में सजेगा अंतरराष्ट्रीय कला मंच

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** कला, संस्कृति और सृजनात्मकता के रंगों से टोंक एक बार फिर सराबोर होने जा रहा है। अंतरंग कला एवं एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी, टोंक एवं राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 20वें अंतरराष्ट्रीय कला पर्व 'क्रेयॉन्स' का आयोजन 2 से 4 अक्टूबर 2026 तक शिवम मैरिज गार्डन, टोंक में किया जाएगा। कला पर्व का उद्घाटन समारोह 2 अक्टूबर, शुक्रवार को दोपहर 4 बजे आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश-विदेश के ख्यातनाम कलाकार अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. हनुमान सिंह राजावत ने बताया कि कला पर्व में रूस एवं नेपाल सहित भारत के विभिन्न राज्यों से कलाकार टोंक पहुंचेंगे। पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, बिहार एवं हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के कलाकार अपनी विशिष्ट कलाकृतियों के माध्यम से कला के विविध रंग प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि कला पर्व का उद्देश्य कलाकारों को साझा मंच उपलब्ध कराना, विभिन्न कला विधाओं के बीच आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना तथा टोंक को कला एवं संस्कृति के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर नई पहचान दिलाना है। कार्यक्रम सचिव पुष्पेंद्र जैन ने बताया कि 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कला पर्व में चित्रकलाह्य, मूर्तिकला सहित विभिन्न कला विधाओं में कलाकार अपनी उत्कृष्ट कृतियों का प्रदर्शन करेंगे। उत्कृष्ट कला प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कला पर्व कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ देश-विदेश के कलाकारों के बीच कला, संस्कृति एवं रचनात्मक विचारों के आदान-प्रदान का अवसर भी प्रदान करेगा।

आयोजन को सफल एवं उत्कृष्ट बनाने के लिए कला पर्व समिति के सदस्य पुष्पेन्द्र जैन, शाहिद नकवी, नरेन्द्र साहू, उमेश साहू, अनिल शर्मा, जितेन्द्र रघुवंशी, पुरुषोत्तम सोनी, शैलेन्द्र शर्मा, महेश गुर्जर, महेन्द्र वर्मा, प्रदीप जोनवाल, शाइस्ता खान एवं पूनम डिग्रवाल सहित अन्य सदस्य पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। तीन दिनों तक टोंक में कला, संस्कृति और सृजन का यह अनूठा संगम देश-विदेश से आने वाले कलाकारों एवं कला प्रेमियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया गोविंद सिंह डोटासरा का जन्मदिन



**नारायणपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा का 62वां जन्मदिन नारायणपुर नगरपालिका के नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षद व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व उपसरपंच आकाश अग्रवाल, हंसराज सैनी, पार्षद दीनदयाल सैनी, पार्षद राजेश बलाई, सोनू मीणा, पार्षद यादराम यादव, देशराज यादव, रोशन सैनी, पार्षद दिनेश जाट, पूरणमल सैनी, पार्षद सुरेंद्र सांखला, मोनू शर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने कैक काटकर व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं शुभकामनाएं देकर डोटासरा के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिली है। जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नियम विरूद्ध संचालित पर निजी अस्पताल पर गिरेगी कार्रवाई की गाज

### मनोहरपुर दौसा हाईवे पर चिलपली मोड़ का है मामला

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** मनोहरपुर दौसा हाईवे पर स्थित चिलपली मोड़ पर नियम विरुद्ध संचालित संचालित निजी अस्पताल मां कृष्णा अस्पताल के खिलाफ चिकित्सा विभाग की जल्द कार्रवाई होगी। इसको लेकर ब्लाक आंधी बीसीएमएचओ डॉ मनोज कुमार मीना ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी करने के बाद भी जवाब पेश नहीं करने पर बीसीएमएचओ डॉ मनोज कुमार मीना ने सीएमएचओ डॉ रवि शेखावत को अग्रिम कार्रवाई के लिए लिखा है। जानकारी के अनुसार चिलपली मोड़ पर संचालित मां कृष्णा अस्पताल के खिलाफ अपंजीकृत रूप से एलोपैथिक चिकित्सा की शिकायत की गई थी। जिसके बाद बीसीएमएचओ आंधी डॉ मनोज मीना द्वारा चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान बिना अनुज्ञा पत्र के एलोपैथिक चिकित्सा करने की पुष्टी हो गई। जिस पर बीसीएमएचओ ने अस्पताल संचालक को 18 सितम्बर को नोटिस जारी कर तीन दिन में




प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। मामले में अस्पताल संचालक द्वारा सात दिन बाद तक कोई प्रमाण पत्र पेश नहीं करने पर अब बीसीएमओ ने सीएमएचओ जयपुर को कार्रवाई के लिए लिखा है। **झोलाछाप व अन्य के खिलाफ कार्रवाई कब** जानकारी के अनुसार जमवारामगढ़ व आंधी ब्लॉक के आंधी, ताला, रायसर, आंधी, गठवाड़ी, भानपुर कलां, चिलपली मोड़, बिलोद, नायला, भावनी, सामरेड कलां, जयचंदपुरा, नीमला, बूज, नकचीघाटी, धूलारावजी, चावंडिया, धामस्या एवं थोलाई सहित गांव-कस्बों में अवैध तरीके से झोलाछाप चिकित्सा कार्य किया जा रहा है। वहीं बिना वैध प्रमाण पत्र के लेबोरेट्री जांच केन्द्र खुले हुए है। जिन पर बिना प्रशिक्षित कर्मचारी कार्य कर रहे है। जिससे आमजन को जांच ओर दवा के नाम पर लूटते रहते हैं द्य ग्रामीणों ने ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं अवैध तरीके से संचालित लेबोरेट्री जांच केन्द्र को सीज करने की मांग की है। **इनका कहना है** खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार मीना ने बताया की चिलपली मोड़ पर संचालित मां कृष्णा अस्पताल के खिलाफ बिना स्वीकृति आदेश के एलोपैथिक चिकित्सा की शिकायत मिली थी। मौका निरीक्षण के दौरान भी कोई वैध प्रमाण पत्र नहीं मिले। ऐसे में सीएमएचओ को अग्रिम कार्रवाई के लिए लिखा है। अन्य के खिलाफ जल्द अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। झोलाछाप डॉक्टर ओर अवैध लेबोरेट्री द्वारा आमजन को भ्रमित कर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करते हैं और साथ ही आमजन को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और सरकार द्वारा आमजन को नि:शुल्क दवाइयाँ एवं जांच उपलब्ध करवाई जा रही है

### मुख्यमंत्री की फतेहपुर सभा पर सांसद अमराराम का सवाल,

# शेखावाटी को भाषण नहीं, पेयजल और सिंचाई के लिए चाहिए ठोस काम

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य एवं सांसद कामरेड अमराराम ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की फतेहपुर में आयोजित आमसभा में शेखावाटी की पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं को लेकर दिए गए बयानों पर सवाल उठाए हैं। कामरेड अमराराम ने कहा कि सीकर-झुंझुनूं की पेयजल की जल जीवन मिशन करीब 8 हजार करोड़ रुपये की परियोजना है और वर्ष 2021 से प्रस्तावित है। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा अपने हिस्से की राशि की व्यवस्था नहीं किए जाने से योजना को अपेक्षित गति नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछले तीन वर्षों से शेखावाटी में पेयजल उपलब्ध कराने के दावे और भाषण कर रही है, लेकिन जनता को धरातल पर काम चाहिए उन्होंने कहा कि पोंग बांध से राजस्थान के हिस्से के 6 एमएएफ पानी का मुद्दा भी लंबे समय से लंबित है। मुख्यमंत्री डबल इंजन सरकार की बात करते हैं तो उन्हें राजस्थान के हिस्से का पानी दिलाने के लिए प्रभावी पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि राजस्थान को उसका पानी मिल जाता है तो यह प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। कामरेड अमराराम ने कहा कि मुख्यमंत्री शेखावाटी की भूमि को यमुना का पानी मिलने और इससे जमीन के सोना उगलने की बात कर रहे हैं, लेकिन सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि यमुना के पानी से शेखावाटी की कितनी भूमि सिंचित होगी और योजना को पूरा करने की समय सीमा क्या है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अलग-अलग समय पर भाजपा की सरकारें रही हैं। इसलिए शेखावाटी की पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं को लंबे समय से अमलीजामा नहीं पहनाए जाने की जिम्मेदारी से भाजपा भी बच नहीं सकती। सांसद अमराराम ने बाजरा खरीद का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री से पूछा कि राजस्थान देश में बाजरे का प्रमुख उत्पादक राज्य है, ऐसे में शेखावाटी के किसानों से बाजरे की समर्थन मूल्य पर खरीद कब शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को केवल समर्थन मूल्य की घोषणा नहीं, बल्कि वास्तविक खरीद की व्यवस्था चाहिए। कामरेड अमराराम ने कहा कि सरकार चुनावी भाषणों से बाहर निकले और शेखावाटी की पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए राज्यांश की राशि जल्द उपलब्ध कराए। उन्होंने मुख्यमंत्री से योजनाओं की स्पष्ट समयसीमा तय करने और शेखावाटी की जनता तथा किसानों को ठोस राहत देने की मांग की।

### टी-1 डायबिटीज से ग्रसित बच्चों एवं परिजनों से किया संवाद

## - 'मधुरंग' कार्यक्रम में बच्चों को उपचार, खान-पान एवं दैनिक जीवन प्रबंधन की दी जानकारी



**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा विलियम जे. क्लिंटन फाउंडेशन (डब्ल्यूजेसीएफ) के सहयोग से हनुमानगढ़ स्थित होटल सरोवर पोर्टिको में 'मधुरंग: हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग ऑन टी-1 डायबिटीज मैनेजमेंट' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टाइप-1 डायबिटीज से प्रभावित लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में डब्ल्यूजेसीएफके प्रतिनिधियों ने टाइप-1 डायबिटीज से ग्रसित बच्चों एवं उनके परिजनों से संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से उनके उपचार, पढ़ाई, खान-पान एवं दैनिक दिनचर्या के बारे में बातचीत की गई तथा उन्हें उत्साहवर्धित किया गया। बच्चों एवं अभिभावकों को टाइप-1 डायबिटीज के बेहतर प्रबंधन, इंसुलिन, ब्लड शुगर की नियमित जांच, संतुलित खान-पान, स्वस्थ जीवनशैली एवं आवश्यक देखभाल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मिशन मधुहारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत टाइप-1 डायबिटीज की देखभाल के लिए संचालित समर्पित राज्यव्यापी कार्यक्रम है। 'मधुरंग' पहल का उद्देश्य टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों, युवाओं एवं उनके परिवारों को एक मंच पर लाना है, ताकि वे एक-दूसरे से पीयर सपोर्ट (सहकर्मी सहायता) प्राप्त कर सकें, अपने अनुभव साझा कर सकें तथा बीमारी से जुड़े भावनात्मक एवं सामाजिक तनाव को कम करने में एक-दूसरे का सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि टाइप-1 डायबिटीज में निरंतर देखभाल, सही जानकारी एवं परिवार का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य उपचार के साथ-साथ बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सशक्त बनाना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ इस स्थिति का प्रबंधन कर सकें और सामान्य दिनचर्या को बेहतर तरीके से जारी रख सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत मणि ने बताया कि वे पिछले 28 वर्षों से स्वयं टाइप-1 डायबिटीज के साथ एक सक्रिय और सफल जीवन जी रहे हैं।

### बयाना के राजकीय पीजी कॉलेज में छात्रों ने चलाया,स्वच्छता ही सेवा, अभियान, परिसर को किया साफ सुथरा

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना के राजकीय पीजी कॉलेज में गुरुवार को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत सफाई और श्रमदान कार्यक्रम हुआ। इसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं और राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने उत्साह से हिस्सा लिया। अभियान के दौरान छात्रों और स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर के अलग-अलग हिस्सों में सफाई की। उन्होंने परिसर में फैले कचरे को हटाकर आसपास की जगहों को साफ-सुथरा किया। कॉलेज परिसर में जगह-जगह उगी खरपतवार और झाड़ियों को साफ किया। एनएसएस प्रभारी प्रो. रमेश बाई मीना और प्रो. नितिन कुमार मीना ने स्वयंसेवकों को गाइड किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक दिन तक सीमित न रहे, इसे रोजमर्रा की आदत बनाना जरूरी है।

## तीन महीने बाद खुले रणथंभौर के द्वार, पहले ही दिन बाघ-बाघिनों के दीदार से खिले पर्यटकों के चेहरे

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर टाइगर रिजर्व में तीन महीने के अंतराल के बाद बुधवार को नए पर्यटन सत्र का भव्य आगाज हुआ। सुबह पर्यटन सत्र की शुरुआत के साथ ही पर्यटकों को जंगल भ्रमण के दौरान बाघ-बाघिनों के दीदार भी हुए। लंबे इंतजार के बाद जंगल में वन्यजीवों को करीब से देखने का मौका मिलने से देशी और विदेशी पर्यटक खासे उत्साहित नजर आए पर्यटन सत्र के शुभारंभ को लेकर रणथंभौर के गणेश धाम स्थित मुख्य प्रवेश द्वार पर उत्सव जैसा माहौल रहा। वन विभाग की ओर से देशी-विदेशी पर्यटकों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य द्वार पर आकर्षक रंगोली सजाई गई, वहीं लोक कलाकारों ने राजस्थानी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को खुशनुमा बना दिया। गाजे-बाजे और लोक संगीत के बीच पर्यटक वाहनों को जंगल सफारी के लिए रवाना किया गया। शुभारंभ समारोह के दौरान जिला कलेक्टर कानाराम, मुख्य वन संरक्षक शारदा प्रताप सिंह, उपवन संरक्षक मानस सिंह और उपवन संरक्षक पर्यटन



संजीव शर्मा ने पर्यटक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारियों ने पर्यटकों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया और उन्हें रणथंभौर भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दीं। **पहली ही पारी में बाघ-बाघिनों के दीदार** नए पर्यटन सत्र के पहले ही दिन रणथंभौर पहुंचे पर्यटकों के लिए जंगल सफारी यादगार बन गई। सुबह की पहली पारी में जंगल भ्रमण पर गए पर्यटकों को बाघ और बाघिनों के दीदार हुए। लंबे समय बाद खुले रणथंभौर के जंगल में टाइगर साइटिंग होने से पर्यटकों में खासा उत्साह देखने को मिला। बाघों को करीब से देखकर देशी और विदेशी पर्यटक रोमांचित नजर आए और उन्होंने इस खास पल को कैमरों में भी कैद किया। पहले दिन बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक रणथंभौर की प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगल और वन्यजीवों को करीब से देखने पहुंचे। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी पहली पारी में जंगल सफारी के लिए पहुंचे। जंगल की हरियाली, प्राकृतिक वातावरण और वन्यजीवों की मौजूदगी ने पर्यटकों के उत्साह को और बढ़ा दिया। मुख्य वन संरक्षक शारदा प्रताप सिंह और जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि नए पर्यटन सत्र को लेकर पर्यटकों में खासा उत्साह और रुझान देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के दौरान पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही वन क्षेत्र में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुए पर्यटन संचालन पर विशेष जोर दिया जाएगा। गणेश धाम मुख्य द्वार पर हुए भव्य स्वागत समारोह और पहले ही दिन बाघ-बाघिनों के दीदार के साथ रणथंभौर के नए पर्यटन सत्र की शानदार शुरुआत हुई। शुरुआत में ही बड़ी संख्या में पर्यटकों की मौजूदगी और वन्यजीवों के दीदार ने इस पर्यटन सत्र को लेकर उत्साह का माहौल बना दिया।

# एक नजर

### नवलगढ़ रोड की जलभराव व गंदगी समस्या का दिया ज्ञापन : स्थायी समाधान की मांग

**सीकर( हुक्मनामा समाचार )।** नवलगढ़ रोड क्षेत्र में जल निकासी एवं गंदगी की समस्या को लेकर नवलगढ़ रोड जल निकासी संघर्ष समिति की ओर से बुधवार को नगर परिषद आयुक्त सुरेन्द्र यादव को ज्ञापन सौंपा गया। समिति ने क्षेत्र में लंबे समय से बनी विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। समिति की ओर से जानकारी देते हुए महेंद्र काजला एवं दीपक चौधरी ने बताया कि हाल ही में हुई बारिश के बाद क्षेत्र में जमा कीचड़ एवं गंदगी की सफाई करवाने, पुलिया के नीचे बनी सर्विस रोड को दोनों ओर से समान करने तथा सीवरेज को जल्द डलवाने सहित कई मांगों को लेकर नगर परिषद प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है। समिति के वरिष्ठ सदस्य बीरबल बड़जाति ने नवलगढ़ रोड पर करीब तीन दशक से चली आ रही समस्याओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए इनके स्थायी समाधान की मांग रखी। उन्होंने कहा कि जलभराव, कीचड़ और गंदगी के कारण स्थानीय लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस दौरान समिति के सदस्य सुभाष कुमावत, अनूप सुण्डा, मोहन बाजोर, उमेश शर्मा, मनोज कुमावत, अभिषेक चौधरी, पंकज भूकर, सुरेन्द्र खाखल, अनुराग कुमावत, सुरेश कुमार सहित अन्य लोगों ने भी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी और नगर परिषद प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की समिति का कहना है कि नवलगढ़ रोड क्षेत्र में जलभराव एवं जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होने से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिल सकती है।

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा शतायु मतदाताओं का किया गया सम्मान एवं लोकतंत्र के प्रति समर्पण को सराहा



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला निर्वाचन कार्यालय चूरू द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी स्व. कुशल सिंह राठौड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारिया, चूरू में शतायु मतदाताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम अर्पिता सोनी ने शतायु मतदाता रामप्यारी पत्नी रतुराम का माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग मतदाता लोकतंत्र की अमूल्य धरोहर हैं जिन्होंने अपने जीवन में लोकतांत्रिक व्यवस्था को विकसित होते देखा है। उन्होंने शतायु मतदाताओं के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार निर्वाचन चुन्नीलाल चौहान, भू अभिलेख निरीक्षक भवानी सिंह, रायसिंह, ओमप्रकाश कस्वां, रजनीश सारण, श्रवण कुमार गुर्जर, विद्यालय स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अपना घर सेवा समिति वैर ने किया वृद्ध जनों का सम्मान

**वैर (हुक्मनामा समाचार)।** अपना घर सेवा समिति शाखा -वैर के द्वारा भैरव बाबा मंदिर में दोपहर बाद 2:00 बजे से 3:00 तक वृद्ध जन सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूरनचंद धाकड़ नगर पालिका वैर अध्यक्ष के प्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य एवं भूपेंद्र गर्ग उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति मे आयोजित हुआ। तहसीलदार रामस्वरूप मीणा के द्वारा 18 वृद्धजनो को शाल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वृद्धजनो , अतिथिगणों एवं समिति सदस्यों को अल्पाहार की व्यवस्था की गई उक्त कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे घमंडी लाल मीणा संरक्षक, इंद्र मोहन श्रोतिय संरक्षक , पुरुषोत्तम शर्मा अध्यक्ष , सूरजमल सचिव , यादराम सेन कोषाध्यक्ष , महेंद्र सिंह डागुर ,पदम चंद्र प्रजापत , रामेश्वर धाकड़, नरेश , प्रियांशु धाकड़ , महेश गोयल, इंद्र मोहन , श्याम गुप्ता, मुकुट बिहारी नगायच आदि उपस्थित रहे

### मुख्य मार्ग, बाजार और नाले-नालियों पर कब्जे हटेंगे

### 5 अक्टूबर से खैरथल में अतिक्रमण पर चलेगा परिषद का डंडा

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** नगर परिषद बोर्ड गठन के बाद पहली बार शहर में बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू होने जा रहा है। नगर परिषद प्रशासन 5 अक्टूबर से लगातार कार्रवाई करते हुए मुख्य मार्गो, बाजारों और नाले-नालियों पर किए गए स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटाएगा। अभियान के तहत सड़कों पर सामान रखकर किए गए कब्जों के साथ फुटपाथ और नालियों पर किए गए अतिक्रमण भी हटाए जाएंगे। नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा ने बताया कि दुकानदारों, ठेली संचालकों और फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को अभियान शुरू होने से पहले स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए आगाह किया गया है। इसके बाद परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में होने वाले खर्च की जिम्मेदारी संबंधित अतिक्रमी की होगी। **नालियों में कचरा डाला तो जुर्माना** अतिक्रमण के साथ नगर परिषद ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी सख्ती की तैयारी की है। ठेली, दुकानों, फास्टफूड व जूस सहित अन्य व्यवसाय संचालकों को प्रतिष्ठान से निकलने वाला कचरा परिषद के ऑटो टिपर में डालना होगा। सार्वजनिक स्थानों, नालों और नालियों में कचरा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी वसूला जाएगा। आयुक्त ने आमजन और व्यापारियों से अभियान से पहले अतिक्रमण हटाने तथा शहर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। नियमों की अवहेलना पर कार्रवाई होगी।

### बयाना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष का मनाया जन्मदिन, केक काटकर पौधारोपण किया,

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना के सूपा मार्केट स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जन्मदिन मनाया गया। जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर डोटासरा के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। जन्मदिन कार्यक्रम के साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज पटेल के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, पीसीसी सचिव रवि किराड़, महिला कांग्रेस महासचिव रेनू राजोरा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष असलम सालाबाद, जिला महासचिव असलम खान बयाना और दानसिंह जाटव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।